सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 21 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 107, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



10 कंपनियों की पूंजी 3.84 लाख करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 3,84,004 .73 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 10

प्रधानमंत्री मोदी ने ईस्टर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईस्टर पर लोगों को बधाई देते हुए रविवार को कामना की कि यह पवित्र अवसर सभी को आशा, नवीनीकरण और करुणा की प्रेरणा दे। } 10

संक्षेप

इलिनॉइस में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

ट्रिला (इलिनॉइस)। अमेरिका के इलिनॉइस राज्य में शनिवार को खेत में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। कोल्स काउंटी के कोरोनर एड श्नीयर्स ने बताया कि मृतकों में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। हालांकि, श्नीयर्स ने परिजनों को सूचित किए जाने तक मृतकों की पहचान उजागर करने से इनकार किया। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने ईमेल के जरिए जानकारी दी कि यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे ट्रिला के पास हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सेसना सी80जी विमान बिजली के तारों से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

बहराइच में पकड़े गये दो साइबर ठग

बहराइच। जिले की पुलिस ने धोखाधड़ी कर लोगों से ठगी करने वाले दो साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपियों के कब्जे से ठगी में इस्तेमाल कूटरचित दस्तावेज, उपकरण और एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक (अपराध) पहुप सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि शनिवार को पुलिस टीम ने बहराइच शहर के कोतवाली देहात क्षेत्र के शेखदहीर मोहल्ला निवासी मुशीर और अनवर नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिंह ने बताया कि कुछ लोगों की शिकायत पर बहराइच के साइबर क्राइम पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318/4 (धोखाधड़ी से संपत्ति या कीमती कागजात सौंपना), 338 (जालसाजी), 340/2 (जाली दस्तावेज़ या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड बनाने और उसे असली के रूप में इस्तेमाल करना), 336/3 (लापरवाही से जान जोखिम में डालना), व सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

फलस्तीन मुक्त पोस्टर लगने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की

संभल (उप्र)। संभल जिले के बनियाठेर थाना इलाके के नरौली कस्बे में स्थानीय दुकानों के आसपास दीवारों पर गाजा मुक्त, फलस्तीन मुक्तै लिखे पोस्टर लगने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार को बताया कि मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छह से सात लोगों की पहचान की गयी है। कथित तौर पर पोस्टरों में एक खास समुदाय से इजराइली सामान का बहिष्कार करने और उन्हें खरीदने से परहेज करने की अपील भी शामिल थी। बनियाठेर थाने के प्रभारी निरीक्षक रामवीर सिंह ने रविवार को बताया कि पोस्टरों का मामला कुछ दिन पहले प्रकाश में आया था और फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है। सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण के जरिए छह से सात लोगों की पहचान की गयी है।

सूर्य किरण टीम ने आसमान को राष्ट्रध्वज के रंगों से भरा



एजेंसी

रांची। भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम (एसकेएटी) ने रांची के नामकुम आर्मी ग्राउंड के ऊपर आसमान को केसरिया, सफेद और हरे रंगों से भरकर रविवार को एयर शो के अंतिम दिन लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, वरिष्ठ रक्षा एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

सेठ ने कहा कि लोगों ने जब आसमान में बने तिरंगे को सलामी दी तो वह बेहतरीन क्षण था। मैं सूर्य किरण के बहादुर पायलटों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ...शेष पृष्ठ 10 पर

पीएम के दौरे से पहले सीएम ने परखी तैयारियां

मुख्यमंत्री ने कानपुर में तापीय परियोजनाओं और मेट्रो रेल का किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता

कानपुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को एक दिवसीय दौरे पर कानपुर पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने आगामी 24 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानपुर दौरे की तैयारियों का निरीक्षण किया और कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल, तापीय विद्युत परियोजनाओं और मेट्रो रेल परियोजना का जायजा लिया, साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा के लिए चयनित स्थल का दौरा किया। उन्होंने



जनसभा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आम जनता के लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल, बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता के इंतजामों की गहन समीक्षा की। सीएम ...शेष पृष्ठ 10 पर

फोरलेन सड़क रोकेगी बाढ़ निपटेगी यातायात समस्या : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार जनपद गोरखपुर में हावर्ट बांध पर बन रही फोरलेन सड़क के निर्माण कार्यों का बहरामपुर रेगुलेटर नम्बर एक के समीप स्थलीय निरीक्षण किया।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फोरलेन सड़क के ड्रॉइंग मैप का अवलोकन कर प्रोजेक्ट की प्रगति की जानकारी ली और कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग (निर्माण खण्ड-2) के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद लोगो को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फोरलेन से बाढ़ बचाव के साथ ही यातायात की बड़ी समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर चारों ओर से जल से घिरा हुआ क्षेत्र है। पूर्व में रामगढ़ताल, उत्तर की तरफ चिलुआताल, पश्चिम की तरफ राप्ती नदी और पश्चिमोत्तर में रोहिन नदी गोरखपुर महानगर को घेरे हुए है। रोहिन नदी से बचाव के लिए माधोपुर तटबंध बना हुआ है। राप्ती और रोहिन नदी का संगम डोमिनगढ़ में होता है ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारत बनेगा दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

लखनऊ उत्तर क्षेत्र के प्रबुद्ध जन संवाद में बोले रक्षा मंत्री, पीओके के लोग खुद बोलेंगे कि हमें भारत में मिलाया जाये

विशेष संवाददाता



लखनऊ। रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार ने करिश्माई काम किया है। दुनिया में धारणा थी कि भारत गरीबों का देश है। अब यह धारणा बदली है। भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंची है और वित्तीय संस्थानों का दावा है कि अगले दो साल में भारत दुनिया कि टॉप श्री अर्थव्यवस्था बनेगा।

रविवार को महर्षि विश्वविद्यालय के सभागार में लखनऊ उत्तर मण्डल चार के प्रबुद्ध जनों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि 11 साल पहले भारत में केवल दो फैक्ट्रियां मोबाइल बनाती थीं आज 270 निर्माण इकाईयां काम कर रही हैं। डिजीटल लेनदेन में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। रक्षा मामलों में स्थिति यह थी कि छोटे छोटे कल पुर्जे भी बाहर से मंगाने पड़ते थे और छः सौ करोड़ का सामान निर्यात होता था तो कहा जाता था कि बड़ निर्यात हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम 24 हजार करोड़ का आयुध निर्यात कर रहे हैं और वर्ष 2029 तक यह पचास हजार करोड़ तक पहुंचायेंगे। जनसंवाद के खुले मंच पर पीओके को भारत में मिलाने की मांग उठी। कहा गया कि मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान बनाने की मांग लखनऊ से ही उठाई थी और आज वह समय आ गया है कि पीओके को भारत में मिलाया जाय। रक्षामंत्री ने कहा कि पीओके के लोग खुद बोलेंगे कि हमें भारत में मिलाया जाय और मुझे विश्वास है कि वह दिन जल्द आयेगा। उन्होंने कहा कि आज भारत की सैन्य ताकत बढ़ी है। लखनऊ में बना ब्रम्होस मिसाइल न केवल भारत में अपितु दुनिया भर में निर्यात होगा, जिसका उद्घाटन मैं 11 मई को करने जा रहा हूं। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं इस सच्चाई को स्वीकार करता हूं कि जितना संभव होना चाहिए है वह नहीं हो पाया है। आपने तीसरी बार मुझे सांसद चुना और 11 वर्षों से लगातार गृह मंत्री और रक्षा मंत्री के दायित्व निभा रहा हूं। देश के साथ साथ विदेश भी रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सारी व्यस्तताओं के बावजूद लखनऊ के लिए जो भी कर पाया हूँ वह आप सबकी शुभकामनाओं से हुआ है और उसका पूरा श्रेय आपको जाता है। संवाद कार्यक्रम में केशव नगर में सड़क निर्माण की मांग पर रक्षामंत्री ने विधायक डा. नीरज बोरा को सड़क बनवाने का निर्देश दिया। क्षेत्र में एक राजकीय डिग्री कालेज की मांग भी उठी। विधायक डा. नीरज बोरा की प्रशंसा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि वे जब भी उनसे मिलते हैं तो क्षेत्र की समस्या लेकर ही मिलते हैं। मैं इन्हें देखकर समझ जाता हूं कि समस्या आ रही है। उनका समाधान भी होता है। जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि उत्तर मण्डल चार में आने वाले फैजुल्लागंज के चार वार्डों में अधिकांश क्षेत्र कच्चा था। आज लगभग सत्तर प्रतिशत सड़कें पक्की हो गयी हैं। बांस बल्ली हटाकर पक्के खम्भे और एबीसी वायर लगे हैं। दाऊदनगर में बिजली घर बना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुला। पचास बेड का हास्पिटल निमार्णाधीन है। नौ किमी लम्बा ...शेष पृष्ठ 10 पर

गाजा में संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं : बेंजामिन नेतन्याहू

एजेंसी



दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को फिर कहा कि इजराइल के पास गाजा में लड़ाई जारी रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं है और वह हमास को समाप्त करने, बंधकों को मुक्त कराने और यह सुनिश्चित करने से पहले युद्ध समाप्त नहीं करेगा कि यह क्षेत्र इजराइल के लिए खतरा पैदा नहीं करेगा।

नेतन्याहू ने यह भी दोहराया कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सके। नेतन्याहू पर युद्ध समाप्त करने और बंधकों को रिहा कराने का दबाव न केवल बंधकों के परिवारों और उनके समर्थकों से है बल्कि सेवानिवृत्त सैनिक भी इजराइल द्वारा युद्धविराम तोड़े जाने और युद्ध जारी रखने पर सवाल उठा रहे हैं। नेतन्याहू ने एक बयान जारी करके कहा कि हमास ने युद्धविराम जारी रखने के लिए आधे बंधकों को रिहा करने संबंधी इजराइल के नवीनतम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि 48 घंटों में इजराइली हमलों में 90 से ज्यादा लोगों के मारे जाने के बाद नेतन्याहू ने यह बात कही। इजराइली सैनिक हमास पर बंधकों को रिहा करने और हथियार डालने का दबाव बनाने के लिए हमले तेज कर रहे हैं। अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, रात भर में हमले में मारे गए 15 लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में कम से कम 11 लोग मारे गए। इनमें से अधिकतर लोग मुवासी क्षेत्र में विस्तापितों के लिए तंबुओं से बनाए गए विशाल शिविर में रहते थे। अल-अवदा अस्पताल के अनुसार शनिवार शाम को मध्य गाजा के नुसेरत में नागरिकों को निशाना बना कर किए गए इजराइली ...शेष पृष्ठ 10 पर

प्रवेशोत्सव का आयोजन करेगी धामी सरकार

प्रदेशभर में नये शैक्षणिक सत्र के विद्यालयों में मनाया जायेगा प्रवेशोत्सव

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार नए शैक्षणिक सत्र के लिए सोमवार को पूरे प्रदेश में भव्यता के साथ प्रवेशोत्सव का आयोजन करेगी। राज्य के शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत प्रवेशोत्सव अभियान की कमान संभालेंगे और देहरादून जनपद के रानीपोखरी में प्रवेशोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

प्रदेश भर में नवीन शैक्षणिक संत्र 2025-26 में प्रवेश लेने वाले नव प्रवेशी छात्र.छात्राओं के लिए स्वागत के लिए प्रवेशोत्सव मनाये जायेगे। प्रवेशोत्सवों को भव्य रूप से मनाये जाने के लिए प्रदेश भर के सभी 95 ब्लाकों में 95 अधिकारियों एवं शिक्षकों की जिम्मेदारी दी गई है। सोमवार को प्रदेश शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज रानीपोखरी से प्रदेशभर में मनाये जाने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ एवं नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत करेगे। प्रदेश के शासकीय तथा अशासकीय सहायता प्राप्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट विद्यालयों में सोमवार को नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेशोत्सव मनाया जायेगा। जबकि पीटीए की बैठकों भी आयोजन किया जायेगा। विद्यालयों में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत्तोत्सव एवं छात्र अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है। जिसमें कक्षा 1 में नव प्रवेशित बच्चों व उनके अभिभावकों का विद्यालय में स्वागत किया जायेगा तथा विद्यालय के सेवित क्षेत्र में यदि अभी भी ऐसे बच्चें हों जो कक्षा 1 में प्रवेश लेने से वंचित हों तो उनका नामांकन करवाया जायेगा। प्रवेशोत्सव में सभी छात्रों व उनके अभिभावकों के साथ ही विद्यालय प्रबन्धन समितिए ग्राम शिक्षा समिति, अध्यापक अभिभावक समिति के सदस्यों व जनप्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। छात्र-अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन में ...शेष पृष्ठ 10 पर

रामबन में भारी बारिश से तीन लोगों की मौत

100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

एजेंसी



रामबन/जम्मू। जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में रविवार तड़के भारी बारिश के कारण अलग-अलग जगहों पर आई बाढ़ में तीन लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाशरी और बनिहाल के बीच करीब एक दर्जन स्थानों पर भूस्खलन और मिट्टी धंसने की घटनाएं हुईं जिनके कारण यातायात को रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि रामबन के सेरी बागना गांव में बादल फटने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में से दो की पहचान अकीब अहमद और मोहम्मद साकिब के रूप में की गई है। वे दोनों भाई थे। उन्होंने बताया कि गांव में बचाव अभियान जारी है। इन तीन लोगों की मौत होने के साथ ही जम्मू क्षेत्र में पिछले दो दिन में बारिश से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। इससे पहले, रियासी जिले के अरनास इलाके में शनिवार देर रात बिजली गिरने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई थी और एक अन्य महिला घायल हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि धर्म कुंड गांव में अचानक आई बाढ़ के कारण करीब 40 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने बताया कि 10 मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गए और शेष को आंशिक क्षति पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने और लगातार बारिश के बावजूद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने फंसे हुए 100 से अधिक ग्रामीणों को बचाया। उन्होंने बताया कि एक जलाशय के उफान पर होने के कारण कई वाहन बह गए। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश, बादल फटने, तेज हवाओं, भूस्खलन और ओलावृष्टि के कारण पूरे जिले में भारी नुकसान हुआ है। अधिकारी ने कहा कि हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं और बाद में (नुकसान का) आकलन किया जाएगा ताकि प्रभावित लोगों ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 38.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- यूपी के प्रमुख स्थलों के दीदार करेगा विदेशी प्रतिनिधिमंडल (पृष्ठ-02)
- प्रदेश में लगेंगे 8 लाख सोलर रूफटॉप संयंत्र (पृष्ठ-02)
- एफपीआई की गतिविधियों से तय होगी बाजार की दिशा (पृष्ठ-10)
- एनएसई ने 84 लाख नये डीमैट खाते जोड़े (पृष्ठ-10)
- एफपीआई ने शेयर बाजार में 8,500 करोड़ डाले (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस के साथ व्यापार, शुल्क, क्षेत्रीय सुरक्षा और समग्र द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के मद्दों पर आज करेंगे बातचीत

अक्षरधाम मंदिर जायेंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस के साथ व्यापार, शुल्क, क्षेत्रीय सुरक्षा और समग्र द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों सहित कई प्रमुख मुद्दों पर सोमवार को बातचीत करेंगे और फिर शाम को उनके एवं भारतीय मूल की उनकी पत्नी उषा के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति, उनकी पत्नी उषा और उनके तीन बच्चे - इवान, विवेक और मीराबेल - चार दिवसीय भारत यात्रा के तहत सोमवार पूर्वाह्न 10 बजे पालम एयरबेस पर उतरेंगे। वेंस ऐसे समय में भारत की अपनी पहली यात्रा करेंगे जब कुछ सप्ताह पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित लगभग 60 देशों के खिलाफ व्यापक शुल्क व्यवस्था लागू करने के बाद उसे स्थगित कर दिया था। भारत और अमेरिका अब द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसमें शुल्क और बाजार तक पहुंच सहित कई मुद्दों को शामिल किए जाने की संभावना है। वेंस के यात्रा कार्यक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पहुंचने के कुछ घंटों बाद वेंस और उनका परिवार स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर जाएगा तथा वे पारंपरिक भारतीय हस्तनिर्मित सामान बेचने वाले एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी जा सकते हैं। वेंस के भारत आगमन पर केंद्र का कोई वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री पालम एयरबेस पर उनका स्वागत करेगा। वेंस अपने परिवार के साथ दिल्ली के अलावा जयपुर और आगरा की भी यात्रा करेंगे। इस मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी रक्षा मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय के अधिकारियों सहित कम से कम पांच वरिष्ठ अधिकारियों के वेंस के साथ भारत आने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को शाम साढ़े छह बजे अपने 7 लोक कल्याण मार्ग निवास पर वेंस और उनके परिवार का स्वागत करेंगे जिसके बाद आधिकारिक वार्ता होगी। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार संधि ...शेष पृष्ठ 10 पर

अवैध संबंधों के शक में पत्नी और दो बेटियों पर फेंका तेजाब

जिलासंवाददाता

शाहजहांपुर। जिले के निगोही थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अवैध संबंधों के शक में अपनी पत्नी व दो बेटियों पर कथित रूप से तेजाब डाल दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी है।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) देवेंद्र कुमार ने बताया कि टिकरी गांव में रहने वाली रामगुनी (39) अपनी दो बेटियों व एक बेटे के साथ टिकरी गांव में किराए के मकान में रहती है जबकि उसका पति हरदोई के शाहाबाद में रहता है। शुक्रवार रात में जब पत्नी अपनी बेटियों के साथ घर में सो रही थी, तब उसका पति दीवार फांद कर घर में आ गया और सो रही पत्नी तथा बेटियों पर तेजाब डाल दिया। उन्होंने पुलिस द्वारा पीड़िता के बेटे आशु से पूछताछ के हवाले से बताया कि रामगुनी का पति शराब पीने का आदी है और उसने शराब के चलते शाहाबाद क्षेत्र में अपनी खेती भी बेच दी थी। इसके बाद पत्नी अपने बच्चों को लेकर यहां टिकरी गांव में रहने लगी परंतु पति यहां भी आ जाता था उसे शक था कि उसकी पत्नी के लोगों से अवैध संबंध है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हादसे में रामगुनी (39) तथा उसकी बेटियां नेहा (16) व रचिता (23) तेजाब डाले जाने से गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिन्हें सूचना मिलते ही पुलिस ने राजकीय मेडिकल ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

आपदा प्रभावित क्षेत्रों में रखे राहत कार्य पर नजर : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, प्रभावित जिले के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी प्रभावित इलाकों में जाएं तथा राहत कार्य पर नजर रखें। राज्य में पिछले कई दिनों में आंधी और बारिश हुई है। योगी ने कहा कि बिजली गिरने, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि दी जाए साथ ही घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अधिकारी फसल नुकसान का आकलन करते हुए रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में कार्वाई की जा सके।

मोबाइल ऐप से मृदा परीक्षण करायें किसान

लखनऊ। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत लखनऊ मण्डल में चयनित ग्राम पंचायतों में खरीफ 2025 हेतु भारत सरकार स्तर से विकसित कराये गये मोबाइल ऐप के माध्यम से मृदा नमूना एकत्रीकरण के निमित्त कृषि निदेशालय, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों के सभी विकासखण्डों में चयनित 16520 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान तिथियाँ 21, 25, 29 अप्रैल 2025 व 05 मई 2025 निर्धारित की गईं हैं, जिनमें योजनान्तर्गत खरीफ 2025 हेतु लक्षित 70 प्रतिशत ग्राम पंचायतों से रेण्डम आधार पर 100 मृदा नमूना प्रति ग्राम पंचायत से संग्रहण व उनका विश्लेषण कराकर संबंधित कृषकों को निःशुल्क मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। सहायक निदेशक मृदा परीक्षण व कल्चर, डा.मनमोहन लाल ने मण्डल में चयनित ग्राम पंचायतों के कृषकों से अनुरोध किया है कि उनके ग्राम में निःशुल्क मृदा नमूना एकत्रीकरण व मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण हेतु योजित किये गये कृषि विभाग के कार्मिकों की उपस्थिति में होगा।

तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का शुभारम्भ आज

लखनऊ। प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक लखनऊ के होटल सेंटरम, अंसल, सुशांत गोल्फ सिटी में किया जा रहा है। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से जुड़े विभिन्न स्तरों पर कार्यरत अधिकारियों और कर्मियों को प्रशिक्षण की नवीन अवधारणाओं से अवगत कराया जाएगा ताकि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक दक्षता प्राप्त कर सकें। इस कार्यशाला का शुभारंभ आज 21 अप्रैल को प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में तथा प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम की अध्यक्षता में किया जाएगा।

लखनऊ के सभी प्रमुख पार्कों में बनेंगे ओपन जिम : राजनाथ सिंह

लखनऊ के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में पांच कम्युनिटी सेंटर, 5 लाइब्रेरी एवं ओल्ड एज केयर सेंटर का निर्माण मेरी प्राथमिकता: रक्षामंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वी विधानसभा में रविवार शाम 4 बजे इंदिरानगर सेक्टर-सी स्थित इरम स्कूल में वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रक्षामंत्री ने उपस्थित वरिष्ठ कार्यकताओं और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का हालचाल पूछा, उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव भी जाने और शीघ्र

- राजनाथ सिंह ने पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के प्रभुद्ध वर्ग और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से किया संवाद
- पूर्वी विधानसभा के मण्डल-4 में रहने वाले वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध जनों के सम्मेलन में शामिल हुए रक्षामंत्री

निराकरण करने को कहा। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब भी मैं अपने संसदीय क्षेत्र में आता हूं मेरी कोशिश होती है कि ज्यादा से ज्यादा अपने कार्यकताओं से मिल सकूं। आप लोगों ने लगातार तीसरी बार मुझे अपना सांसद चुना है। पर शायद आप लोगों को मैं उतना समय नहीं दे पता मुझे देना चाहिएं। रक्षा मंत्रालय के कार्य, कैबिनेट बैठक और सदन में व्यस्तता और अन्य राज्यों व विदेश दौरों के कारण ऐसा होता है। पर जब भी मैं दिल्ली रहता हूं तो वहां लखनऊ से पहुंचने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता से अवश्य मिलता हूं। विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल लखनऊ में बनने का कार्य पूरा हो गया है और 11 मई को मैं उद्घाटन करूंगा। पहले कोई भी हथियार, टैंक, गोला, मिसाइल हमको दूसरे देशों से आयात करना पड़ता था लेकिन आपको खुशी होगी कि आप 24000 करोड़ का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। यह हम लोगों ने तय किया था की रक्षा मंत्रालय के सभी उपकरण भारत में बनाएंगे। भारत वासियों के द्वारा बनाएंगे क्योंकि भारत में टैलेंट की कमी नहीं है। भारत पहला वाला भारत नहीं है भारत अब बदल गया है। पहले भारत की छवि कमजोर और गरीब देश की थी लेकिन अब यह अवधारणा बदल चुकी है अब जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। भारत अर्थव्यवस्था में 11वे स्थान से जंप लेकर अब पांचवें स्थान पर आ गया है और 2029 तक तीसरे स्थान पर आ जाएगा। डिजिटल ट्रांजेक्शन में 14 लाख करोड़ का लेनदेन हुआ है और यूपीआई के माध्यम से लेन देन भी कई गुना बढ़ा है। रूस और यूक्रेन लड़ाई के समय प्रधानमंत्री मोदी ने तभी रूस और यूक्रेन के प्रधानमंत्री से पत्र करके 4:30 घंटे के लिए युद्ध रोका गया और 22,500छात्र वहां से सुरक्षित वापस भारत आए। 4 किलोमीटर रिंग रोड बनाने का लाभ आवागमन में तो मिल ही रहा है प्रतिदिन लगभग 2 लाख वाहन रिंग रोड से गुजर रहे हैं। उसके आसपास के क्षेत्र में भी तेजी से विकास हुआ है। गोमती नगर रेलवे स्टेशन एशिया का सबसे खूबसूरत स्टेशन



बनकर तैयार होगा। वहां अभी काम अभी निरंतर चल रहा है। लखनऊ शहर में जमीन की कीमत अब विश्व के 10 टॉप शहरों में पहुंच रही है। 100 ओपन जिम भी और लगने जा रहे हैं सभी पांच विधानसभाओं में कम्युनिटी सेंटर और पांच लाइब्रेरी बन रही हैं। सम्मानित बुजुर्गों के लिए ओल्ड एज केयर सेंटर का भी निर्माण किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि लखनऊ में विकास के कार्य जो सोचा भी नहीं था उससे भी हजार और लाख गुना अधिक कार्य हुए हैं। लेकिन उसके बावजूद भी रक्षा मंत्री जी निरंतर यह पूछते रहते हैं और क्या काम होना है। लखनऊ में विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति देने का काम कर रहे है। अटल जी ने जो सोचा था उसको धरातल पर उतारने का काम रक्षा मंत्री कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रबुद्ध जनों से संवाद से पहले विधायक ओपी श्रीवास्तव ने रक्षा मंत्री से लखनऊ पूर्वी विधानसभा की 3 प्रमुख और गंभीर समस्याओं से अवगत कराया जिसमें नेशनल हाइवे अथॉरिटी आफ इंडिया लि. द्वारा इंदिरानगर सी-ब्लॉक स्थित कलेवा चैराहे से लेकर मुंशी पुलिया चौराहे तथा मुंशी पुलिया चैराहे से लेकर खुर्रमनगर चैराहे तक ऊपरगामी सेतु के निर्माण के दौरान जलापूर्ति व सीवर की भूमिगत पाइपलाइन ध्वस्त हो गई है। जलापूर्ति व सीवर लाइनों का प्रवाह बाधित होने के कारण इंदिरा नगर, डी-ब्लॉक, सेक्टर-15, सेक्टर-16, सेक्टर-19, सेक्टर-25 व मुंशीपुलिया चैराहा के आस-पास आवासित घनी बस्तियों में रह रही आम जनता परेशान है। अतः इस समस्या का हल कराया जाना अति आवश्यक है। विकास नगर स्थित सेक्टर-5 व सेक्टर-6 के मुख्य मार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने नगर विकास विभाग (जलनिगम) द्वारा वर्ष 2010-11 में लगभग 2 किमी की लम्बाई में भूमिगत रूप से मेन ट्रंक सीवर लाइन डालने का कार्य किया गया था। ठीक प्रकार से कनेक्शन प्रूफ ट्रीटमेंट न कराये जाने के कारण सीवर पाईप की मुख्य लाईन में अब निरंतर रिसाव हो रहा है। लगभग 2 किमी. लम्बी पी.डब्ल्यू.डी. विभाग द्वारा बनाई गई कालोनी की मुख्य सड़क कई बार धंस चुकी है। आम जनता को जहाँ आवागमन में कठिनाई हो रही है, वहीं किसी बड़ी सड़क दुर्घटना के भी घटने की संभावना निरंतर बनी रहती है। वर्तमान समय में भी यह सड़क क्षतिग्रस्त है। पूर्व में भी लोक निर्माण विभाग/नगर निगम विभाग द्वारा फौरी तौर पर कई बार सड़क की मरम्मत कराई जा चुकी है, किंतु समस्या का स्थाई निदान न होने के कारण कहीं न कहीं से यह सड़क दोबारा धंस जाती है, और सड़क में नए सिरे से गड्ढे बन जाने के कारण आवागमन बाधित हो जाता है। कृपया समस्या के स्थाई निदान हेतु सम्बन्धित विभाग को तत्काल अपेक्षित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें। पॉलीटेक्निक से अयोध्या रोड जाने के लिए सुरेन्द्र नगर से कमता पुलिस चैकी तक जाने हेतु ओवर ब्रिज बनाया जाना जनहित में अति आवश्यक है क्योंकि इस मार्ग पर दैनिक यातायात का भारी दबाव बड़ी समस्या है। इस मार्ग पर अवध बस स्टेशन है, शहीद पथ कानपुर रोड जाने के लिए शुरू होता है, साथ ही हाईकोर्ट व गोमतीनगर जाने वालों का भी मुख्य मार्ग यही रहता है। उधर, दूसरी तरफ अयोध्या रोड से पॉलीटेक्निक आने के लिए कमता ओवरब्रिज पहले से बना हुआ है जिससे इस मार्ग से आने वालों का यातायात सुगम है। इंदिरा प्रियदर्शिनी वार्ड में कुकरेल नदी के किनारे छठ पूजा के लिए पक्के घाट का निर्माण कराया जाना भी बहुत आवश्यक है। इस घाट तक पहुंचाने के लिए मार्ग को चौड़ा किया जाना भी जरूरी है।

इसके अलावा प्रबुद्ध जन संवाद में आने वाले लोगों ने भी रक्षा मंत्री के सामने अपनी समस्याओं को रखा जिसपर रक्षामंत्री ने इन समस्याओं के हल के सुझाव भी लोगों से जाने। लखनऊ के जितने भी प्रमुख पार्क हैं सभी में ओपन जिम लगाए जाएंगे। लखनऊ की पांचो विधानसभा में पांच कम्युनिटी सेंटर, 5 लाइब्रेरी, ओल्ड एज केयर सेंटर का निर्माण भी प्राथमिकता पर है। जो कम्युनिटी केयर सेंटर बनेंगे उनमें बाराती घर आई दूल्हे दुल्हन के रहने की उचित व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि 6 से 8 महीने में लखनऊ से कानपुर का सफर 40 से 45 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। वरिष्ठ नागरिक राम नगीना सिंह, श्याम सुंदर अग्निहोत्री, अजय कुमार, सिंधी समाज के हंसराज राजपालने भी एक-एक करके रक्षा मंत्री के समक्ष सुझाव प्रस्तुत किये और लखनऊ के विकास में लगातार किए जा रहे कार्यों की सरहाना की। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह मौजूद रहे। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचन्दर प्रधान, डॉ राघवेंद्र शुक्ला, इरम कॉलेज मैनेजिंग डायरेक्टर व प्रबंधक ,महानगर उपाध्यक्ष राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष सुमित खन्ना, नरेंद्र देवड़ी, रीना चौरसिया, अभिषेक राय, पार्षद मुन्ना मिश्रा सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता व प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

मार्च 2027 तक प्रदेश में लगेंगे 8 लाख सोलर रूफटॉप संयंत्र

22 हजार इंस्टॉलेशन प्रतिमाह और लगभग 300 इंस्टॉलेशन प्रति जिला प्रति माह का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने मार्च 2027 तक प्रदेश में कुल 8 लाख सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का

- उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने की मुहिम तेज
- भारत सरकार ने मार्च 2027 तक एक करोड़ इंस्टॉलेशन का रखा है लक्ष्य

लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अंतर्गत मौजूदा वित्तीय वर्ष में 2.65 लाख संयंत्रों का इंस्टॉलेशन किया जाना है, जिसमें हर माह 22 हजार और प्रत्येक जिले में औसतन 300 इंस्टॉलेशन किए जाएंगे। सरकार ने इसके लिए जनपदवार, डिस्कॉमवार, नगर निगम और नगर पालिका स्तर पर लक्ष्य निर्धारित किए हैं। योजना की निगरानी एवं समीक्षा की व्यवस्था मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से जोड़कर की जा रही है, जिससे प्रगति की रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव हो सके। उत्तर प्रदेश



में पीएम सूर्य घर योजना को घर-घर तक पहुंचाने के लिए यूपीनेडा प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इसके तहत, मार्च 2025 तक पोर्टल पर प्राप्त 10.73 लाख आवेदनों पर कॉलिंग कर वेंडर्स को सूचीबद्ध किया जा रहा है और स्थापना की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। अब तक प्रदेश में 1 लाख से अधिक सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाए जा चुके हैं। मौजूदा समय में हर माह करीब 11 हजार और प्रतिदिन 500 से अधिक इंस्टॉलेशन किए जा रहे हैं। योजना के तहत अप्रैल 2025 तक 2.5 हजार से अधिक वेंडर्स को इमपैनल्ड किया जा चुका है, जबकि लगभग 1800 वेंडर्स को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। वेंडर्स को बैंकों के माध्यम से लोन और क्रेडिट गारंटी स्कीम का लाभ भी दिया जा रहा है, ताकि उनकी आर्थिक क्षमता मजबूत हो सके। राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय संस्थान, भारत सरकार के कौशल विकास मंत्रालय और यूपीनेडा के सहयोग से वेंडर्स को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2024 में शुरू हुई इस योजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने प्राथमिकता पर रखते हुए पूरे प्रदेश में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने

- यूपी सरकार भी कर रही है केंद्र सरकार के लक्ष्य का अनुसरण
- योगी सरकार ने 2025-26 में 2.65 लाख से अधिक इंस्टॉलेशन का रखा टारगेट

का बड़ा कदम उठाया है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश देशभर में सौर ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



सीएम योगी आत्यिनाथ से उनके सरकारी आवास पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने शिष्टाचार भेंट की

सपा कभी नही हो सकती दलितों-बहुजनों की सच्ची हितैषी : मायावती

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को अपने विरोधी दलों, खासतौर से समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की तरह सपा भी अपनी नीयत एवं नीति में खोट के कारण दलितों-बहुजनों की कभी सच्ची हितैषी नहीं हो सकती। सपा के दलित सांसद रामजी लाल सुमन की राणा सांगा पर टिप्पणी को लेकर हुए विवाद के बाद पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा उनका लगातार समर्थन किए जाने के बीच मायावती ने यह टिप्पणी की। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा की तरह समाजवादी पार्टी भी बहुजनों, विशेषकर दलितों को उनके संवैधानिक अधिकार देकर उनके उत्थान के लिए काम करने तथा उनकी गरीबी, जाति-आधारित शोषण और अन्याय-अत्याचार को समाप्त करने की कोई इच्छाशक्ति नहीं रखती। मायावती ने 1995 की लखनऊ अतिथि गृह घटना को याद करते हुए कहा, कि समाजवादी पार्टी द्वारा बसपा के साथ विश्वासघात, दो जून (1995) को उसके नेतृत्व पर जानलेवा हमला, संसद में पदोन्नति में आरक्षण के विधेयक को फाड़ना, उसके संतों, गुरुओं एवं महापुरुषों के सम्मान में बनाए गए नए जिलों, उद्यानों, शैक्षणिक एवं मेडिकल कॉलेजों का नाम बदलना ऐसे घोर जातिवादी कृत्य हैं जिन्हें माफ करना असंभव है।

सपा को बहन फूलन देवी का नाम लेने का कोई अधिकार नहीं : डॉ. निषाद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार रथ यात्रा के चौथे चरण के दूसरे दिवस पर जनपद

- निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार रथ यात्रा कौशांबी पहुंची

कौशांबी पहुँचने पर निषाद पार्टी कार्यकताओं व मछुआ समाज के लोगो ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में यात्रा जनपद रायबरेली पहुँची। राष्ट्रीय अध्यक्ष मछुआ समाज



के अनुसूचितजाति प्रमाण पत्र निर्गत कराये जाने को लेकर प्रदेश में संवैधानिक अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। श्री निषाद ने बताया कि यात्रा 30 नवंबर 2024 को माता शाकुम्भरी देवी शक्ति पीठ से प्रारंभ की गई थी। यात्रा ने तीन चरणों में उत्तर प्रदेश के 69 जनपदो से होती हुई आज चौथे चरण में जनपद कौशांबी पहुँची है, तत्पश्चात जनपद प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र होते हुए लखनऊ में यात्रा का समापन होगा।

श्री निषाद ने बताया कि बीते दिन 18 अप्रैल 2025 को उन्होंने दिल्ली में गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात के दौरान भी उन्होंने मछुआ समाज के आरक्षण के मुद्दे पर वार्ता हुई है। उन्होंने मछुआ समाज की भारतीय जनता पार्टी से आकांक्षाओं को भी गृह मंत्री के समक्ष रखा है क्योंकि मछुआ समाज जानता है जिस प्रकार देश के अन्य लंबित और जटिल मुद्दों को प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री ने हल करने का काम किया है उसी प्रकार मछुआ समाज के बहुप्रतीक्षित आरक्षण के मुद्दे को भी हल करने का काम जरूर करेंगे। श्री निषाद ने समाजवादी पार्टी द्वारा मछुआ समाज की गौरव पूर्व सांसद बहन वीरांगना फूलन देवी का नाम बार बार लेने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा की समाजवादी पार्टी को बहन फूलन देवी का नाम लेने का कोई अधिकार नहीं है, आज इनको मछुआ समाज के वोट लेने के चलते बहन फूलन देवी की याद आ रही है, किंतु समाजवादी पार्टी से पूछना चाहिए जब बहन फूलन देवी समाजवादी पार्टी से सांसद थी तो उनकी हत्या के पश्चात क्यों नहीं सीबीआई जाँच के लिए धरना प्रदर्शन किया तब तो केंद्र की सरकार समाजवादी पार्टी की बैशाखी पर चल रही थी किंतु इन्होंने मछुआ समाज की नेता होने चलते केवल दिखावा और छलावा करने का काम किया। श्री निषाद ने बताया कि आज प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है और उसी आधार पर प्रदेश में मत्स्य विभाग आज विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाए संचालित कर रहा है जोकि मछुआ समाज के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित हो रही है।

यूपी के प्रमुख स्थलों के दीदार करेगा विदेशी प्रतिनिधिमंडल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। घरेलू पर्यटन के मामले में 'योगी का यूपी' देश में पहले स्थान पर है। विदेशी पर्यटकों के आगमन में भी प्रदेश अग्रणी

- मंगलवार से 30 अप्रैल तक फैम ट्रिप करायेगा यूपी ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड
- यूके, यूएसए, जर्मनी और आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधिमंडल करेगा भ्रमण
- आगरा, चंबल, कन्नौज, काशी, लखनऊ, प्रयागराज जाकर यूपी की विशेषताओं से होगा परिचित

बने, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार से 30 अप्रैल तक उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की पहल पर विशेष फैमिलियराइजेशन ट्रिप (फैम ट्रिप) का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मेजबान भारत सहित यूके, यूएस, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख पर्यटन व्यवसायियों का प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश भ्रमण पर रहेगा। ट्रेवल कंपनियों के प्रतिनिधि चंबल सफारी से काशी आदि स्थानों पर भी जाएंगे। योगी सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह ट्रिप विदेशी टूर ऑपरेटरों को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों से परिचित कराने और उत्तर प्रदेश को



अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। प्रतिनिधिमंडल चंबल सफारी से काशी तक की यात्रा में प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धरोहरों और प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन करेंगे। यूके, यूएस, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख ट्रैवल कंपनियों के प्रतिनिधियों का दल 22 अप्रैल से यूपी के दौरे पर आ रहा है। इस दल के भ्रमण की शुरूआत आगरा से होगी, जहां प्रतिनिधि बटेश्वर और चंबल सफारी का अनुभव लेंगे। इसके बाद यह दल कन्नौज पहुंचकर इत्र निर्माण पर आधारित विशेष वर्कशॉप में हिस्सा लेगा। कन्नौज की विश्व प्रसिद्ध इत्र परंपरा और उसकी बारीकियों को जानने का मौका प्रतिनिधियों को मिलेगा। यह दल दुधवा नेशनल पार्क, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और कर्तनियाघाट वन्यजीव अभयारण्य का भ्रमण करते हुए राजधानी लखनऊ पहुंचेगा। यहां वे ऐतिहासिक स्थलों के साथ-साथ लखनऊ की मशहूर चिकनकारी और प्रसिद्ध व्यंजनों का स्वाद लेंगे। लखनऊ के बाद प्रतिनिधियों को प्रयागराज की फैम ट्रिप कराई जाएगी, जहां वे संगम तट, ऐतिहासिक स्थलों और प्रसिद्ध फार्म स्टे प्लांटर्स बंगलो का दौरा करेंगे। अंत में यह दल काशी पहुंचेगा, जहां वे काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन, गंगा आरती, वाराणसी की सुबह, स्थानीय आर्ट एंड क्राफ्ट और पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाएंगे। सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म की असीमित संभावनाएं हैं, जिसे धरातल पर उतारा जा रहा है। ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड राज्य के नैसर्गिक सौंदर्य को वैश्विक फलक पर पहुंचाने के लिए प्रयत्नशील है। इसी क्रम में विभिन्न देशों की फैम ट्रिप कराई जा रही है। इस दल में पर्यटन व्यवसायियों के साथ ट्रैवल राइटर्स को भी शामिल किया गया है। प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश के प्रमुख ईको टूरिज्म स्थलों का भ्रमण कर अपनी रिपोर्ट्स, लेखों एवं सोशल मीडिया पोस्ट्स के माध्यम से प्रदेश के प्राकृतिक आकर्षणों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचा रहे हैं।

भाजपा सरकार रोजगार देने समेत सभी मोर्चे पर फेल : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा जनता के बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए धार्मिक उन्माद और जातीय संघर्ष बढ़ाने का काम करती है। अंग्रेजों की तरह फूट डालो और राज करो की नीति पर चलती है। समाज को कभी धर्म और कभी जाति के नाम पर बांटना ही भाजपा का काम है। अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 सीटे जीत जाती तो आज सड़कों पर राइफलें और तलवारे लहरा रही होती।

अखिलेश यादव रविवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने प्रयागराज पहुंचे थे। कार्यक्रम में शामिल होने से पहले आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि भाजपा बहुत अहंकारी पार्टी है। भाजपा सरकार में बहुत अहंकार है। इस सरकार ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किया। सिर्फ



अपना प्रचार किया। समाजवादी सरकार के दौरान 2013 में हमने महाकुंभ के आयोजन में बेहतरीन इंतजाम किया था। अखिलेश यादव ने कहा कि उस समय के आयोजन और अनुभव के आधार पर हमने सरकार को समय-समय पर सुझाव दिए क्योंकि हम देख रहे थे कि महाकुंभ के लिए जिस तरह और जितनी तैयारी होनी चाहिए, वह नहीं हुई थी। सरकार झूठे दावे कर रही थी। यही कारण है कि महाकुंभ में भगदड़ हुई, हादसे हुए, श्रद्धालुओं को यातायात से लेकर खाने-पीने तक की तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ा। महाकुंभ के दौरान समाजवादी पार्टी ने जितनी सलाह दी भाजपा सरकार ने उसे नकारात्मक रूप में लिया। उन शिकायतों और सलाह पर सुधार करने के बजाय अपने अहंकार में डूबी रही और निगेटिव दुष्प्रचार करती रही। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री झूठे प्रचार, झूठे आंकड़े देने और सच छिपाने में लगे रहे। पूरी सरकार प्रोपेगंडा पर चल रही है। सरकार महाकुंभ में संगम नोज पर हुई भगदड़ की सच्चाई छिपाती रही। मृतकों की सही संख्या नहीं बतायी। शवों को अंतिम संस्कार से वंचित किया। मृतकों और घायलों के परिजन भटकते रहे। सरकार और मुख्यमंत्री जी ने साधु, संतों, महंतों से झूठ बोला। मुख्यमंत्री जी दिन भर घटना को छिपाते रहे। दावा किया था डिजीटल महाकुंभ का लेकिन कोई डेटा नहीं दे पाएं। ड्रोन की निगरानी में महाकुंभ होने का दावा किया लेकिन लगता है ड्रोन उड़ा ही नहीं। सीएम ने बता दिया कि छात्रों को मोटर साइकिल से रोजगार मिला। उनकी कमाई हुई। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री और भाजपा सरकार कानून व्यवस्था संभालने, नौकरी, रोजगार देने समेत सभी मामलों में फेल है। इन्होंने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया।

100 साल से हिन्दू समाज को संगठित कर रहा संघ : दत्तात्रेय होसबाले

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखनऊ विभाग की शाखा टोली का एकत्रीकरण कार्यक्रम, भारत को परम वैभव तक ले जाने की साधना कर रहे स्वयंसेवक

विशेष संवाददाता (vol)



■ हम सब संघ के स्वयंसेवक हैं, हमने देश के लिए संकल्प लिया है : होसबाले

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखनऊ विभाग की शाखा टोली का एकत्रीकरण लखनऊ के आशियाना क्षेत्र स्थित स्मृति उपवन में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जी ने कहा स्वयंसेवक शाखा के माध्यम से भारत के परम वैभव के लिये प्रतिदिन साधना कर रहे हैं।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि संघ 100 वर्षों से हिन्दू समाज को जागृत करता आ रहा है। संघ हिन्दुओं को सेवाभावी हिन्दू बनाने के साथ ही अकेले हिन्दू को शक्तिशाली एवं राष्ट्रीय हिन्दू बनाने का कार्य कर रहा है। हिन्दुओं को समरसता की धारा में लाने का कार्य संघ ने किया है।

सरकार्यवाह जी ने कहा पवित्र भगवा ध्वज के सम्मुख हम सभी यहां एकत्र हुए हैं यह अपने कार्य पद्धति का हिस्सा है। संघ समय.समय पर अपने कार्यकताओं को ठीक बनाये रखने एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिये इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है।

यह एक संगठनात्मक कार्यक्रम है। अपने संगठन को और मजबूत एवं सुसंगठित करने के लिये इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इससे हमारे अंदर का स्वयंसेवकत्व बेहतर होता रहता है। इसकी तैयारी के लिये सभी ने अपनी.अपनी शाखा में कई दिनों तक मेहनत की है।

इसके आगे उन्होंने कहा कि हम सब संघ के स्वयंसेवक हैं। हमने देश के लिये संकल्प लिया है। इस राष्ट्र को वैभव के शिखर एवं विकास के पथ पर ले जाने के लिये हम सदैव कार्यरत रहेंगे। ऐसा हम इसलिये करते हैं क्योंकि हम भारतवर्ष में जन्मे हैं। भारतवर्ष में जन्म लेने के लिये देवता भी तरसते हैं। इसलिये यहां जन्म लेना हमारा सौभाग्य है। ऐसे में हमारा कर्तव्य भी बनता है कि हम समाज और देश के प्रति अपने संकल्पनिष्ठ कर्तव्यों का निर्वहन करें।

भारत के साहित्यकारों, वैज्ञानिकों एवं समाजसेवकों आदि ने इसे भारत तो बना दिया है। इस धरती को सँवार भी दिया है लेकिन इसे निरंतर उच्चता की ओर ले जाने के लिये हमें भी अपने कर्तव्यों ने का निर्वहन करना होगा। सरकार्यवाह जी ने कहा, इस देश के लिये जिन महापुरुषों ने बलिदान दिया है उन सबका हमें नाम तक याद नहीं रहता।

ऐसे अनेक वीर हैं जिन्होंने आवश्यकता पड़ने पर अपने जीवन को न्योछावर करते हुये भारतीयता और धर्म की रक्षा की है।

देश की खातिर अपने जीवन को समर्पित करने वाले ऐसे लोगों की तरह ही हमें भी अपना जीवन निर्वहन करना होगा। ऐसे महापुरुषों का कर्ज हम सब पर हैं। उन्होंने कहा एक स्वयंसेवक का सपना होता है कि श्देश हमें सब कुछ देता है, हम भी देश को कुछ देना सीखें।

सरकार्यवाह जी ने कहा कि सामाजिक काम तो पहले भी बहुत से लोगों ने किया है। ऐसे महापुरुषों से हम प्रेरणा लेते हुये उन्हें नमन करते हैं। मगर इसमें विचारणीय है कि आरएसएस की भूमिका क्या है इसे स्पष्ट करते हुये उन्होंने कहा कि संघ का कार्य है कि हर प्रकार का व्यक्ति अपने कार्य करते हुये देश.समाज के लिये कुछ न कुछ करेए यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य है। संघ की विशेषता है कि एक ही समय में एक ही पद्धति से एक ही लक्ष्य के साथ स्वयंसेवक शाखा का कार्य रहे हैं।

आप दक्षिण जाएं या उत्तर या पश्चिम या पूरबए सभी जगहों पर संघ की शाखा में जाकर देखने पर आप पाएंगे कि हर मौसम में संघ के स्वयंसेवक एक ही पद्धति से शाखा का आयोजन करते हैं। स्वयंसेवक शाखा के माध्यम से भारत के परम वैभव के लिये प्रतिदिन साधना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुम्भ भारत की आध्यातमिक व सांस्कृतिक पहचान है। भारत और हिन्दुओं की पहचान है हाल में हुआ कुम्भ मेला। कोई इसे भारतीयताए कोई हिन्दुत्व तो कोई संस्कृति कहता है।

संघ बीते 100 वर्षों से हिन्दू समाज को जागृत करता आ रहा है। इसीलिये संघ 100 वर्षों के पश्चात भी बढ़ता जा रहा है। हिन्दू समाज के साथ एक समस्या है कि इसे कोई महापुरुष आता है जगाता है। मगर वह फिर सो जाता है। ऐसा एक बार नहीं कई बार हुआ है। हिन्दू समाज को बार.बार जागृत करना होता है। मगर वह बार.बार सो जाता है। ऐसा ही कार्य डॉ हेडगेवार जी ने किया है। संघ ने सदैव हिन्दुओं को जगाने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले एक वर्ष में शाखा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज में परिवर्तन लाने का कार्य करेंगे। इसके लिये संघ के पंच परिवर्तन के कार्य को हर मंडलए हर शाखाए हर टोली तक पहुंचाना होगा। यह कार्य करने के लिये हम सबको व्यापक स्तर पर तैयारी करनी होगी। स्वयंसेवक होने के नाते हम सबको समय देना होगाए हमें अनुशासन में रहना होगा। संघ का कार्य एक दृष्टि से साधना है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपना मूल्यांकन करता रहे। वह जो भी गलती करता है उससे सबक लेता है।

उन्होंने कहा कि संघ के लोग आपदा के समय में प्रथम पंक्ति में खड़े रहते हैं। हमें कार्यकारिणीए अभ्यास वर्ग आदि की गुणवत्ता बढ़ानी चाहिये। हमारी गुणवत्ता की हर दिन परीक्षा होती है। यह आसान काम नहीं है। प्रतिदिन की शाखा देखने में तो आसान होती है मगर नियमित शाखा चलाना आसान नहीं है। जिंदगी भर संघ का कार्य करते हुये समाज का कार्य करने का हमने संकल्प लिया है।

पूजा करने के समान ही संघ का कार्य भी पवित्र भाव से किया जाने वाला कार्य है। जब तक हिन्दू समाज हैए हमें यह कार्य करना है।



महापौर से मिले राजनाथ सिंह, जाना हाल

लखनऊ। पारा में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान शनिवार को घायल हुईं लखनऊ की माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल से रविवार को देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने महापौर के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। ज्ञात हो कि 19 अप्रैल को पारा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान महापौर का पैर मुड़ गया था, जिससे उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया। इस खबर के सामने आने के बाद न सिर्फ नगर निगम प्रशासन बल्कि आम नागरिकों और पार्टी कार्यकताओं में चिंता का माहौल था। राजनाथ सिंह उनके कैंप कार्यालय पर पहुंचे और उनका हालचाल लिया। उन्होंने कहा कि सुषमा जी एक मेहनती और सक्रिय जनप्रतिनिधि हैं। नगर की सेवा में उनका योगदान सराहनीय है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह जल्द स्वस्थ होकर पुनः अपने कार्य में जुटें। रक्षा मंत्री के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र सिंह प्रधान, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, विधायक योगेश शुक्ला और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी मौजूद रहे। सभी वरिष्ठ नेताओं ने महापौर से भेंट कर उनका हालचाल जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

पूर्व मेयर मातृ शोक पर शोक संवेदना व्यक्त की ...लखनऊ। पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया के मातृ शोक पर शोक संवेदना प्रकट करने रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह रविवार को सिंगार नगर स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने पूर्व महापौर से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं प्रकट की और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। उनके साथ ही उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, एमएलसी राम चन्दर प्रधान, संयुक्ता भाटिया के पुत्र प्रशान्त भाटिया, पुत्रवधू रेशू भाटिया, पौत्र दक्ष सहित अन्य पारिवारिक सदस्यगण उपस्थित रहे।

लेसा सिस 2 के हंस खेड़ा में जमीन पर रखा है ट्रांसफार्मर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लेसा में बिजली व्यवस्था कैसे चले जब ट्रांसफार्मर की जमीन पर रखा हो। लेसा सेस 2 पारा के हंसखेड़ा गली नम्बर 6 में जमीन पर ट्रांसफार्मर रखा है। लेकिन कोई भी देखने वाला नही है। जबकी इसबात की सूचना अवर अभियंता को भी क्षेत्र के कई लोग बता चुके है। शहर में लगे हजारो ट्रांसफार्मर में से 20 प्रतिशत ट्रांसफार्मर ऐसे लगे है जो लोगों के लिए जानलेवा बन गया है, कभी-कभी अपने आप धू-धू कर जलने लगता है तो कभी ट्रांसफार्मर को सुरक्षित नही रखने से जानवर की मौत हो जाती है। ऐसे में लेसा को नियमानुसार वर्ष भर में लाखो रुपये का मुआवजा भी देना पड़ता है। शनिवार को भी एक व्यक्ति की ट्रांसफार्मर से चिपककर मौत हो गयी। जबकी पुलिस के द्वारा जांच में यह बताया जा रहा है कि वह व्यक्ति एक चोर था। बीकेटी, चिनहट, मुशिपुलिया, पारा, गहरु, उतरठिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में 25 केवीए से लेकर 1000 केवीए तक के ट्रांसफार्मर खुले जगहो पर लगे हुए है। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। चिनहट के बीच चौराहे पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर वर्षो से लगा हुआ है पर अभी तक उसकी कोई सुरक्षा के लिए विभाग ने इंतजाम नही किया है। हुसैनगंज चौराहे से दस कदम की दूरी पर वर्षो से ट्राली ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। पर अभी तक नही उसक हटाया गया है। जब अधिकारी से बात करो तो उनका कहना है की जगह नही होने के कारण उसे नही हटाया जा सका है। जगह मिलते ही दूसरे जगह पर रख दिया जायेंगा। आलमबाग के सुजानपुरा जाने वाली बीच सड़क पर ही ट्रांसफार्मर रखा हुआ है, जिसे हटाने के लिए अवर अभियंता ने प्रस्ताव भी तैयार किया पर अभी तक वहां से वह ट्रांसफार्मर नही हटा। ऐसे ही शहर में लगभग सैकड़ो छोटे-बड़े ट्रांसफार्मर लोगों के लिए जान लेवा बना हुआ है।

लेसा सर्किल चार के सेस दो मे जमीन पर ट्रांसफार्मर रखा है तो इसकी जांच कराई जायेगी। सभी ट्रांसफार्मर को सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है, कहीं भी खुले में ट्रांसफार्मर रखा है तो उसे सुरक्षित किया जायेंगा।

-रजत जुनेजा, लेसा सिस गोमती मुख्यअभियंता



डॉ बिंदेश्वर पाठक की प्रतिमा का अनावरण



लखनऊ। अलीगंज स्थित सीपी 23 चेतन विहार, अल्कापुरी सेक्टर सी अलीगंज में डॉ बिंदेश्वर पाठक प्रतिमा का अनावरण भारत सरकार रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह द्वारा किया साथ में उपमुख्यमंत्री बृजेश सिंह पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, राम चंद्र प्रधान, विधायक डॉ नीरज बोरा उपस्थित रहे।

आदर्श बिजली घर पर उपभोक्ता को नहीं मिल रहा है पीने का पानी

लखनऊ। लेसा के 50 से अधिक बिजली घरों को लाखो रुपये खर्च कर आदर्श बिजली घर बनाया गया था। जिसपर उपभोक्ता को पानी से लेकर बैठने की कुर्सी भी रखने का निर्देश पूर्व एमडी ने दिया था। राजभवन, अमीनाबाद, वृदांवन, नादरगंज, सहित ज्यादातर बिजली उपकेन्द्रो पर भीषण गर्मी में पानी तक पीने को नही मिल रहा है। जिस बिजली घर पर पानी की मशीन लगाई गयी है वहां पर आरो मशीन का फिल्टर तक नही बदला गया है। दो वर्ष पहले लगाया गया पानी की मशीन पूरी तरह से खराब हो गयी है। जहां पर पानी की मोटर भी खराब हो गयी है। जिसे बदलने के लिए संविदा कर्मी लिखित भी देते है तो उनकी कोई सुनवाई नही होती है। लेसा सिस गोमती द्वितीय के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि जिस उपकेन्द्र पर पानी की समस्या होगी वहां पर पानी को उपलब्ध कराया जायेगा।

गोमती नदी से सीजी सिटी तक हरियाली, बेहतर होगा आवागमन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती नदी के दाहिने किनारे से लेकर सीजी सिटी के दक्षिणी भाग तक खूबसूरती कई गुना बढ़े गी। साथ ही ग्रीन कोरिडोर के बनने से आवागमन भी सुलभ होगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इससे संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

इन परियोजनाओं के लिए टेंडर निकाले गए हैं। अगले महीने से काम शुरू हो जाएगा। गोमती नदी के दाहिनी ओर, सेना की जमीन से नाले के पास तक नया तटबंध बनाया जाएगा। इस परियोजना पर 7399.77 लाख रुपये खर्च होंगे। यह तटबंध बाढ़ सुरक्षा में मदद करेगा। इस पर आवागमन का मार्ग भी बनेगा। एक भव्य चौराहा भी बनाया जाएगा।

सेना की जमीन से लेकर शहीद पथ तक एक और तटबंध का निर्माण होगा। जिस पर 4056.67 लाख रुपये खर्च होंगे। यह क्षेत्र में आने-जाने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में तैयार होगा। पुलिस मुख्यालय के सामने 45 मीटर मास्टर प्लान रोड पर सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा। जिससे वाहनों की आवाजाही और पार्किंग की समस्या से राहत मिलेगी। इस पर 515.28 लाख रुपये खर्च होंगे। गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क में रेप पर पढ़ें 2519 मीटर लंबाई तक सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक बनाया जाएगा। जिस पर 278.28 लाख रुपये खर्च होंगे। इससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों को आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी।

गोमती नगर के वरदान खंड स्थित पार्क की मरम्मत, पेंटिंग, सिंचाई व्यवस्था, ओपन जिम और झूले की सुविधा पर 56.88 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यह पार्क अब और भी आकर्षक व उपयोगी बन जाएगा।

हुसैनाबाद स्थित म्यूजियम ब्लॉक के पास एक नया, अत्याधुनिक चौराहा बनाया जाएगा, जिससे वहां की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। इस परियोजना पर 47.88 लाख रुपये खर्च होंगे। सीजी सिटी के दक्षिणी भाग में स्थित कृतिका अपार्टमेंट के पास एक बड़ा पार्क बनाया जाएगा। इस पर 2302.90 लाख रुपये की लागत आएगी। यह पार्क शहरवासियों के लिए एक नया आकर्षण बनेगा।

गोमती नदी से जलकुंभी और पॉलिथीन पैकेट्स निकाली गयी

लखनऊ। स्वच्छ पर्यावरण सेना लखनऊ ने जलकुंभी तथा पॉलिथीन पैकेट्स से पटी गोमती नदी पर स्वच्छता अभियान चलाया। रविवार को दो घंटे तक चले गोमती नदी की सफाई में लगभग 10 कुंतल कचरा पॉलीथिन विसर्जन सामग्री के साथ सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मूर्तियां निकाली गई। प्रातः 5 बजे झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर सेना के तीन दर्जन से अधिक स्वयं सेवकों ने नदी में स्वच्छता अभियान चलाया।

स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना लखनऊ का गोमती नदी सफाई अभियान को लेकर लगातार ये 359वा रविवारीय दिवस था।

संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में प्रीति जैन, अर्चना सिंह, रत्ना वर्मा , चन्द्र किशोर वर्मा, गया प्रसाद वर्मा, मनोज सिंह, दिनेश दत्त पांडेय, कृपा शंकर वर्मा, ललित कश्यप, राम कुमार बाल्मिकी, आनंद वर्मा, अजय जोशी, परमेश जोशी, रिंकू सिंह, आयुष बंसल, अनुग्रह सिंह, शिव सोनी शैलेन्द्र सिन्हा, आशीष तिवारी, कमलेश चौधरी, हरिनाम सिंह, निहार सिंह राकेश सोनकर इत्यादि ने गोमती नदी सफाई अभियान में भाग लिया।

संजय सिंह चौहान अध्यक्ष और जितेंद्र सिंह गुर्जर महासचिव बने

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के सत्र 2025-27 के लिए नई केंद्रीय कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ है। निर्वाचन अधिकारी अधीक्षण अभियंता इंजीनियर पंकज अग्रवाल ने आज चुनाव परिणाम घोषित कर दिया। निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह लखनऊ में अभियंता संघ के मुख्यालय हाइडिल फील्ड हॉस्टल, 17 राणा प्रताप मार्ग पर 21 अप्रैल को होगा। बिजली के निजीकरण के विरोध में संघर्षरत विद्युत अभियंताओं ने केंद्रीय कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव कर समय के अनुसार अपनी एकजुटता का परिचय दिया है। परिछा ताप बिजली घर में तैनात वरिष्ठ अधिशासी अभियंता इंजीनियर संजय सिंह चौहान को नया अध्यक्ष चुना गया है। इंजीनियर जितेंद्र सिंह गुर्जर को दोबारा महासचिव के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर इंजीनियर प्रभात सिंह और संयुक्त सचिव के पद पर इंजीनियर आलोक श्रीवास्तव दोबारा चुने गए हैं। उपाध्यक्ष के पद पर इंजीनियर रणवीर सिंह, इंजीनियर कृष्ण कुमार सारस्वत, इंजीनियर अदालत वर्मा, इंजीनियर राहुल बाबू कटियार और इंजीनियर मनोज कुमार सिंह निर्वाचित किए गए हैं। संगठन सचिव के पद पर इंजीनियर जगदीश पटेल को, कोषाध्यक्ष के पद पर इंजीनियर बृजेश कुमार सिंह को और प्रचार सचिव के पद पर इंजीनियर साजोल को निर्वाचित किया गया है।

पीडब्ल्यूडी में बिना सर्वे के कार्य योजना मांगे जाने का डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने किया विरोध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्गो के नवनिर्माण, पुनर्निर्माण एवं मिसिंग लिंक इत्यादि की कार्य योजना 20 अप्रैल तक मांगी गई है। डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने विभाग के इस निर्णय को अव्यवहारिक बताया। प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष को लिखे गए विस्तृत पत्र में संघ के अध्यक्ष इं. एनडी द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि नवनिर्माण एवं मिसिंग लिंक इत्यादि योजनाओं में प्रस्ताव प्रेषित किए जाने के पूर्व प्रस्तावित मार्ग का विस्तृत सर्वे कर डाटा एकत्रित किया जाना आवश्यक होता है। परंतु विभाग द्वारा बिना सर्वे का पर्याप्त समय दिए आनन फानन में 20 अप्रैल तक कार्य योजना प्रेषित किए जाने का दबाव बनाया जा रहा है। संघ ने यह भी अवगत कराया है कि यदि सर्वे के लिए नियमानुसार पर्याप्त समय नहीं दिया जाता तो प्रेषित की जाने वाली कार्य योजना त्रुटिपूर्ण होगी। इससे न केवल विभाग की छवि खराब होगी अपितु फील्ड के अभियंता दंडित भी किए जाएंगे। यह भी अवगत कराया गया है कि जिस प्रोफार्मा पर कार्य योजना प्रेषित की जानी है उसे मुख्यालय तय नहीं कर पा रहा है और बार-बार प्रोफार्मा को संशोधित किया जा रहा है। 20 अप्रैल को अपरान्ह 2:30 बजे भी प्रोफार्मा संशोधित किया गया है। विभाग के इस अव्यावहारिक निर्णय से प्रदेश के सभी अभियंता दबाव में है। इस वजह से डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने विभाग के इस निर्णय को अव्यवहारिक बताते हुए प्रस्तावित मार्गो के सर्वे करने के लिए पर्याप्त समय दिए जाने का अनुरोध किया है।

विज्ञान से जोड़ कर आयुष के बढ़ते बाजार का अग्रणी खिलाड़ी होगा उत्तर प्रदेश

धार्मिक पर्यटन की तरह हेल्थ टूरिज्म में भी इतिहास रचेगा प्रदेश, शैक्षिक और आर्थिक स्तर के बढ़ने के साथ लोग सेहत के प्रति और जागरूक होंगे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या में रामलला मंदिर और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के जरिये धार्मिक टूरिज्म में इतिहास रचने के बाद योगी सरकार का जोर अब हेल्थ टूरिज्म पर है। इसमें चिकित्सा की परंपरागत विधा आयुष पर खासा फोकस है। अभी 23 फरवरी को एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था, धर्म के बाद उत्तर प्रदेश हेल्थ टूरिज्म में भी नंबर वन बनेगा। इसके लिए हमें अपने इलाज को प्राचीन विधाओं और दादी नानी के नुस्खों को संग्रहित करना होगा क्योंकि निरोगी काया ही सबसे बड़ा सुख है।

सरकार को पूरा भरोसा है कि आने वाले वर्षों में भी इस विधा के स्वीकार्यता और लोकप्रियता का यही सिलसिला जारी रहेगा। इसलिए सरकार का पूरा फोकस इस परंपरा को विज्ञान से जोड़ने का है। ताकि आयुर्वेद प्रदेश, देश और दुनिया को आरोग्य की राह दिखा सके। जब ऐसा होगा तब उत्तर प्रदेश इसका अग्रणी खिलाड़ी होगा। यही योगी सरकार की मंशा भी है। इसको केंद्र में रखकर इस विधा के प्रोत्साहन के लिए प्रयास भी किए जा रहे। आयुष का बढ़ता बाजार भी इसकी लोकप्रियता और स्वीकार्यता का प्रमाण है। आंकड़े इसके गवाह हैं। वर्ष 2014 में आयुष उत्पादों का वैश्विक बाजार 2.85 अरब अमेरिकी डॉलर का था, जो 2024 में बढ़कर 43.4 अरब डॉलर का हो गया। यह 10 साल में 15 गुना से अधिक की वृद्धि है। 100 से अधिक देशों में भारत के बने हर्बल उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। वैश्विक महामारी कोविड 19 के बाद इसमें अभूतपूर्व विस्तार हुआ। माना जा रहा है कि शैक्षिक और आर्थिक स्तर के बढ़ने के साथ लोग सेहत के प्रति और जागरूक होंगे। इससे आयुष का क्रेज और कारोबार दोनों बढ़ेगा। आयुष के कारोबार में अभूतपूर्व वृद्धि और योग की वैश्विक लोकप्रियता इस बात का सबूत है कि आने वाला समय इलाज की इसी प्राचीन विधा है। चूंकि उत्तर प्रदेश धन्वंतरि की धरती है। योग को क्रियात्मक स्वरूप देकर इसे हर किसी के लिए उपयोगी बनाने का श्रेय गुरु गोरक्षनाथ को जाता है। इसलिए उत्तर प्रदेश में इसकी संभावना और बढ़ जाती है।

स्वदेशी ज्ञान और विरासत की संपन्नता का प्रमाण

आयुष की यह लोकप्रियता और स्वीकार्यता हमारे संपन्न स्वदेशी ज्ञान और विरासत की संपन्नता का भी प्रमाण है। यही क्रम जारी रहा तो परंपरा और विज्ञान के इस संगम के जरिये आयुष पूरी दुनिया को आरोग्यता की राह दिखा सकता है। भविष्य की इन्हीं व्यापक संभावनाओं के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को आयुष के लिहाज से देश में अग्रणी श्रेणी में लाना चाहते हैं। ऐसा होने पर उत्तर प्रदेश धार्मिक टूरिज्म के बाद हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म का भी बड़ा बड़ा केंद्र बन जाएगा।

आयुष की बेहतरी के लिए किए जाने वाले प्रयास

गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ के नाम से प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय लगभग बनकर पूरा है। इसमें नियमित कुलपति की नियुक्ति भी हो चुकी है। साथ ही ओपीडी का संचालन भी हो रहा है। यह विश्वविद्यालय गोरखपुर के पिपरी (भटहट) में स्थित है। इसका उद्घाटन तबके राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 21 अगस्त 2021 में किया था। उम्मीद है कि इस साल के अंत तक यह पूरी क्षमता से लोगों को आरोग्यता प्रदान करने लगेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार कह चुके हैं कि आयुष चिकित्सा पद्धति सिर्फ सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि इस क्षेत्र में हेल्थ टूरिज्म से रोजगार की असीम संभावनाएं भी हैं। आयुष विश्वविद्यालय न केवल इस विधा के अन्य संस्थानों का नियंत्रण करेगा, बल्कि पाठ्यक्रमों में एकरुपता लाकर उसे और उपयोगी बनाएगा। इससे शिक्षा की गुणवत्ता तो सुधरेगी ही, संबंधित क्षेत्र में शोध और नवाचार को। भी बढ़ावा मिलेगा। फिलहाल विश्वविद्यालय में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री के कोर्स चलेंगे। योगी सरकार इलाज की इस विधा के प्रोत्साहन के लिए पहले ही आयुष बोर्ड का गठन कर चुकी है।

अयोध्या का आयुष और काशी का होम्योपैथिक कॉलेज भी शीघ्र चालू होगा

गोरखपुर के आयुष विश्वविद्यालय के अलावा अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक और वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज भी शीघ्र संचालित होने लगेंगे। फिलहाल प्रदेश में इस समय 2110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी,1585 होम्योपैथिक चिकित्सालय हैं। इसके साथ आठ आयुर्वेदिक कॉलेज एवं इनसे संबद्ध चिकित्सालय, दो यूनानी कॉलेज और इनसे संबद्ध चिकित्सालय और 9 होम्योपैथिक कॉलेज उनसे संबद्ध चिकित्सालय और वेलनेस सेंटर भी हैं।

■ **किसानों की खुशहाली और नौजवानों के लिए रोजगार के खुलेंगे द्वार :** आयुष के बढ़ते क्रेज और कारोबार से स्थानीय स्तर पर औषधीय खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। इनके प्रसंस्करण के लिए स्थानीय स्तर पर कुटीर उद्योग लगेंगे। इनमें ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, लोडिंग, अनलोडिंग और मार्केटिंग के लिए रोजी रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। लोग आसपास उगने वाली जड़ी-बूटियों का संग्रह कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। इसका सर्वाधिक लाभ स्थानीय किसानों और छोटे उद्यमियों को होगा।

योग और आयुर्वेद गोरक्षपीठ की परंपरा

उल्लेखनीय है कि योग और आयुर्वेद गोरक्षपीठ की परंपरा है। तन और मन के स्वास्थ्य के लिए पूरी दुनिया में स्वीकार्य योग को वर्तमान स्वरूप में लाने का श्रेय नाथपंथ के प्रवर्तक गुरु गोरखनाथ को जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर स्थित नाथपंथ का मुख्यालय माने जाने वाले इसी पीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। यहां के मंदिर परिसर में उनके दादा गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ के नाम से बहुत पहले से आयुर्वेदिक केंद्र है। यहां नियमित योग का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। साल में एक बार हफ्ते भर का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलता है।

जमीन की धोखाधड़ी की दर्ज कराई रिपोर्ट

लखनऊ। कृष्णानगर के विराट नगर निवासी पीयूष मंडल और उनकी पत्नी कल्पना रावत ने कृष्णा नगर के गोपालपुरी निवासी प्रफुल्ल श्रीवास्तव आलमबाग के कोरियन निवासी आकाशदीप वर्मा ठाकुरगंज के गाड़ी पीर का निवासी शिवम निगम गाजीपुर जिले के अमृतपुर निवासी शुभम राय हरदोई के समर खेड़ा टिकरा निवासी अभिषेक कुमार और अज्ञात घनश्याम पाठक के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने उनसे 9 लाख रुपये में जमीन बेचने का अनुबंध किया था। इस पर पीड़ित दंपति ने 2 दिसंबर 2023 को 6 लाख 17 हजार रुपये बयाना राशि जमा कर दी थी। अनुबंध के अनुसार शेष 2 लाख 82 हजार 500 रुपये एक वर्ष के भीतर देकर बैनामा कराना था। इसको लेकर पीड़ितों ने बार-बार बैनामा कराने की मांग की। उन्होंने 20 नवंबर 2024 को डाक से सूचना भेजी कि 25 नवंबर को उपनिबंधक कार्यालय में शेष राशि जमा करेंगे।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

पॉश इलाके में दो युवकों के शव मिलने से हड़कंप

- पुलिस ने शवों को भेजा पोस्टमार्टम हाउस
- अफसरों का दावा जल्द किया जायेगा खुलासा



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के गोमतीनगर जैसे पॉश इलाके में रविवार सुबह दो व्यक्ति गंभीर हालत में मिले। जिन्हें इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि रविवार सुबह करीब 8 बजे सूचना मिली कि विराम खंड में रेलवे ट्रैक के बगल एक व्यक्ति सड़क पर पड़ा है। दूसरा व्यक्ति रेलवे ट्रैक के नजदीक कूड़े के ढेर के पास गिरा हुआ है। जांच के दौरान दोनों की पहचान पहचान कैसरगंज बहराइच निवासी राम संवारे (40) पुत्र जोधा के रूप में हुई।

जबकि दूसरे की पहचान कैसरगंज बहराइच निवासी राकेश (35) पुत्र अयोध्या के रूप में हुई। अस्पताल जाते वक्त राकेश जिंदा था। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पत्नी वंदना की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

शरीर पर मिले चोट के निशान: दोनों युवकों के शरीर पर चोट के निशान हैं। परिजनों को आरोप है कि उनकी पीट-पीटकर हत्या की गई है। वहीं मामले में पुलिस का कहना है कि चार टीमें जांच के लिए लगाई गई हैं। घटना का जल्द खुलासा होगा।

पत्नी की गैर मौजूदगी में सफाई कर्मी ने लगाई फांसी: पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग इलाके में सफाई कर्मी अंकित कश्यप ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतक की पत्नी माही अपने मायके में थी। उसके पिता बिरजू और घरवाले शादी समारोह में गए हुए थे। रविवार सुबह पड़ोसी ने देखा कि अंकित ने फांसी लगा ली है। दुपट्टे के सहारे उसका शव लटक रहा था। पुलिस ने बताया- घरवाले शादी समारोह से लौट रहे हैं। उन्हें सूचना दे दी गई है। मृतक की पत्नी से अनबन चल रही थी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिवार में चार बहनें और एक भाई हैं। परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वे बुरी तरह टूट गए। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला हैं। फांसी लगाने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।

अज्ञात युवक गंभीर हालत में रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रविवार तड़के संदिग्ध अवस्था में 35 वर्षीय अज्ञात युवक गंभीर हालत में रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पार्किंग नंबर-3 के पास रविवार तड़के 35 वर्षीय अज्ञात युवक रेलवे पटरी के किनारे गंभीर हालत में पड़ा मिला। उसके सिर पर गंभीर चोट होने के साथ मुँह और नाक से खून बह रहा था।

उधर से गुजर रहे लोगों ने उसे पड़ा देख इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आनन फानन उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह नीले कलर की टी शर्ट और चेकदार रंग-बिरंगा बरमूडा पहने था। हालाकि पुलिस का कहना है कि उसके पास ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली, जिससे कि उसकी पहचान हो सके। साथ ही आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराने की कोशिश की गई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेवराम प्रजापति का कहना है कि शुरूआती जांच में लग रहा है कि वह ट्रेन की टक्कर से घायल हुआ है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

बाइक पेड़ से टकराई युवक की हुई मौत

लखनऊ। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक बाइक से माल कस्बा जा रहा था। तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गयी' टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। राहगीरों ने उसे माल सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने युवक को मृत बता दिया। मिलीजानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की टिकरी बदैयां गांव निवासी रमेश कश्यप का बेटा अनुज कुमार (22) किसी काम से बाइक लेकर घर से माल के लिये निकला था।

सूचना

मेरे वोटर आई.डी. कार्ड व खतौनी में मेरा नाम मुशीर बेग दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन, बैंक पासबुक में मेरा नाम मुशीर अहमद दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। वर्तमान में मुझे मुशीर अहमद के नाम से जाना व पहचाना जाता है। **मुशीर अहमद पुत्र हफीजुद्दीन वर्तमान नि.- ई-1/364, विनय खण्ड-1, गोमती नगर, लखनऊ। पूर्व पता- 98, भाखामऊ, तहसील बी.के.टी., जिला लखनऊ।**

कार्यालय ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर विकास खण्ड खेजरहा जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर विकास खण्ड खेजरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 22.04.2025 को 11 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय करमडीह जमुआर के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 22.04.2025 को 1 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. मीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

करोड़ा देवी	**श्री जितेन्द्र कुमार सिंह**
प्रधान	**सचिव**
ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर	**ग्राम पंचायत करमडीह जमुआर**
सिद्धार्थनगर।	**सिद्धार्थनगर।**

कार्यालय ग्राम पंचायत हाटाखास विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत हाटाखास विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 23.04.2025 को 2 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय हाटाखास के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 23.04.2025 को 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. मीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत हाटाखास के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत हाटाखास कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सोनी	**श्री शेषदत्त मिश्रा**
प्रधान	**सचिव**
ग्राम पंचायत हाटाखास	**ग्राम पंचायत हाटाखास**
सिद्धार्थनगर।	**सिद्धार्थनगर।**

कार्यालय ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 25.04.2025 को 1 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सोनफेरवा बुजुर्ग के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 25.04.2025 को 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. मीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

हफीजुर्रहमान	**श्री अंकित कुमार**
प्रधान	**सचिव**
ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग	**ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग**
सिद्धार्थनगर।	**सिद्धार्थनगर।**

कार्यालय ग्राम पंचायत तिवारीपुर (पश्चिम) विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत तिवारीपुर (पश्चिम) विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 22.04.2025 को 2 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय तिवारीपुर (पश्चिम) के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 22.04.2025 को 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. मीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत तिवारीपुर (पश्चिम) के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत तिवारीपुर (पश्चिम) कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

गुजराती देवी	**श्री अंकित कुमार**
प्रधान	**सचिव**
ग्राम पंचायत तिवारीपुर (पश्चिम)	**ग्राम पंचायत तिवारीपुर (पश्चिम)**
सिद्धार्थनगर।	**सिद्धार्थनगर।**

एसटीएफ ने फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले तीन सदस्यों को दबोचा

- राजधानी के विभूतिखंड थाना क्षेत्र से दबोचे गये शातिर, बरामद हुई बारह लाख से अधिक नकदी



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी एसटीएफ नें उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गैंग के तीन सदस्यों को राजधानी के विभूति खंड थाना क्षेत्र के वेब मॉल के पीछे पालीटेक्निक ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है।यह परीक्षा बीती 16 और 17 अप्रैल को हुई थी।पकड़े गये बैजनाथ पाल निवासी ग्राम व पोस्ट कोरो राघवपुर, थाना हैदरगंज, जनपद अयोध्या व विनय कुमार पाल निवासी ग्राम व पोस्ट कोरो राघवपुर, थाना हैदरगंज, जनपद अयोध्या व महबूब अली निवासी अरूवावा, मोतीनगर, थाना पूरा कलंदर, जनपद अयोध्या के पास से बारह लाख रुपए नकद तथा जामा तलाशी में मिले 5,740 रुपए व दो एडमिट कार्ड और एक कार वैगनआर तथा तीन आधार कार्ड और मोबाइल बरामद किया।

यूपी एसटीएफ चीफ अमिताभ यश नें बताया कि पकड़ा गया बैजनाथ पाल लाल बहादुर शास्त्री, डिग्री कालेज, सिविल लाइन गोण्डा में राजनीतिक शास्त्र का सहायक प्रोफेसर है। उसने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में सहायक प्रोफेसर पद की परीक्षा के अभ्यर्थियों से महबूब अली द्वारा तैयार किये गये फर्जी प्रश्न-पत्र देकर उनसे भारी मात्रा में रुपए वसूले जाते हैं। उसकी कपिल कुमार व सुनील कुमार को प्राणि-विज्ञान विषय का पेपर देने की बात तय हुई थी। जिसके लिए उसने एक पेपर तैयार कराके कपिल कुमार को अपने भाई विनय पाल से पढवाया था। जिसे पढवाने के बाद उसने कपिल से वह पेपर ले लिया और जला दिया था।उन्होंने बताया कि कपिल व सुनील से अब तक कुल लगभग 12 लाख रुपए लिया है। जबकि 35 लाख रुपए प्रति व्यक्ति की बात तय हुई थी। परीक्षा देने के बाद दोनों पहले से दिये रुपए भी वापस मांगने लगे थे।उन्होंने बताया कि बैजनाथ द्वारा दिये गये प्रश्न पत्र में से ज्यादातर प्रश्न नहीं आये थे लेकिन उसने कहा था कि सारे प्रश्न आयेंगे। बरामद 10 लाख रुपए उसके हिस्से के हैं जो कपिल व सुनील से उसके भाई विनय पाल ने रायबरेली में जाकर प्रश्न-पत्र देने के नाम पर लिया था। बाकी 02 लाख रूपयों में से 01 लाख रुपए महबूब अली व 01 लाख रुपए विनय के हिस्से का है।पकड़े गये तीनो आरोपियों के विरुद्ध राजधानी के थाना विभूतिखंड पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

बच्चों से मोबाइल चोरी कराने वाले 13 नाबालिग हिरासत में

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मोबाइल का लॉक तोड़ने के बाद, उसमें मौजूद सिम को निकालकर फर्जी नाम-पते से खोले गए खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाते। पासवर्ड न टूटने पर भी सिम निकालकर साइबर ठगी को अंजाम देते। लखनऊ साइबर सेल और गाजीपुर पुलिस ने रविवार को साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह को गिरफ्तार कर ठगी का खुलासा किया। यह गैंग गरीब परिवार से जुड़े बच्चों से कराया जा रहा था।

गैंग झारखंड के तीनपहाड़ इलाके से संचालित होता था और देशभर में वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने 4 शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है, जबकि 13 बाल अपचारियों को डिटेन किया है। गिरफ्तार ठगों से पूछताछ में देश के कई अन्य शहरों में ठगी के नेटवर्क की जानकारी हुई है। पुलिस अन्य राज्यों की एजेंसियों से संपर्क में है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी सोनू महतो के खिलाफ पहले भी गोरखपुर और लखनऊ में केस दर्ज हैं। गिरोह के अन्य सदस्य शुभम महतो, राजकुमार राय और जोनू कुमार भी झारखंड और बिहार के रहने वाले हैं।

46 मोबाइल बरामद: पुलिस ने बताया कि गाजीपुर की सब्जी मंडी से चोरी हुए एक फोन से लिंक कैनरा बैंक खाते से 1.99 लाख रुपए निकाले गए थे। इसी केस की जांच करते हुए साइबर सेल इस पूरे नेटवर्क तक पहुंची। 13 नाबालिग बच्चों को साइबर सेल ने संरक्षण में लिया है। पूछताछ में चौंकाने वाली बातें सामने आई कि किस तरह ये गिरोह तकनीक और मासूमियत दोनों का इस्तेमाल कर देशभर में साइबर ठगी कर रहा था।

कोर्ट के आदेश पर एक साल बाद दर्ज हुआ रेप का मुकदमा

लखनऊ। मड़ियांव इलाके में महिला ने अपने देवर पर रेप में नाकाम होने पर तेजाब से जलाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि घटना की जानकारी पुलिस को दी लेकिन केस नहीं दर्ज किया गया। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मड़ियांव की रहने वाली महिला ने बताया कि 15 जून 2024 को वह घर पर अकेली थी। महिला को अकेला देख सुबह करीब 11 बजे उसका देवर कमरे घुस आया। किसी के न होने का फायदा उठाकर आरोपी देवर ने दुष्कर्म करने के इरादे से उसके कपड़े फाड़ दिए।

अब इस तरह होगा कमिश्नरेट लखनऊ के जोन का संचालन

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिसिंग को और बेहतर और क्षेत्र केंद्रित बनाने के लिए जोन, सर्किल और थानों का पुनर्गठन किया गया है। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सिंह सेंगर ने पुलिस महानिदेशक की मंजूरी के बाद नया आदेश जारी किया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

इस नये नक्से में विकासनगर और इंदिरानगर को अब पूर्वी जोन (गाजीपुर एसीपी) में शामिल किया गया है। साइबर क्राइम थाना भी अब पूर्वी जोन में लाया गया है। पीजीआई थाना को दक्षिणी जोन में जोड़ा गया है। कैसरबाग, अमीनाबाद और नाका को फिर से पश्चिमी जोन में शामिल किया गया। मलिहाबाद, माल और रहीमाबाद अब उत्तरी जोन में रहेंगे।नए चार्ट के अनुसार अब लखनऊ कमिश्नरेट में 5 जोन (पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी, मध्य, दक्षिणी) 16 सर्किल 54 थाने हैं। थानों की कार्यक्षमता बढ़ेगी। नागरिकों को बेहतर सेवा और संपर्क मिलेगा और अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने में फायदा मिलेगा।

परिवार के लोगों के साथ की गाली-गलौज और मारपीट

लखनऊ ।बंथरा इलाके में एक परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज, मर पीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

थाना बंथरा के बंथरा निवासी त्रिशा राजपूत पुत्र केशव लाल राजपूत ने पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल 25 को समय करीब एक बजे मेरे घर पर मेरे ही परिवार के सभी लोगों में राहुल, झगडू पुत्र बुद्धि लाल निवासी बंथरा और बुद्धि के दोनों दामाद सूरज व सूरज निवासी दरोगा खेड़ा ने मुझे और मेरे परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज, झगड़ा व मार पीट किया ।हम पारिवारिक जनों को जान से मारने की धमकी भी दी ।राहुल ने मुझे सरिया और राहुल ने उनके भाई झगडू ने मुझे डंडे से मारा ।जिससे मेरे सिर में चोटे आ गई है और शरीर से खून निकल रहा है ।त्रिशा राजपूत ने थाने पर शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

भाई-पत्नी के खिलाफ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी: बंथरा के लतीफ नगर निवासी मुकेश कुमार ने अपने बड़े भाई नरेश, उसकी पत्नी गीता और आकाश के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुकेश का कहना है कि वह और उसका बड़ा भाई नरेश एक ही घर के बंटवारे में रहते हैं और दोनों का निकास अलग-अलग है। मुकेश का कहना है कि 18 अप्रैल को रात करीब 7:30 बजे वह घर पहुंचा। तभी नशे में धुत नरेश, उसकी पत्नी गीता व आकाश ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर लाठी डंडों से मारा पीटा। उसके चिल्लाने पर जब मुकेश की पत्नी सुमन बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उससे भी गाली गलौज कर उसकी पिटाई कर दी। बाद में जान से मारने की धमकी देकर चले गए। फिलहाल बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गाली गलौज , मार पीट और जान से मारने की धमकीं रिपोर्ट दर्ज : बिजनौर के चौधरी मोहल्ला निवासी मोहम्मद इमरान ने यहीं के गढ़ी मोहल्ले में रहने वाले इकलाक अली के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहम्मद इमरान का कहना है कि उसकी चौधरी मोहल्ले में खसरा संख्या 1835 में करीब चार बिस्वा जमीन है और उस पर 5 फुट की बाउंड्री वॉल बनाकर गेट भी लगा है। जो बरसात से गेट दब गया था। उसकी रिपेयरिंग के लिए शनिवार सुबह 9 बजे वह चार-पांच लेबरों को लेकर ठीक करा रहा था। तभी इकलाक अली मौके पर पहुंचे और लेबरों से गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। बाद में जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित कहना है कि इकलाक अली उसे जबरन अपनी जमीन बता रहे हैं। जबकि वह खुद 50 करोड़ कीमत की सरकारी जमीन पर कब्जा किए हैं।

बैंक के सर्वर में लगी आग, मचा हड़कंप, कोई जनहानि नहीं

लखनऊ। गोमतीनगर में रविवार को 2 प्राइवेट बैंकों के सर्वर में आग लग गई। जिससे बैंक में धुआं भर गया। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने फायर एक्सटिंग्युशर की मदद से सर्वर में लगी आग को पूरी तरह बुझाया ।समय से आग बुझ जाने से बड़ा हादसा टल गया। वरदान खंड गोमतीनगर स्थित बंधन बैंक में दोपहर करीब 1.30 बजे सर्वर में आग लग गई। रविवार होने की वजह से बैंक बंद था। धुआं निकलते देख गार्ड ने बैंक कर्मी और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने देखा कि बैंक में धुआं भरा हुआ है। वहां मौजूद बैंककर्मी ने बताया कि सर्वर में आग लगी है। टीम ने दो फायर एक्सटिंग्युशर को चलाकर सर्वर में लगी आग को बुझाया। इसके बाद स्मोक एक्जास्ट चलवाकर धुएं को निकाला गया। टीम वहां से निकल रही थी तभी सूचना मिली कि महिंद्रा कोटक बैंक के सर्वर से धुआं निकल रहा है।

युवा पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाना मेरे लिए गर्व की बात : उर्वा सावलिया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर ऐतिहासिक ड्रामा, चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान आने वाला है, जिसकी झलक हाल ही में पहले प्रोमो में देखने को मिला। वीडियो में बहादुर राजा के शुरूआती जीवन उनके पालन पोषण, युद्ध और प्रशासन में प्रशिक्षण और उन मूल्यों को दिखाएगा, जिन्होंने उन्हें एक सम्मानित राजा बनाया। शो में रॉनित रॉय के अलावा उर्वा सावलिया अहम किरदार में नजर आ रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया कि वह अपकमिंग ऐतिहासिक ड्रामा, चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में युवा पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाने को लेकर बेहद खुश और गौरवान्वित हैं।

मेकर्स द्वारा शेयर किए गए प्रोमो में रॉनित रॉय चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान के पिता के रोल में नजर आ रहे हैं, जबकि उर्वा सावलिया लीड रोल में हैं। इसी प्रोमो को देखने के बाद फैंस को 2006 में आए धरती का वीर योद्धा पृथ्वीराज चौहान की याद आ गई। जहां फैंस ने रजत टोकस को याद किया, जिन्होंने पृथ्वीराज चौहान का किरदार निभाया था। इस शो को फैंस का खूब प्यार मिला था, वहीं फैंस रजत टोकस को फिर इस किरदार में देखने की फैंस बात करते हुए नजर आ रहे हैं। इसी बीच शो का हिस्सा बनने को लेकर अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए, उर्वा ने कहा, युवा पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाने को लेकर मैं बेहद खुश और गौरवान्वित हूं। जब मैंने पहली बार शो और किरदार के बारे में सुना, तो मैं बेहद उत्साहित हो गई क्योंकि मुझे बहादुर राजाओं और योद्धाओं की कहानियां पसंद हैं और पृथ्वीराज चौहान अब तक के सबसे बहादुर राजाओं और योद्धाओं में से एक हैं. मैंने लगभग 6 महीने पहले अपनी तैयारी शुरू की थी और यह एक मजेदार और रोमांचक यात्रा रही है। मैं घुड़सवारी, तलवारबाजी और उस समय के राजाओं के रहन-सहन के बारे में बहुत कुछ सीख रही हूं।

चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान के सेट पर अपने अनुभव को शेयर करते हुए, उर्वा ने बताया, सेट पर हर दिन एक रोमांच की तरह लगता है। मुझे रोनित रॉय सर को देखने से बहुत ऊर्जा मिलती है। वे वास्तव में मेरे पावरहाउस की तरह हैं, और मैं उनसे हर समय कुछ नया सीखता हूं, साथ ही अनुजा मैम, पद्मिनी मैम भी, वे सेट को घर जैसा महसूस कराती हैं, यदि मेरी मां शीतल सावलिया मेरे साथ न होती, तो इनमें से कोई भी संभव नहीं होता, वे मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा और सहारा रही हैं।

मेरा किरदार लोगों को पसंद आयेगा : सुगंधा मिश्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। सोनी सब का शो वागले की दुनिया अपने सटीक मध्यवर्गीय संघर्षों और दिल को छू लेने वाले पारिवारिक कहानी के कारण दर्शकों का दिल जीत रहा है। अब इसमें एंट्री ले रही हैं लोकप्रिय अभिनेत्री और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा। वह इसमें सुमन गढिया का किरदार निभा रही हैं। यह एक अल्हड़, बेहद नाटकीय और चालाक महिला का किरदार है, जिसे हर परिस्थिति को ड्रामा में बदलने की कला बखूबी आती है।

सुमन यामिनी (मानसी जोशी) के साथ एक ड्रामा शो पर काम कर रही हैं। वह दावा करती हैं कि वह एक मध्यवर्गीय महिला का किरदार निभाने के लिए रिसर्च कर रही हैं और इसीलिए साईं दर्शन सोसायटी में अस्थायी रूप से रहना चाहती हैं, वह अपनी बातों और अदाओं से यामिनी को मना भी लेती हैं, लेकिन उसके इरादे बिल्कुल भी नेक नहीं हैं। आने वाले एपिसोड्स में दर्शकों को एक चौंकाने वाला मोड़ देखने को मिलेगा, जब सुमन एक सुनियोजित जाल में राजेश वागले (सुमीत राघवन) को फंसाते हुए उन पर अनुचित व्यवहार का झूठा आरोप लगा देती हैं। पूरे परिवार को यह घटना हिला कर रख देती है, लेकिन वंदना (परिवा प्रणति) और सखी (चिन्मयी साल्वी) राजेश का पूरा साथ देती हैं, क्योंकि उन्हें राजेश के चरित्र और ईमानदारी पर पूरा विश्वास है। जैसे-जैसे हालात तनावपूर्ण होते जाते हैं, वागले परिवार इस सवाल से जूझता है आखिर सुमन ने उन्हें ही क्यों निशाना बनाया? जल्द ही यह स्पष्ट होता है कि सुमन के इस झूठ के पीछे एक पुरानी रंजिश छिपी है, वह कौन सा राज छिपा रही है? और उसने राजेश की छवि खराब करने की साजिश क्यों रची है? यह जानने के लिए दर्शकों को यह रहस्य सुलझते देखना होगा। सुमन की भूमिका निभा रहीं सुगंधा मिश्रा ने कहा, मुझे सुमन का किरदार पहली ही बार में बेहद पसंद आ गया। वह अजीब, अप्रत्याशित और परतों से भरा है। एक ऐसा रोल जो आपको एक्टिंग का भरपूर आनंद देता है और खुद को बार-बार चौंकाने का मौका देता है. मेरे अंदर हमेशा से थोड़ा सा 'ड्रामा क्वीन' था, इसलिए सुमन का किरदार निभाना मेरे लिए काफी स्वाभाविक लगा। यह किरदार मजेदार तो है ही, साथ ही पहली बार कुछ गंभीर और भावनात्मक सीन करने का मौका मिला है, जो चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों रहा। भारती आचरेकर जी जैसे दिग्गज कलाकार के साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए सम्मान की बात थी. डर भी लगा और प्रेरणा भी मिली। पूरी टीम ने मुझे बहुत अपनापन दिया और पूरे सफर में बेहद सहयोगी और उत्साहवर्धक रही।

राजेश वागले की भूमिका निभा रहे सुमित राघवन ने कहा, राजेश एक ऐसा किरदार है जो हमेशा सही काम करने में विश्वास रखता है, चाहे कोई देख रहा हो या नहीं. इस वजह से उस पर इतना गंभीर आरोप लगना उसके लिए और पूरे परिवार के लिए एक बड़ा भावनात्मक झटका है। शो ने इस ट्रैक को बेहद संवेदनशीलता और खूबसूरती से प्रस्तुत किया है, जिसमें रिश्तों की ताकत और सच्चाई की अहमियत को भी उभारा गया है। सुगंधा के साथ काम करना आनंददायक रहा। उन्होंने सेट पर नई ऊर्जा ला दी और सुमन के किरदार को पूरी तरह जीवंत कर दिया। पर्दे के पीछे हम खूब हंसे, लेकिन ऑन-स्क्रीन भावनात्मक दृश्यों में भी उन्होंने लाजवाब संतुलन दिखाया।

निकला ईस्टर का जुलूस, प्रभु यीशू को किया याद





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रभु यीशु मसीह के पुनः जी उठने की खुशी में रविवार को ईसाई धर्मावलंबियों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ ईस्टर जुलूस निकाला।

सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च से शाम को निकले जुलूस में मैथोडिस्ट, कैथोलिक, एसेम्बली ऑफ बिलीवर्स चर्च के बिशप, पादरी और बड़ी संख्या में ईसाई महिला, पुरुष, वृद्ध व बच्चे शामिल हुए। हाथों में प्रभु यीशु के संदेश के बैनर व जुबा पर प्रभु यीशु के पुनः जीवित होने के गीत गाते हुए निकले। सेंट जोसफ कैथिड्रल पर जुलूस के पहुंचने के बाद यहां प्रार्थना सभा हुई।

प्रभु यीशु के दोबारा अवतारित होने की खुशी में लालबाग स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च से यूनाइटेड क्रिस्चियन ईस्टर प्रोसेसन कमेटी के बैनर तले जुलूस निकाला गया। जुलूस में धार्मिक प्रतीक सलीब (क्रॉस) के पीछे विभिन्न चर्चों के विशप, पादरी पाराम्परिक वेषभूषा में चल रहे थे। इसके पीछे दो पंक्तियों में अन्य लोग अपने-अपने चर्चों के बैनर के साथ यीशु के फिर से जीवित होने के गीत ह्यगाओ-गाओ जय के गीत गायो..., ह्यजी उठा है मसीहा खुशी मनाओ..., गाते, ताली बजाते हुए श्रद्धा के साथ निकले। ईस्टर जुलूस कैसरबाग चौराहे होते हुए बीएन रोड, नूर मंज़िल के सामने से नॉवेल्टी टाकीज होते हुए हजारतगंज स्थित सेंट जोसफ कैथिड्रल चर्च पर समाप्त हुआ। यहां पर विभिन्न बिशपों द्वारा ईस्टर का संदेश और मुबारकबाद दी गई। कैथिड्रल में फादर एलियास द्वारा आराधना की गई। प्रारम्भिक प्रार्थना एजी चर्च से रेवनन लॉरेंस जोसेफ ने की। असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च के बिशप ऑगस्टस एंथोनी ने ईस्टर संदेश दिया। पादरी डॉ. अरुण सिंह ने धर्मग्रंथ का पाठ किया। समापन प्रार्थना कैथोलिक चर्च के बिशप डॉ जेराल्ड जॉन मथायस द्वारा की गई। इस मौके पर ईस्टर जुलूस समिति के अध्यक्ष व पैरिश पादरी सेंट जोसेफ कैथिड्रल फादर रॉबर्ट क्वाद्रस, फादर नरेश लोबो, फादर डोनाल्ड डिसूजा, बिशप शैलेंद्र दस, पादरी राजेश दयाल, पादरी मॉरिस कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने एक दूसरे को ईस्टर की मुबारकबाद दी।

सेंट पीटर्स चर्च में हुई आराधना, निकला जुलूस: चारबाग, रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित सेंट पीटर्स चर्च में सुबह पांच बजे पहली आराधना हुई। वहीं जुलूस निकाला गया। इसके बाद मुख्य आराधना हुई। जिसमें रेवरन हेनरी जॉनसन ने प्रभु यीशु मसीस के प्रेम और शांति का संदेश दिया। चर्च की क्वायर ने संगीत के बीच मधुर गीत प्रस्तुत किए। इसके साथ ही सेंट जोसफ कैथिड्रल में भी सुबह प्रभु के पुनरूथान पर आराधना हुई। शहर के अन्य चर्चों में भी प्रार्थना सभा हुई। घरों पर भी लोगों ने ईस्टर उत्सव मनाया।

एक-दूसरे को दी बधाई: जुलूस में लखनऊ की सभी कलीसियाओं एवं मसीही लोगों ने भाग लिया और एक-दूसरों को ईस्टर की मुबारकबाद दी। कमेटी की अध्यक्षता आरएफ बन्नी तथा फादर एलिएस द्वारा की गयी। ईस्टर जुलूस सेंट जोसेफ कैथेड्रल में आराधना के बाद समाप्त हुआ। जिसके बाद सेंट जोसेफ कैथेड्रल में एक छोटी आराधना फादर एलियास द्वारा आयोजित की गई। प्रारंभिक प्रार्थना रेव। डॉ। हर्बर्ट एबेल द्वारा की गई थी। रेव। आशीष मैक्सटन द्वारा धर्मग्रंथ का पाठ किया गया। ईस्टर संदेश बिशप ऑगस्टस एंथोनी द्वारा दिया गया। समापन प्रार्थना बिशप डॉ। जे मथायस द्वारा की गई और ई माकाइट द्वारा वोट ऑफ थैंक्स दिया गया।

इनर व्हील क्लब ने निकाली कार रैली



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आज लखनऊ बाराबंकी और अयोध्या के सभी इनरव्हील क्लब द्वारा सर्वाइकल कैंसर जागरूकता के लिए एक कार रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ गोमती नगर के मरीन ड्राइव से जी 20 चौराहे और उसके बाद गोमती नगर स्थित होटल ग्रैंड जेबीआर पर समाप्त हुई। रैली की शुरूआत इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब की प्रेसिडेंट ममता गुप्ता ने फ्लैग ऑफ करके की। रैली में अधिकतर महिलाएं राजस्थानी पगड़ी पहने हुए थे रैली में महिलाएं अलग-अलग पोस्टरों पर सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करने के स्लोगन लिखे हुए थीं। कारों को अलग-अलग तरीके से बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया था, कारों पर कई तरीके के स्लोगन और चित्र भी लगाए गए। रैली में करीब 150 कारों और मोटरसाइकिल एक साथ दिखाई दी। आज के इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब की प्रेसिडेंट ममता गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि हमारे क्लब की समाज के प्रति जवाबदेही है, इसलिए हम सभी को घर की जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के लिए भी समय निकालना होगा, उन्होंने कहा कि हमें कैंसर के पहले चरण में ही जानकारी होना आवश्यक है, समय से डायग्नोसिस होने से उपचार आसान हो जाता है। इसलिए महिलाओं को अपना रूटीन चेकअप नियमित अंतराल पर करना चाहिए, हम आज की इस कर रैली के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर के प्रति अपनी बेटियों को जागरूक करना हम सभी का कर्तव्य है।

आठ रचनाकारों को मिला सुन्दरम साहित्य सम्मान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सुन्दरम्-साहित्य संस्थान की ओर से सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के प्रेमचन्द सभागार में हुए समारोह की अध्यक्षता नरेन्द्र भूषण ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत सरला शर्मा की वाणी वन्दना ने हुई। समरोह में आईएएस डॉ. अखिलेश मिश्र को सुन्दरम् साहित्य शिरोमणि सम्मान, लखीमपुर के ज्ञान प्रकाश 'आकुल' को सुन्दरम् साहित्य गौरव सम्मान, रायबरेली के सौरभ शुक्ल को सुन्दरम् साहित्य गौरव सम्मान, डॉ. अचल सिंह यादव को सुन्दरम् चिकित्सा रत्न सम्मान, अशोक कुमार पाण्डेय 'अशोक' को देवकी कुशवाहा स्मृति सम्मान, सुनील कुमार बाजपेयी को डॉ. आशा रानी स्मृति सम्मान, राजीव 'वत्सल' को भगौता देवी त्रिपाठी स्मृति सम्मान, प्रो. हरि शंकर मिश्र को कमलेश कुमारी श्रीवास्तव स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित रचनकारों ने अपने विचार प्रकट करने के साथ काव्यपाठ भी किया। डा. योगेश के संचालन में हुए समारोह में चिकित्सा अधीक्षक केजीएमयू डा. अमिय अग्रवाल, संस्था के महासचिव हरिमोहन बाजपेयी, संयोजक डा. ममता पंकज व अन्य मौजूद रहे।

साजना दिवस को समर्पित गुरमत समागम पर सजा दीवान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। खालसा साजना दिवस को समर्पित महान गुरमति समागम श्री गुरु नानक सत्संग सभा गुरुद्वारा सदर कैंट लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ दीवान सजाया गया। इस अवसर पर प्रातः का दीवान सहज पाठों की समाप्ति एवं पुनः सहज पाठों की आरंभता से हुआ उसके उपरांत हजूरी रागी भाई रविंद्र सिंह जी द्वारा अमृतमयी पवित्र आसा की वार का शबद कीर्तन गायन से हुई उसके उपरांत मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरविंदर सिंह ने गुरमति विचारों द्वारा खालसा साजना दिवस पर प्रकाश डाला। वीर दविंदर सिंह जी ने शास्त्रीय संगीत में शबद कीर्तन गायन किया। विशेष रूप से पधारे विश्व विख्यात कथावाचक ज्ञानी जसवंत सिंह परवाना जी ने गुरमत विचारों द्वारा दिल को छू देने वाले विचार व्यक्त किये। भाई इंद्रजीत सिंह सादिक शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर वालों ने गुर संगत कीनी खालसा मनमुखी दुहेला। वाह वाह



गोबिंद सिंह आपके गुर चेला।। शबद कीर्तन द्वारा साध संगत को निहाल किया। मुख्य रूप से पधारे पंथ प्रसिद्ध रागी जत्था भाई सरबजीत सिंह जी पटना साहिब वालों ने रखालसा मेरो रूप है खास खालसे महि हौं करो निवास।। शबद कीर्तन गायन कर समूह संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया।

स हरपाल सिंह जग्गी कार्यवाहक अध्यक्ष एवं महामंत्री लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल द्वारा एक निशुल्क मेडिकल कैंप एवं गुरु हरिराय डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा पैथोलॉजी टेस्ट एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। दिनांक 18 अप्रैल को धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं 19 अप्रैल 2025 को दस्तारबंदी मुकाबले में सम्मिलित हुए बच्चों को प्रबंधक कमेटी की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिसमे जूनियर ग्रुप में हरजोत सिंह प्रथम, जयवीर सिंह द्वितीय, तृतीय अगम सिंह रहे। सीनियर डिवीजन सतजोत सिंह प्रथम गुरप्रीत सिंह द्वितीय, जगनूर सिंह तृतीय रहे। कीर्तन मुकाबले मे जूनियर डिवीजन प्रबगुन कौर, तनप्रीत कौर, जसप्रीत कौर तृतीय रहे। सीनियर डिवीजन जसलीन कौर, जसमीत कौर प्रथम रहे। द्वितीय गुनवींन कौर एवं तृतीय सिमरप्रीत कौर।

प्रश्नोतरी मुकाबला जूनियर डिवीसीन हरजोत सिंह प्रथम, उम्मे हबीबा द्वितीय एवं आस्था द्विवेदी तृतीय। सीनियर डिवीजन रणदीप कौर प्रथम, गुरनाम कौर द्वितीय, हरिंदर कौर तृतीय। उल्लेखनीय है सिक्ख बच्चों के अन्य धर्मों के बच्चों ने भाग लिया। जो गंगा जमुनी सभ्यता का प्रतीक है। स. हरदीप सिंह नंदा एवम गुरमीत सिंह ने अवगत कराया कि विद्या के लंगर के नीट एवम यू.पी.एस.सी कोचिंग का ऑनलाइन प्रावधान है एवं लंबे समय से बलविंदर सिंह कार्यरत है। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को इस कार्य में सहयोग प्रदान करते है।

शब्दों से कई गुना अधिक शक्ति होती है चित्रों में : प्रियंवद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। कला दीर्घा, अंतरराष्ट्रीय दृश्य कला पत्रिका एवं गुरुकुल कला वीथिका, आजाद नगर, कानपुर द्वारा आयोजित हुलास, अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन आज प्रख्यात कथाकार एवं उपन्यासकार प्रियंवद द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलित कर हुलास प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन करने के उपरांत मुख्य अतिथि प्रियंवद ने प्रदर्शनी के कैटलॉग का विमोचन किया और कहा कि चित्रों में शब्दों से कई गुना अधिक शक्ति होती है और कम समय में बहुत कुछ संप्रेषित कर देते हैं चित्र।

हुलास प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्र पूरे देश के विभिन्न अंचलों की संवेदनाओं को संप्रेषित करने में सक्षम हैं। इससे कानपुर नगर की कला गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। कला दीर्घा पत्रिका के संपादक डॉ अवधेश मिश्र ने कहा कि यह प्रदर्शनी स्थापित और ऊजार्वान रचनाकारों की प्रयोगधर्मिता है जो उनके स्टूडियो से चलकर गुरुकुल कला वीथिका तक आई है, जिसका रसास्वादन कानपुर के कला प्रेमी, कलाकार एवं कला अध्येता कर सकेंगे। यह प्रदर्शनी देश के अन्य नगरों में भी आयोजित की जाएगी। हुलास प्रदर्शनी रंगों का उत्सव है जो उनमें उमंग भरकर कला रसिकों को रचने को प्रवृत्त करेगी। कला दीर्घा की प्रकाशक डॉ लीना मिश्र ने कहा कि सदैव की भाँति इस बार भी कला दीर्घा, अंतरराष्ट्रीय दृश्यकला पत्रिका रंगों का उल्लास हुलास प्रदर्शनी के रूप में विविध आंचलिक सुवास से लबरेज कृतियों का गुलदस्ता लेकर उत्तर प्रदेश के महत्त्वपूर्ण औद्योगिक नगर कानपुर की गुरुकुल कला वीथिका में उपस्थित है जिसमें सम्मिलित सभी 21 कलाकारों की कृतियाँ उनके व्यक्तित्व, उसकी सोच और कौशल के साथ ही उनकी पृष्ठभूमि विशेष, जहाँ की आबो-हवा से उन्हें ऊजार्वान काया, सकारात्मक सोच और रचनात्मक मन प्राप्त हुआ है, की विशेषताएं देखी, पहचानी और आत्मसात की जा सकती हैं। इन कृतियों में कलाकारों का अपने अतीत में झाँकता और सुखद यात्रा को महसूस करता हुआ मन भी पढ़ा जा सकता है जिसमें वह अपनी अन्तरात्मा को उतार देता है। ऐसे समस्त कलाकारों की महत्त्वपूर्ण और प्रतिनिधि कृतियों से सुसज्जित यह हुलास प्रदर्शनी आपको भी उल्लास के सुवासित रस-रंग से भिगो देगी, ऐसी आशा है। गुरुकुल कला वीथिका में यह प्रदर्शनी आयोजित कर हमारे सह-आयोजक बनने के लिए आचार्य अभय द्विवेदी एवं उनकी पूरी टीम अभिनय प्रताप सिंह, नेहा मिश्रा, अध्यात्म शिवम झा एवं वीना अवस्थी सहित कला दीर्घा के समन्वयक द्वय डॉ अनीता वर्मा एवं सुमित कुमार को हार्दिक धन्यवाद।

बताते चलें कि कलादीर्घा भारतीय कलाओं के विविध स्वरूपों का दस्तावेजीकरण और उसके प्रसार के उद्देश्य से सन 2000 में स्थापित, दृश्य कलाओं की अन्तरदेशीय कला पत्रिका है जो अपनी उत्कृष्ट कला-सामग्री और सुरुचिपूर्ण-कलेवर के कारण सम्पूर्ण कलाजगत में महत्त्वपूर्ण पत्रिका के रूप में दर्ज की गई है।

फूडमैन डॉ. विशाल सिंह को तीन अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से मिली मानद उपाधि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ की भूमि से जनमे फूडमैन डॉ. विशाल सिंह को हाल ही में तीन अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों द्वारा मानद उपाधि से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें इंडिया इंटेलेक्चुअल कॉन्क्लेव 2025 में दिया गया, जो कि इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में भव्य रूप से संपन्न हुआ। उन्हें जिन प्रतिष्ठित संस्थानों ने यह उपाधि प्रदान की, वे हैं यूएसए की युर्निवसिटी एरिजोना, इटली की फ्लोरेंस युर्निवसिटी और इंडियन वर्चुवल ग्लोबल युर्निवसिटी है। यह सम्मान सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि उन लाखों भूखे, असहाय और पीड़ितों का है, जिनकी सेवा डॉ. सिंह पिछले 18 वर्षों से निःस्वार्थ भाव से कर रहे हैं।

सेवा से शुरू हुआ एक अंतरराष्ट्रीय सफर: डॉ. सिंह ने लखनऊ के प्रमुख अस्पतालों झ केजीएमयू, बलरामपुर और लोहिया संस्थान झ में प्रसादम सेवा, भोजन केंद्र, भजन संध्या और विश्राम केंद्र की शुरूआत की। कैंसर रोगियों और उनके परिजनों के लिए ये सुविधाएं आज आशा की किरण बन चुकी हैं। कोरोना काल में उन्होंने सैकड़ों कम्युनिटी किचन के जरिए लाखों लोगों तक भोजन पहुंचाया। वे स्वयं दिन-रात सड़कों पर रहकर इस सेवा कार्य में लगे रहे।

हंगर फ्री वर्ल्ड की गूंज अंतरराष्ट्रीय मंचों तक: उनकी हंगर फ्री वर्ल्ड मुहिम आज एक वैश्विक आंदोलन बन चुकी है। दुबई, सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों में यह अभियान अपनाया जा रहा है। ये देश डॉ. सिंह को आमंत्रित कर उनके मॉडल को अपने यहां लागू कर रहे हैं। डॉ. सिंह का जीवन इस बात का प्रमाण है कि निःस्वार्थ सेवा ही सच्चा धर्म है। वे कहते हैं मुझे ये सम्मान नहीं चाहिए था, मुझे वो मुस्कान चाहिए जो एक भूखे को खाना देकर मिलती है।

आनंद विहार व दिल्ली से चलेंगी तीन स्पेशल ट्रेनें

जोगबनी, मुजफ्फरपुर व दरभंगा की ओर जाने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत, यात्रियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 04094/04093 आनन्द विहार टर्मिनल-जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष गाड़ी का संचालन आनन्द विहार टर्मिनल से 24 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा जोगबनी से 26 अप्रैल से 12 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को 12 फेरों के लिये किया जायेगा।

04094 आनन्द विहार टर्मिनल-जोगबनी आरक्षित विशेष गाड़ी 24 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को आनन्द विहार टर्मिनल से 23.55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजियाबाद से 01.07 बजे, कानपुर सेंट्रल से 07.10 बजे, उन्नाव से 07.35 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 09.10 बजे, सुल्तानपुर से 12.20 बजे, जौनपुर सिटी से 13.25 बजे, वाराणसी जं. से 15.10 बजे, औंड़िहार से 16.07 बजे, गाजीपुर सिटी से 16.55 बजे, बलिया से 18.00 बजे, सुरेमनपुर से 18.40 बजे, छपरा से 20.05 बजे, हाजीपुर से 21.30 बजे, शाहपुर पटोरी से 22.20 बजे, तीसरे दिन बरौनी से 00.15 बजे, बेगूसराय से 00.35 बजे, खगड़िया से 01.25 बजे, नवगछिया से 02.22 बजे, कटिहार से 04.20 बजे, पूर्णिया से 04.55 बजे, अररिया से 05.40 बजे तथा फारबिसगंज से 06.35 बजे छूटकर जोगबनी 07.30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 04093 जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष गाड़ी 26 अप्रैल से 12 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को जोगबनी से 09.30 बजे प्रस्थान कर फारबिसगंज से 09.55 बजे, अररिया से 10.20 बजे, पूर्णिया से 11.10 बजे, कटिहार से 12.30 बजे, नवगछिया से 13.25 बजे, खगड़िया से 14.30 बजे, बेगूसराय से 15.10 बजे, बरौनी से 15.50 बजे, शाहपुर पटोरी से 16.50 बजे, हाजीपुर से 17.55 बजे, छपरा से 20.20 बजे, सुरेमनपुर से 22.25 बजे, बलिया से 23.27 बजे, गाजीपुर सिटी से 23.50 बजे, दूसरे दिन औंड़िहार से 00.40 बजे, वाराणसी जं. से 02.10 बजे, जौनपुर सिटी से 03.20 बजे, सुल्तानपुर से 04.50 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 07.45 बजे, उन्नाव से 09.32 बजे, कानपुर सेंट्रल से 10.10 बजे तथा गाजियाबाद से 15.25 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 16.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 15 तथा एसएलआर के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 04012/04011 दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली आरक्षित विशेष गाड़ी का संचलन दिल्ली से 22 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को तथा दरभंगा से 23 अप्रैल से 12 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को 24 फेरों के लिये किया जायेगा।

04012 दिल्ली-दरभंगा आरक्षित विशेष गाड़ी 22 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिल्ली से 19.30 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 20.10 बजे, मुरादाबाद से 22.38 बजे, दूसरे दिन बरेली से 00.03 बजे, शाहजहाँपुर से 01.05 बजे, हरदोई से 01.53 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 03.50 बजे, सुल्तानपुर से 06.10 बजे, जौनपुर सिटी से 07.22 बजे, वाराणसी जं. से 09.40 बजे, औंड़िहार से 10.37 बजे, गाजीपुर सिटी से 11.22 बजे, बलिया से 12.30 बजे, सुरेमनपुर से 13.10 बजे, छपरा से 14.25 बजे, हाजीपुर से 16.00 बजे, मुजफ्फरपुर से 16.50 बजे तथा समस्तीपुर से 18.35 बजे छूटकर दरभंगा 20.30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 04011 दरभंगा-दिल्ली आरक्षित विशेष गाड़ी 23 अप्रैल से 12 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को दरभंगा से 22.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन समस्तीपुर से 00.05 बजे, मुजफ्फरपुर से 01.10 बजे, हाजीपुर से 02.10 बजे, छपरा से 04.35 बजे, सुरेमनपुर से 05.15 बजे, बलिया से 06.05 बजे, गाजीपुर सिटी से 07.10 बजे, औंड़िहार से 08.05 बजे, वाराणसी जं. से 09.15 बजे, जौनपुर सिटी से 10.20 बजे, सुल्तानपुर से 11.55 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 14.10 बजे, हरदोई से 15.32 बजे, शाहजहाँपुर से 16.30 बजे, बरेली से 17.27 बजे, मुरादाबाद से 19.05 बजे तथा गाजियाबाद से 21.50 छूटकर दिल्ली 22.40 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 10, शयनयान श्रेणी के 07 तथा एसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे।

वहीं, 04030/04029 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 22 अप्रैल से 17 मई तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को तथा मुजफ्फरपुर से 23 अप्रैल से 18 मई तक प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को 08 फेरों के लिये किया जायेगा।

04030 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 22 अप्रैल से 17 मई तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 09.00 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 12.00 बजे, बरेली से 13.32 बजे, शाहजहाँपुर से 14.35 बजे, लखनऊ से 17.45 बजे, सुलतानपुर से 19.35 बजे, जौनपुर सिटी से 20.52 बजे, जौनपुर जं0 से 21.15 बजे, औड़िहार से 22.15 बजे, गाजीपुर सिटी से 23.00 बजे, बलिया से 23.55 बजे, दूसरे दिन सुरेमनपुर से 00.28 बजे, छपरा से 01.30 बजे, सोनपुर से 02.40 बजे तथा हाजीपुर से 02.50 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर 04.30 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 04029 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 23 अप्रैल से 18 मई तक प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को मुजफ्फरपुर से 06.15 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 07.20 बजे, सोनपुर से 07.32 बजे, छपरा से 09.45 बजे, सुरेमनपुर से 10.06 बजे, बलिया से 10.55 बजे, गाजीपुर सिटी से 12.25 बजे, औड़िहार से 13.10 बजे, जौनपुर जं0 से 14.50 बजे, जौनपुर सिटी से 15.10 बजे, सुलतानपुर से 16.30 बजे, लखनऊ से 18.40 बजे, शाहजहाँपुर से 21.30 बजे, बरेली से 22.35 बजे तथा दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.23 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 03.10 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में साधारण द्वितीय श्रेणी के 10, शयनयान श्रेणी के 07 तथा एसएलआर के 02 कोचों सहित कुल 19 आरक्षित कोच लगाये जायेंगे।

लखनऊ को बिजली कटौती मुक्त किया जाये : व्यापारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष अशोक मोतियानी ने बताया कि लखनऊ में लगातार बिजली कटौती से व्यापारी परेशान है। आए दिन अनुरक्षण व मरम्मत कार्य के नाम पर चार से पांच घंटे की बिजली सप्लाई बंद की जा रही है। इससे कारोबार प्रभावित हो रहा है, जिस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। साथ ही अमीनाबाद, चौक सहित अन्य बाजारों में बिजली के तारों का मकड़जाल होने से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है, जिसे हटाया जाए। लखनऊ के व्यस्त बाजारों में फायर से संबंधित इंतजाम पुख्ता होनी चाहिए। अमीनाबाद जैसे बड़े बाजारों में एक फायर विभाग की अतिरिक्त गाड़ी खड़ी होनी चाहिए। लखनऊ को बिजली कटौती से मुक्त रखना चाहिए। नगर निगम द्वारा व्यस्त बाजारों में ठंडे पानी की मशीनें लगाई जानी चाहिए, जिससे बाजारों में आने-जाने वाले ग्राहकों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके।

216 विद्युत रेल इंजनों में 97 इंजनों में एसी की सुविधा

ट्रेन ड्रायवरों के लिए बने है पांच रनिंग रुम और तीन रेस्ट रूम, 119 विद्युत रेल इंजनों को जल्द बदलेंगे एसी में : डीआरएम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में मंडल के लोको पायलटों के कार्य परिस्थितियों और सुविधाओं में व्यापक सुधार हो रहा है। मंडल में स्थित गोंडा और गोरखपुर विद्युत लोको शेड में 216 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की होल्डिंग है, जिनमें से 97 में कैब एयर कंडीशनिंग (एसी) और 3 में शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। शेष लोकोमोटिव में भी ये सुविधाएँ शीघ्र प्रदान करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। मंडल की सभी प्रमुख रेलखंडों पर शत-प्रतिशत रेलवे लाइनों पर विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो चुका है, जिससे सभी ट्रेनें इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव से संचालित हो रही हैं, जो कम शोर, अधिक जगह और बेहतर दृश्यता जैसे लाभ प्रदान करते हैं। इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की तुलना में डीजल लोकोमोटिव में शोर अधिक और सुविधाएँ कम थीं, जबकि नए लोकोमोटिव में आरामदायक सीटें, बड़े लुकआउट ग्लास और एर्गोनॉमिक डिजाइन लोको पायलटों की सुविधा और संरक्षा को बढ़ाते हैं। पिछले एक दशक में आधे से अधिक लोको कैबिनों को एसी, एर्गोनॉमिक सीटों और अन्य आधुनिक सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया गया है। सभी नए लोकोमोटिव में एसी और शौचालय डिफॉल्ट रूप से उपलब्ध हैं, जबकि पुराने लोकोमोटिव में शौचालय स्थापना के लिए रेट्रोफिटिंग और डिजाइन संशोधन का कार्य प्रगति पर है। ये प्रयास लोको पायलटों के कार्य वातावरण को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। रेल संरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए मंडल ने अत्याधुनिक तकनीकों को लागू किया गया है। फॉग सेफ्टी डिवाइस, कवच, ड्राइवर अलर्ट सिस्टम और उन्नत ब्रेकिंग सिस्टम जैसे उपाय संचालन की सुरक्षा को बढ़ाते हैं। मंडल में लोको पायलटों के पर्याप्त विश्राम के लिए सभी 5 रनिंग रूम (लखनऊ जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., सीतापुर जं., और मैलानी जं.) में और 3 रेस्ट रूम में एसी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सभी एकीकृत क्रू रनिंग रूम-महिला लोको पायलटों के लिए अलग अटैच टॉयलेट और ड्रेसिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह व्यवस्था महिला क्रू को सुरक्षित और सुविधाजनक विश्राम प्रदान करती है, जिससे उनकी कार्यक्षमता और कल्याण में वृद्धि होती है तथा उनकी सुरक्षा और आराम सुनिश्चित होता है। ये कदम लोको पायलटों के कार्यबल को सशक्त बनाने में सहायक हैं।कर्मचारी कल्याण के लिए मंडल ने कई प्रभावी कदम उठाए हैं। सभी रनिंग कर्मचारियों को नियमानुसार साप्ताहिक विश्राम और आवश्यक अवकाश प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी कार्य दक्षता और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। ये सभी सुधार न केवल लोको पायलटों के लिए बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करते हैं। जिससे न केवल लोको पायलटों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि रेल संचालन की संरक्षा, दक्षता और विश्वसनीयता को भी बढ़ाते हैं। लखनऊ मंडल का यह प्रयास रेलवे के आधुनिकीकरण और कर्मचारी-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है।



पर्वतीय महापरिषद के संरक्षक, अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने राजनाथ सिंह से की मुलाकात।

धूमधाम से मनाया गया बरेका का स्थापना दिवस

लखनऊ। बरेका की स्थापना दिवस और काशी काव्य संगम का पांचवा वार्षिकोत्सव का आयोजन संस्थान बरेका द्वारा संस्थान पुस्तकालय में कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर संजय सिंह वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, बरेका रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्थान द्वारा बरेका की स्थापना दिवस पर काशी काव्य संगम के सहयोग से जो साहित्यिक रस धारा बहाई गई है, उससे बरेका कर्मचारी एवं उनके आश्रितों के साथ-साथ आसपास के अन्य लोगों में भी साहित्यिक संवर्धन करने में बड़ा सहयोग करेगा। इसके लिए मैं संस्थान के पदाधिकारीयो को साधुवाद देता हूं। बरेका लोकोमोटिव बनाकर नित्य नए रिकॉर्ड बना रहा है उसी प्रकार काशी काव्य संगम भी साहित्यिक सेवा कर नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है।

प्रतिभागियों ने कानूनी तर्कों से दर्शकों और न्यायमूर्तियों को किया प्रभावित

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में द ज्यूरर लीग मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के विधि संकाय द्वारा आयोजित द ज्यूरर लीग मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2025 का समापन अत्यंत सफलतापूर्वक हुआ। देशभर से आए प्रतिभागी दलों ने अपनी विधिक समझ और अभिवचन कुशलता से प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले को रोमांचक बना दिया।

चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का विजेता स्थान प्राप्त किया और रुपये 21,000 की नकद राशि के साथ ट्रॉफी व पदक प्राप्त किए। सेंट जोसेफ कॉलेज, बैंगलोर की टीम उपविजेता रही, जिसे रुपये 11,000 की नकद राशि के साथ ट्रॉफी और पदक प्रदान किए गए।

प्रतिस्पर्धा को और अधिक रोचक बनाते हुए सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, नागपुर तथा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ की टीमें सेमीफाइनल तक पहुंची और अपनी प्रभावशाली अभिवचन शैली एवं कानूनी तर्कों से दर्शकों और न्यायमूर्तियों को प्रभावित किया।

फाइनल राउंड का मूल्यांकन एक प्रतिष्ठित न्यायिक पीठ द्वारा किया गया, जिसमें माननीय न्यायमूर्ति सैयद कमर एच. रिजवी (इलाहाबाद उच्च न्यायालय), प्रो. (डॉ.) के. ए. पांडे (प्राध्यापक, रा.मा.लो.रा.वि., लखनऊ) और डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी (लखनऊ विश्वविद्यालय) सम्मिलित रहे। उनके गहन प्रश्नों ने प्रतिभागियों की अनुसंधान क्षमता, तार्किक सोच और मानसिक संतुलन की गहन परीक्षा ली।

प्रतियोगिता में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए निम्न पुरस्कार प्रदान किये गये : सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार: लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल पुरस्कार: डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ, सर्वश्रेष्ठ छात्र अधिवक्ता: हर्षित त्यागी सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, नागपुर, विशेष उल्लेख (टीम): बीबीएयू, लखनऊ शामिल है।

देश के विभिन्न राज्यों से कुल 36 टीमों ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया, जो विधिक प्रशिक्षण और बौद्धिक संवाद का उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुई। उद्घाटन समारोह में डॉ. सीमा, सह-प्राध्यापक, विधि संकाय ने प्रतियोगिता के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा में एक मील का पत्थर बताया।

डॉ. मिर्जा जुनैद बेग, फैकल्टी कन्वीनर ने मूट कोर्ट की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विधि छात्रों में तुरंत निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है, जो एक सफल अधिवक्ता के लिए आवश्यक है।

समापन समारोह की अध्यक्षता प्रो-चांसलर डॉ. सैयद नदीम अख्तर ने की। उन्होंने कहा कि विधि संकाय ने मात्र नौ वर्षों में अपनी अलग पहचान बनाई है और इंटीग्रल यूनिवर्सिटी वैश्विक शिक्षा मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर प्रो. जावेद मुशर्रफ (कुलपति), प्रो. फुरकान कमर, प्रो. हारिस सिद्दीकी, प्रो. नसीम अहमद जाफरी, एडवोकेट सैयद आफताब अहमद एवं बाल न्यायिक मजिस्ट्रेट सैम जैदी जैसी कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के पहले संस्करण की इस सफल मेजबानी ने न केवल अकादमिक उत्कृष्टता की मिसाल पेश की बल्कि मूट कोर्ट प्रशिक्षण के क्षेत्र में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की मजबूत प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया है, जो आने वाले समय में भारत के कानूनी भविष्य को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

विस्थापितों को राजनाथ सिंह ने पीएम आवासों की चाबी सौंपी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 20.04.2025 को छावनी परिषद, लखनऊ के 17 विस्थापित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित फ्लैट्स की चाभी प्रदान की।

रक्षा भूमि पर अनाधिकृत रूप से विगत 70 वर्षों से रह रहे इन परिवारों को मकान खाली करने का आदेश दिया गया था, जिसकी वजह से युक्त परिवारों पर आवास विहीन होने का खतरा मंडरा रहा था।

रक्षामंत्री के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने संबंधित परिवारों के पुनर्वास की दिशा में आवश्यक निर्देश जारी किया। लखनऊ छावनी परिषद ने इस विषय पर आधिकारिक रूप से लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं जिलाधिकारी लखनऊ से पत्राचार किया, इसके उपरांत लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अपनी बोर्ड बैठक में छावनी परिषद, लखनऊ के इस प्रस्ताव को पारित किया और सभी 17 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित कर दिया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, कैंटोनमेंट बोर्ड के सी.ई.ओ. अभिषेक राठौर, लखनऊ डेवलपमेंट अथॉरिटी के वी.सी. प्रथमेश कुमार उपस्थित थे।

सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस पर्यावरण मित्र पुरस्कार से हुआ सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस को पर्यावरण संवर्धन के प्रयासों एवं छात्रों को इस क्षेत्र में प्रेरित करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर ह्यपर्यावरण मित्र पुरस्कारह्ल से नवाजा गया है। सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस को यह सम्मान सेन्टर फॉर इन्वायर्नमेन्ट एण्ड एजुकेशन (सी.ई.ई) के तत्वावधान में प्रदान किया गया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस के मेधावी छात्रों आरना सक्सेना, अद्वैत कृष्ण सरन, प्लाक्षा सिंह, वैष्णवी शर्मा, अंश प्रताप सिंह एवं अनिका चौरसिया ने अपनी वरिष्ठ प्रधानाचार्या डा. विनीता कामरान एवं शिक्षकों के नेतृत्व में इन्वार्यनमेन्ट एण्ड सस्टेनबिलिटी के क्षेत्र में अपने शोध एवं प्रस्तुतिकरण से जनमानस को ह्यरि-साइकिल, रियूज एण्ड रिड्यूज पलूशनह्ल हेतु प्रेरित किया है। पर्यावरण के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्य से इन छात्रों ने जनमानस में यह विश्वास जगाया कि व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रयासों से हम पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार हेतु चयनित होकर सी.एम.एस. परिवार अत्यन्त गौरवान्वित है। पर्यावरण मित्र पुरस्कार भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय के संयोजकत्व में सेन्टर फॉर इन्वायर्नमेन्ट एण्ड एजुकेशन (सी.ई.ई) द्वारा प्रदान किया जाता है, जो कि खासतौर पर विद्यालयों को छात्रों एवं युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु प्रदान किया जाता है।

लविवि के फार्मेसी रिटेल चेन में 29 छात्रों का मेडप्लस में चयन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल एवं इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 29 छात्रों का मेडप्लस में चयन हुआ जो की भारत की सबसे बड़ी और सबसे भरोसेमंद फार्मेसी रिटेल चेन में से एक है। इस मौके पर विश्वविधालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप भारती, प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर हिमांशु पांडेय, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रो.अशोक कुमार सिंह, एवं फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

इस मौके पर इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट की कोऑर्डिनेटर डॉ.नम्रता सिंह और को-कोऑर्डिनेटर डॉ. सौम्या सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। मेडप्लस के ड्राइव प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक और टेस्ट, शामिल था जिसमे 18 डिप्लोमा इन फामेर्सी (डी. फार्मा) और 51 बैचलर ऑफ फामेर्सी (बी. फार्मा) के अंतिम वर्ष के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। भर्ती अभियान की शुरूआत मेडप्लस के वरिष्ठ एच आर द्वारा दिए गए ओरिएंटेशन सत्र के साथ हुई, जिसमें महादेव के.एस, वरिष्ठ प्रबंधक (बंगलौर) सुमित घोष, प्रबंधक और क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख; और कार्तिक सी. डे, एक्सिक्यूटिव (कोलकाता), शामिल थे। टीम ने मेडप्लस के संचालन, कार्य संस्कृति और कर्मचारी लाभों का गहन अवलोकन साझा किया। श्री सुमित घोष ने बताया की 2006 में स्थापित मेडप्लस ने 12 राज्यों और 680 शहरों और कस्बों में 4,500 फामेर्सी आउटलेट संचालित करने के साथ-साथ 12 पूरी तरह से सुसज्जित डायग्नोस्टिक सेंटर चलाए हैं। कंपनी अब 6,000 स्टोर्स के अपने अगले लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है, लम्बे चयन प्रक्रिया के बाद, 29 छात्रों को फार्मासिस्ट पद हेतु मेडप्लस में चुना गया जिनमें डी. फार्म. के 09 छात्र प्रदीप, सलमान सलमानी, देवांस चौधरी, अमृता बाजपाई, सलीम अख्तर, विवेक जायसवाल, विशाल सिंह, मो. जैद, एवं बी. फार्म. के २० छात्र इलियास रजा, अभिषेक शुक्ला, अजय कुमार पासवान, दिशा राघव, अंजू कुमारी, जानवी विश्वकर्मा, शमा परवीन, सैयद अयान, युक्ता चंदानी, नवीन यादव, रागिनी प्रजापति, सत्यम गुप्ता, रितिका स्निग्धी सिंह, किशन कुमार, राहुल वर्मा, सौरभ शर्मा, अंकुर यादव, अदिति श्रीवास्तव, सरल कुमार सिंह, शीतल वार्ष्णेय, शामिल है।

उन्हें 2.27 लाख रुपये प्रति वर्ष की शुरूआती सीटीसी के साथ ऑफर लेटर प्राप्त होंगे, साथ ही कुछ महीनों के भीतर फार्मासिस्ट पद पर जाने का अवसर मिलेगा, जिसमें 3.28 लाख रुपये प्रति वर्ष की बढ़ी हुई सीटीसी होगी। सभी चयनित उम्मीदवारों को निकटतम मेडप्लस रिटेल इकाइयों में निःशुल्क आवास प्रदान किया जाएगा, जिससे एक सहज ऑनबोर्डिंग अनुभव सुनिश्चित होगा। इस मौके पर विवेक कुमार, मैनेजर, इन्क्यूबेशन सेल, एवं वालंटियर्स छात्रों का योगदान सराहनीय रहा।

संक्षेप

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

गोसाईगंज, सुलतानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के न्योड़िया गांव निवासी आदर्श पुत्र जवाहर लाल रविवार की दोपहर बाइक से प्रयागराज जा रहा था। वह गांव से कुछ दूरी पर स्थित कटघरा गांव के पास पहुंचा था तभी इनायतपुर की ओर से आ रही एक अज्ञात तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आदर्श सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज द्विवेश त्रिवेदी मौके पर पहुंचे और उन्होंने गंभीर रूप से घायल युवक को सरकारी एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेजवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चौकी प्रभारी द्विवेश त्रिवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

भागवत कथा रूपी सत्संग से मानव जीवन होता है उद्धार

लालगंज रायबरेली। श्री बाल्हेश्वर मन्दिर धाम के समीप आदर्श ऋषि आश्रम परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अन्तिम दिवस की कथा मे कथाव्यास झिलमिल जी महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत कथा रूपी सत्संग से ही मानव जीवन का उद्धार हो सकता है।सुदामा चरित्र में निर्धनता महा अभिशाप है। महाराज जी ने भागवत कथा में परीक्षित मोक्ष, तक्षक आगमन आदि अनेक प्रसंगों पर प्रकाश डाला ।सत्संग की व्याख्या करते हुए कथा व्यास ने कहा कि भगवान की कृपा से भागवत भगवान की कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। कथा सुनने से जीव को ज्ञान प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि द्वापर युग में भागवत कथा सुनने से ही राजा परीक्षित का अहंकार नष्ट हुआ था और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। कलयुग में श्री राम कथा सुनना मानव जीवन के लिए परम श्रेष्ठ माना गया है।भागवत कथा के मंच पर पूर्व प्रधान उमेश सिंह और रामचरितमानस पाठ का प्रचार प्रसार कर रहे समाजसेवी भाजपा नेता चंदन त्रिवेदी ने पंडित झिलमिल जी महाराज को रामायण ग्रंथ भेंट किया। उक्त आयोजन में रज्जन गुप्ता, रुकमिणी गुप्ता, सत्यम गुप्ता, प्रियंक बाजपेई, राजेन्द्र तिवारी, सधन त्रिवेदी आदि लोग रहे।

चलाया गया साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान

डलमऊ, रायबरेली। सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ द्वारा वर्ष 2017 से लगातार डलमऊ गंगा तट पर प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। स्वच्छता अभियान के तहत डलमऊ गंगा तट के विभिन्न घाटों पर फैली गंदगी पैच पॉलिथीन अगरबत्ती एवं कूड़ा आदि को निस्तारित कर घाटों को साफ सुथरा एवं गंगा को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया जाता है। यह अभियान बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी महामण्डलेश्वर देवेंद्रानंद गिरि जी महाराज के संरक्षण एवं दिशा निर्देश पर चलाया जाता है। स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने बताया कि गंगा एक राष्ट्रीय एवं जीवन दायिनी नदी है इससे सनातन धर्म प्रेमियों की आस्था जुडी हुई है इसलिए श्रद्धालु गंगा को माँ का कर पुकारते हैं। उन्होंने गंगा को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी से अपील की है। इस मौके पर विकास त्रिपाठी, रोहित त्रिपाठी ,मंयक, देवांश, रमन, आयुष, आर्यावर्त आदि लोगो ने गंगा स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।

राणा बेनी माधव पार्क में नर्सरी संचालक का कब्जा

स्थानीय लोग नाराज, नगर पालिका पर उठ रहे सवाल



जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक राणा बेनी माधव सिंह के नाम पर नेहरू नगर चैराहे पर बनाया गया पार्क पर अवैध कब्जा आजकल चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पार्क का निर्माण लगभग 4.50 लाख रुपये की लागत से किया गया था, लेकिन पिछले कई सालों से पार्क के अंदर चल रही एक नर्सरी ने इसकी मूल पहचान को धूमिल कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नर्सरी के चलते पार्क की सुविधाएं आम जनता के लिए सुलभ नहीं रह गई हैं, और इस मामले में नगर पालिका की उदासीनता से लोगों में भारी आक्रोश है।

राणा बेनी माधव सिंह पार्क को शहर के बीचों-बीच नेहरू नगर चैराहे पर बनाया गया था, ताकि यह स्थानीय लोगों के लिए एक खुला और हरा-भरा स्थान हो, जहां वे सुकून के पल बिता सकें। पार्क में बैठने की व्यवस्था, हरियाली, और अन्य सुविधाओं की योजना बनाई गई थी। लेकिन वर्तमान में पार्क का अधिकांश हिस्सा नर्सरी के कब्जे में है। नर्सरी के संचालन के कारण पार्क का मुख्य गेट अक्सर ताला बंद रहता है, जिससे आम लोग इसका उपयोग नहीं कर पाते। स्थानीय निवासी राम प्रसाद ने बताया यह पार्क हमारे स्वतंत्रता सेनानी राणा बेनी माधव सिंह के सम्मान में बनाया गया था, लेकिन अब यह नर्सरी का अड्डा बन गया है। गेट पर ताला लगा रहता है, और हमें अंदर जाने की अनुमति नहीं मिलती। यह पार्क हमारा हक है, लेकिन इसे हमसे छीना जा रहा है।

नगर पालिका पर किराये के आरोप

स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि क्या नगर पालिका ने इस पार्क को नर्सरी संचालक को किराए पर दे दिया है। लोगों का कहना है कि पार्क के रखरखाव और नर्सरी के संचालन पर कोई पारदर्शिता नहीं है। कुछ निवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका इस नर्सरी से आर्थिक लाभ कमा रही है, जबकि पार्क का मूल उद्देश्य को नजरअंदाज किया जा रहा है। एक अन्य निवासी, विनोद ने कहा कि अगर नर्सरी चलानी ही थी, तो इसे किसी और जगह पर खोला जा सकता था। पार्क को क्यों बर्बाद किया जा रहा है? हमें शक है कि नगर पालिका ने इसे किराए पर दे रखा है, क्योंकि इतने सालों से कोई कार्रवाई नहीं हो रही। ष्अधिकारियों की उदासीनतास्थानीय लोगों का कहना है कि इस मुद्दे को कई बार नगर पालिका और जिला प्रशासन के सामने उठाया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नर्सरी के संचालन को लेकर न तो कोई जवाबदेही तय की गई है, और न ही पार्क को जनता के लिए खोलने की कोई पहल हुई है। यह स्थिति न केवल पार्क की बदहाली को दशार्ती है, बल्कि राणा बेनी माधव सिंह जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी के सम्मान को भी ठेस पहुंचाती है। स्थानीय लोगों में आक्रोशपार्क की इस स्थिति से नाराज स्थानीय लोग अब नगर पालिका के खिलाफ आवाज उठाने की तैयारी कर रहे हैं। कई लोगों ने मांग की है कि पार्क को नर्सरी से मुक्त कराकर इसे फिर से जनता के लिए खोला जाए।

लोग चाहते हैं कि पार्क को नर्सरी से मुक्त कराया जाए और इसे जनता के लिए खोला जाए। नगर पालिका पार्क के रखरखाव और नर्सरी के संचालन से जुड़े सभी विवरण सार्वजनिक करे।पार्क का जीर्णोद्धार किया जाए, ताकि यह राणा बेनी माधव सिंह के सम्मान और जनता की जरूरतों के अनुरूप हो। यदि जल्द ही इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, तो स्थानीय लोग आंदोलन की राह चुन सकते हैं। यह मामला न केवल पार्क की बदहाली, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही और ऐतिहासिक सम्मान का भी सवाल है।

पार्क में कटिया से चल रहा समर्सिबल पंप, नर्सरी संचालक कर रहा पेड़ों की सिंचाई

रायबरेली। जिले में ऐतिहासिक महत्व के राणा बेनी माधव सिंह पार्क में अवैध बिजली कनेक्शन (कटिया) के जरिए समर्सिबल पंप चलाए जाने का मामला सामने आया है। इस पंप का उपयोग पार्क में अवैध रूप से संचालित हो रही एक नर्सरी के पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारी इस अनियमितता पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग हो रहा है और बिजली चोरी को बढ़ावा मिल रहा है।

सम्मान समारोह आयोजित



अमेठी। रविवार प्रधानाचार्य परिषद की ओर श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ इस अवसर पर सर्वप्रथम जनपद में सेवानिवृत्त शिक्षकों प्रधानाचार्य जय प्रकाश तिवारी एवं राजेन्द्र प्रसाद मिश्र तथा राजकिशोर सिंह को अंगवस्त्र,मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ अर्जुन पांडेय ने कहा कि शिक्षकों को जीवन की पहली पारी का बखूबी निर्वहन करने के उपरान्त दूसरी पारी में सार्वभौमिक जीवन में प्रवेश कर समाज सेवा करने की जरूरत है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जयप्रकाश तिवारी एवं राजेन्द्र प्रसाद मिश्र तथा राजकिशोर सिंह ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा शिक्षक को आजीवन दर्पण बनने की जरूरत है। समारोह को डॉ त्रिवेणी सिंह, शिवपूजन उपाध्याय,जय प्रकाश द्विवेदी,मानसिंह, प्रेम कुमार ,नवल किशोर सिंह, श्री लाल सिंह आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर मनोज कुमार द्विवेदी, दिनेश प्रताप, सुभाष तिवारी, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, बृजेश कुमार शुक्ल, मो. माजिद, जितेन्द्र कुमार सिंह, राजेश तिवारी, देवी सिंह, राम यश मौर्य, राजकुमार, राकेश तिवारी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अतिथियों का आभार संयोजक राधेश्याम तिवारी एवं संचालन प्रधानाचार्य राम प्रकाश सिंह ने किया।

पूर्व विधायक के कार्यालय के पास मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

अमेठी । पूर्व विधायक के कार्यालय के पास एक युवक का शव मिलने से हड़कप मच गया।मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है।बताया जा रहा है कि मृतक शराब का आदि था और शराब के नशे में दिनभर इधर-उधर घूमा करता था ।जनपद मुख्यालय के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी की कार्यालय के पास का है।जहां सड़क किनारे आज सुबह एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही गौरीगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त करवाने की कोशिश की। आसपास के लोगों से पता चला कि युवक पास के ही गांव दून्दीपुर वार्ड नं 5 का रहने वाला 40 वर्षीय चंद्र कुमार उर्फ बब्बन कोरी है ।पुलिस द्वारा मामले की जानकारी परिजनों को दी गई जिसके बाद परिजन भी मौके पर पहुँच गए ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।मृतक अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता था और 10 दिन पहले ही दिल्ली से अपने गांव आया था ।मृतक की पत्नी विमला बेटा अभिषेक उर्फ गोलू, रॉकी और बेटी शबनम दिल्ली में ही रहते है। मृतक के भाई दद्दन ने बताया कि, मृतक उसका छोटा भाई है और शराब का आदी था ।शराब के नशे भी ही उसका एक्सीडेंट हुआ होगा जिससे उसकी मौत हो गई ।

पीसीएफ के प्रबंध निदेशक ने गेहूं खरीद केंद्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

अमेठी। रविवार को जनपद अमेठी में सहकारिता विभाग की कय एजेन्सियों द्वारा की जा रही गेहूं खरीद की समीक्षा पी०सी०एफ० के प्रबन्ध निदेशक डा० चन्द्र भूषण त्रिपाठी द्वारा की गयी। समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय प्रबन्धक, पीसीएफ अयोध्या मण्डल, जिला प्रबन्धक, पीसीएफ अमेठी, सहा० आयुक्त एंव सहा० निबन्धक के प्रतिनिधि अपर जिला सहकारी अधिकारी, मुख्यालय अमेठी एवं अपर जिला सहकारी अधिकारी, तहसील मुसाफिरखाना व तिलोई द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रबन्ध निदेशक द्वारा जनपद में गेहूं खरीद की धीमी प्रगति पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। इसके लिये सचिवों के साथ ही विकास खण्ड एव तहसील स्तरीय अधिकारियों को भी क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर शासन की नीतियों के अनुरूप मूल्य समर्थन योजना के लाभों से कृषकों को अवगत कराते हुए सहकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं विक्रय करने हेतु प्रोत्साहित करने के कड़े निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने गेहूं खरीद में रूचि न लेने वाले क्रय केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश सहा० आयुक्त एवं सहा० निबन्धक, सहकारिता, अमेठी को दिये। समीक्षा बैठक के पूर्व प्रबन्ध निदेशक द्वारा पी०सी०एफ० के कय केन्द्र बीपैक्स निहालगढ़ एवं मुसाफिरखाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अपर जिला सहकारी अधिकारी, मुख्यालय अमेठी द्वारा सचिवों एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से कृषकों से संपर्क कर लक्ष्य के अनुरूप गेहूं खरीद कराये जाने के कड़े निर्देश दिये गये।

आंधी तूफान व ओलावृष्टि से नष्ट फसलों का उचित मुआवजा देने की मांग



अयोध्या। रुदौली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में शनिवार को भोर में तेज हवा, आंधी तूफान और ओलावृष्ट गांवों का कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ने भ्रमण किया।और प्राकृतिक आपदा से किसानों की क्षति हुई फसलों का जायजा लिया। प्रभावित गांवखण्ड पिपरा मीनापुर जुनेदपुर डफियापुर पहुंच कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य दयानंद शुक्ला ने प्रभावित किसानों से मिलकर प्राकृतिक आपदा से उनके फसलों के नुकसान पर दुख प्रकट करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार से ओला विष्ट प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग करते हुए जिला अधिकारी अयोध्या को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों के खेतों का सर्वे करा कर उन्हें मुआवजा दिए जाने की मांग की।इसके अलावा श्री शुक्ला ने आंधी तूफान से चरमराई विद्युत व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त कर निर्बाध गति से विद्युत आपूर्ति करने की मांग की।इस अवसर पर रणजीत सिंह, राम कृष्ण शुक्ला, केशव प्रसाद, नदीम अहमद, अनमोल शुक्ला, शिवकुमार मौर्या, मुबीन अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

दुनिया भर के मठ-मंदिरों के लिए प्रशिक्षित पुजारी व कर्मकाण्डी तैयार कर रही विहिप

अयोध्या। विहिप ने हिन्दू धर्म को मजबूत करने व सही ढंग से पूजा- पाठ तथा विभिन्न कर्मकाण्ड सम्पादित कराने व दुनिया भर में स्थित सभी मठ-मंदिरों में प्रशिक्षित पुजारियों की नियुक्ति कराने के उद्देश्य से अयोध्या नगरी के गोलाघाट क्षेत्र में स्थित जानकी जीवन मंदिर में अर्चक/ पुरोहित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया है। प्रथम बैच में अभी बीस युवक विभिन्न पूजा पद्धतियों व कर्मकाण्ड विधियों का प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण समिति के संरक्षक व शिवदयाल जायसवाल विद्यामंदिर इण्टर कालेज अयोध्याधाम के पूर्व प्रधानाचार्य शिव प्रसाद शुक्ल ने एक भेंट में बताया कि इस प्रशिक्षण की अवधि एक साल की है इस अवधि में प्रशिक्षण लेने वालों को विश्व हिन्दू परिषद की ओर भोजन, जलपान व आवास की निःशुल्क सुविधा मुहैय्या कराने के साथ-साथ तीन-तीन हजार रुपए प्रतिमाह दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण लेने वाले युवकों को विभिन्न भाषाओं और विभिन्न पद्धतियों से पूजा- पाठ व कर्मकाण्ड कराने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे विदेशों में स्थित मठ मंदिरों में भी जाकर पूजा-पाठ व कर्मकाण्ड करा सकें।किसी भी जाति के हिन्दू युवक इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण लेने के इच्छुक युवक प्रशिक्षण केंद्र पर आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

गाजे- बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा



कूरेभार, सुलतानपुर। विकास क्षेत्र धनपतगंज में रविवार की सुबह 8 बजे धनंजई गांव में शुरू हुई, सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा से पहले कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा कथा स्थल से शुरू हुई कलश यात्रा में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के साथ क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग शामिल हुए। आस्था का कलश लेकर निकले श्रद्धालु प्रयागराज से पधारे कथा व्यास श्री 1008 अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज के वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ आसपास के गांवों पहुंचे और मंदिरों में पूजन किया।इसके बाद कलश यात्रा धमसा देवी धाम पहुची, जहां भक्तों ने पूजन अर्चन के बाद कथा स्थल पर पहुंचकर कलश यात्रा सम्पन्न हुई। इस दौरान कथा व्यास अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा से पहले निकलने वाली कलश यात्रा एक शुभ और धार्मिक अनुष्ठान है जो कथा के आयोजन से पहले किया जाता है। यह यात्रा भागवत कथा की शुरूआत को चिह्नित करती है और कथा स्थल को पवित्र करती है। इस दौरान मुख्य यजमान कमलेश सिंह, गीता सिंह, संतोष सिंह, परमानंद सिंह, महेंद्र सिंह, मनोज सिंह, दुर्गा पांडेय, आंनद सिंह, अमर सिंह अमन पांडेय, भैरव पांडेय, राम कृष्ण पांडेय ,पूजा सिंह, आरती सिंह, ज्योति दूबे, सौरभ, वेदांश सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

- कथा व्यास श्री 1008 अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज के वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच कलश यात्रा ने क्षेत्र में किया भ्रमण

सैय्यद शाह बाबा के सालाना उर्स का आगाज

- पूर्व विधायक रामलाल अकेला व बछरावां पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने किया उद्घाटन



बछरावां, रायबरेली। हिंदू मुस्लिम कौमी एकता का प्रतीक सैय्यद शाह बाबा के उर्स शरीफ का उद्घाटन शनिवार की रात्रि को पूर्व विधायक रामलाल अकेला व बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। वही इसके साथ ही इस मौके पर उर्स मेला कमेटी के सदर निजामुद्दीन के द्वारा पूर्व विधायक रामलाल अकेला व चेयरमैन बछरावां शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी का स्वागत किया गया। वहीं इसके बाद पूर्व विधायक व नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा क्षेत्र के पत्रकार साथियों को अंग वस्त्र अर्पित कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेक्रेटरी निजामुद्दीन, खजांची शहाबुद्दीन, नायब सेक्रेटरी भैय्यन हुसैन, नायब खजांची रेशू मंसूरी, अनस मंसूरी, इमरान मंसूरी, प्रचारक तुषार मंसूरी, प्रचार मंत्री राजू मंसूरी व डॉक्टर सी.एम. त्रिपाठी मौजूद रहे। वहीं उर्स मेला कमेटी के आयोजक निजामुद्दीन मंसूरी के द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, सभासद कुंवर वीरभान सिंह को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि बछरावां का उर्स क्षेत्र में ही नहीं अपितु जनपद में हिंदू मुस्लिम एकता का साक्षात प्रतीक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मुझे यह देखकर अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है कि इस कार्यक्रम में जितने मुस्लिम भाई मंच पर मौजूद नहीं है उससे कहीं अधिक हिंदू भाई मौजूद है। वही या क्षेत्र का ऐतिहासिक उर्स कमेटी के सरपरस्त निजामुद्दीन मंसूरी की देखरेख में 18 अप्रैल को ईद मिलादुन्नबी के साथ मेले का शुभारंभ हुआ व 19 अप्रैल को फैजान अजमेरी राजस्थान व मुस्कान डिस्को उत्तराखंड के मशहूर कव्वालों के बीच जवाबी कव्वाली का आयोजन हुआ। 20 अप्रैल को मशहूर कव्वाल शरीफ परवाज कानपुर व सनम वारसी बनारस के बीच जवाबी मुकाबला होगा। बाराबंकी, उन्नाव, लखनऊ, सुल्तानपुर सहित कई जिलों के जायरीनों ने विशाल उर्स मेले का लुफ्त उठाया।

चैबीस घंटे में मृतक आश्रितों को मिला दैवीय आपदा सहायता राशि



सोहावल-अयोध्या। बीते शुक्रवार की शाम आए तूफान से मरने वाले चार परिजनो को बीकापुर विधायक डा अमित सिंह चैहान ने एसडीएम सोहावल अभिषेक सिंह, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चैहान की मौजूदगी मे प्रत्येक परिवार को चार चार लाख रुपए का चैक सौंपा। बीकापुर विधायक डा चैहान ने महोली ग्राम सभा के मजरे सैदपुर निवासी जल्ला रावत की बेटियां ललिता, पूजा, तथा राजेंद्र रावत की पत्नी मृतक दीपा यादव के पति दीपक यादव को मुख्यमंत्री की ओर से मिलने वाली दैविक आपदा की धनराशि का प्रमाण पत्र सौंपते हुए कहा कि आक्सिमिक तूफान तेज बरसात की चपेट मे आने से पांच लोगो की मौत आम जनमानस के हृदय को झक झोरने वाला रहा। ऐसी आपत्ति मे शासन प्रशासन संकट की इस घडी मे साथ खडा है मालूम हो कि तूफान मे ट्राली पलटने से महोली सैदपुर निवासी ललिता, पूजा पुत्री जल्ला एवं पत्नी राजेद्र कुमार धन्नीपुर बुधौलिया निवासी दिपा पत्नी दीपक दीवार गिरने से मौत हो गयी थी। हाजी पुर बरसेंडी के मजरे गंजा मे भैस बाधने के दौरान पेड गिरने से गीता देवी की मौके पर मौत तथा पति सुशील घायल हुए थे।गीता देवी का पोसटमार्टम परिजनो द्वारा नही कराए जाने से पीडित परिवार वंचित रहा।मुख्यमंत्री की शीघ्र आर्थिक, सहायता पीडित परिवार को देने की घोषणा की थी। जिसके तहत आज चार मृतक, परिवार को बीकापुर विधायक ने चार चार लाख की आर्थिक सहायता राशि का प्रमाण पत्र सौपा।

शॉर्ट सर्किट से गेहूं के खेत में लगी आग, छह बीघा फसल जली

गोसाईगंज। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के महिलो आशापुर गांव के मुरली का पुरवा में रविवार दोपहर अचानक उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खेत में आग की लपटें उठती दिखीं। दोपहर एक बजे के आसपास ऊपर से गुजरे जर्जर बिजली के तार से चिंगारी निकलकर नीचे गिरी, जिससे गेहूं के खेत में आग लग गई। हवा तेज होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वहीं, गांव के लोग भी बाल्टी, पाइप और ट्यूबवेल की मदद से आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक करीब छह बीघा फसल जल चुकी थी। इस घटना में कई किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जिन किसानों की फसल जली है, उनमें श्रीराम का एक बीघा, सत्य नारायण व सतीश कुमार की दो बीघा, रामू सोनी और सोना देवी की लगभग एक बीघा, सरजू प्रसाद मिश्र की एक बीघा तथा सतीश कुमार की एक बीघा गेहूं और गन्ने की फसल शामिल है। सूचना पर राजस्व निरीक्षक अयोध्या सिंह और हल्का लेखपाल इंद्रजीत यादव मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया। उन्होंने बताया संबंधित रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है और जल्द प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। ग्रामीणों ने इस घटना के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि गांव में वर्षों पुराने तारों को बदलने के लिए कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से क्षेत्र में बिजली के तारों की मरम्मत या बदलाव किया जाये।

हथौड़ी, लोहे का ठीहा भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणों के साथ 2 गिरफ्तार

अमेठी । एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं एएसपी अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना इन्हौना पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद अमेठी की संयुक्त टीम इस्लामगंज चौराहे पर मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि गंदा नाला के पास स्थित खण्डहर के एक कमरे में दो लोग भट्ठी जला कर अवैध शस्त्र बना रहे हैं । उक्त सूचना पर संयुक्त टीम ने एक बारगी दबिश देकर घेरकर दो व्यक्तियों को मौके से पकड़ लिया ।

नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम विजय लोहार उर्फ बिजली पुत्र कल्लू लोहार निवासी अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष बताया, जिसकी तलाशी से 1 तमंचा व 4 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। दूसरे ने अपना नाम कल्लू लोहार पुत्र बाबू लाल निवासी अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान जनपद अमेठी उम्र करीब 47 वर्ष बताया, जिसकी तलाशी से 1 तमंचा 12 बोर व 2 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । अभियुक्तों के कब्जे व मौके पर कमरे की तलाशी से एक झोले व प्लास्टिक की चटाई पर 2 12 बोर व 1 315 बोर तमंचा, 1 धौंकनी, 12 नाल 12 बोर, 40 स्प्रिंग, 8 लोहे की पत्ती, 3 पेंच, 2 हथौड़ी, 1 लोहे का ठीहा, 1 बसुला, 2 पेचकस, 1 प्लास, 1 लोहे की आरी, 2 छेनी, 2 हैमर, 2 लकड़ी की बट, 1 लकड़ी की बॉडी, 2 लोहे की समसी, 1 लोहे की डाई, रेगमाल, लोहे का बरमा आदि अन्य भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए । मौके से बरामद बाइक बजाज डिस्कवर (बिना नंबर प्लेट) के कागज मांगने पर दिखा न सके । अभियुक्तों को समय करीब 21:10 बजे गिरफ्तार कर थाना इन्हौना द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

सीएससी का सीएमओ ने किया निरीक्षण



सोहावल-अयोध्या। शनिवार की शाम सोहावल सीएचसी का सीएमओ डा. सुनील कुमार बानियान ने निरीक्षण करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विधायक निधि से मरीज को बैठने के लिए बने शेड में पंखा लगाने का निर्देश देते हुए मरीज को शासन से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में केंद्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए अस्पताल की बिल्डिंग में लगे फायर सर्विस की गहन जांच कर बिल्डिंग में अग्नि निवारण यंत्र सिलेंडर का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सुरेश सिंह द्वारा ब्लॉक बैंक अकाउंटेंट वैशाली गुप्ता के खिलाफ मुख्य चिकित्सा अधिकारी से शिकायत करते हुए बताया गया कि महीने में लगभग 10 दिन केंद्र पर ड्यूटी करने आती है।शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई करने की बात कही। एक्स-रे के बाद मरीज को फिल्म न मिलने की शिकायत पर कहा की केंद्र पर एक्सरे वाले मरीजों को जिनके पास कीपैड वाला मोबाइल है। उन मरीजों को केंद्र प्रभारी की काउंटर साइन के बाद फिल्म दिया जाएगा। सोहराब खान रौनाही एएनएम सेंटर की शिकायत करते हुए कहा कि रात में केंद्र पर एएनएम निवास नहीं करती। सेंटर पर आने वाले मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। सीएचसी प्रभारी डा0 प्रेम चंद भारती ने सीएमओ को अवगत कराया कि पूर्व में तैनात रही एएनएम पुष्पा पाल ट्रांसफर होने के बाद आवास खाली नहीं कर रही है। इस मामले की उनको नोटिस जारी की गई है एएनएम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कहा कि जब तक आवास खाली न करें। इनका वेतन रोका जाए निरीक्षण के दौरान महिला चिकित्साधिकारी डाक्टर फातिमा, डॉ. आलोक विश्वकर्मा, चीफ फार्मासिस्ट डॉ. जनार्दन गौड़, फार्मासिस्ट हरगोविंद सिंहसहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

सुलभ शौचालय का शिलान्यास

अयोध्या। नगर निगम अयोध्या पुरुषोत्तमनगर वार्ड में पार्षद ज्ञानमती एवं पार्षद प्रतिनिधि ओरौनी प्रसाद पासवान ने डॉ. अम्बेडकर मिनी स्टेडियम हांसापुर में सुलभ शौचालय लगभग 13 लाख की लागत से 8 सीटर का शिलान्यास किया और पार्षद प्रतिनिधि ने यह भी बताया कि जल्द ही एक दो दिन में सिद्धपीठ स्थल ब्रह्मबाबा के स्थान पर सुलभ शौचालय का दर्शनार्थियों हेतु 8 सीटर 4 महिला 4 पुरुष का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा और पार्षद प्रतिनिधि ने कहा कि मा0 महापौर श्री गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त के सौजन्य से पुरुषोत्तम नगर वार्ड का चैमुखी विकास का कार्य किया जायेगा।

तेल के दाम घटायें

वैश्विक स्तर पर ट्रेड और टैरिफ वार के कारण आशंकित मंदी ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड के दामों को सतह पर ला दिया है। क्रूड के दाम फिलहाल एक तिहाई तक नीचे आ गये हैं। अब तेल कंपनियों को पेट्रोल एवं डीजल पर जमकर मुनाफा हो रहा है। सरकार ने भी पेट्रोलियम पर एक्साइज बढ़ाकर अपनी कमाई बढ़ा ली है, कंपनियां भी मुनाफा काट रही हैं। इसलिए अब समय आ गया है जब सस्ते तेल का कुछ फायदा ग्राहकों को भी दिया जाये। कच्चे तेल में गिरावट भले मंदी के संकेतों के कारण हो लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह मौका है। इससे देश में महंगाई नियंत्रण में मदद मिलेगी, विकास तेज होगा और आम लोग भी राहत महसूस करेंगे। लेकिन इसके लिए यह जरूरी है कि सरकार कम से कम पांच रुपये की कटौती पेट्रोल एवं डीजल के दामों में करे ताकि कच्चे तेल का कुछ फायदा ग्राहकों तक भी पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने इस वर्ष दुनिया भर में कच्चे तेल की मांग को लेकर नये अनुमान पेश किए हैं। ताजा अनुमान के मुताबिक तेल की मांग में 3 लाख बैरल रोजाना की तीव्र गिरावट की बात कही गयी है। संभवतः यह नीतिगत अनिश्चितता और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ संबंधी घोषणाओं से उत्पन्न कारोबारी जंग की स्थिति में आर्थिक गतिविधियों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को भी



दर्शाता है। यह तेल बाजार में घटित कई अन्य घटनाओं के बीच हुआ है जिनमें तेल उत्पादकों के समूह अर्थात ओपेक देशों द्वारा अगले महीने उत्पादन बढ़ाने का निर्णय भी शामिल है। बहरहाल, आईईए के नए अनुमान बाजार के लिए पूरी तरह चौंकाने वाले नहीं हैं। उच्च आपूर्ति और कम मांग के अनुमानों का असर तेल कीमतों पर बीते कुछ सप्ताहों के दौरान पहले ही नजर आने लगा था। पिछले सप्ताह एक समय कच्चा तेल 60 डॉलर प्रति बैरल की दर पर कारोबार कर रहा था। कई एजेंसियों ने आगे के लिए कीमतों के अपने अनुमान और कम किए थे। यह गौर करने वाली बात यह है कि आईईए ने अनुमान जताया कि कई ऐसे हालात हैं जिनके चलते अगले वर्ष भी कच्चे तेल की मांग प्रभावित होगी। खाड़ी के कुछ देश और रूस अपने बजट घाटे की भरपाई के लिए उच्च तेल कीमतों पर निर्भर हैं। रूस तो अपनी सैन्य जरूरतों और महत्त्वाकांक्षाओं के लिए भी इस पर निर्भर है और उसे आगे चलकर कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। बहरहाल, अमेरिका में उत्पादन पर असर बहुत स्पष्ट नहीं है। कुछ उत्तर अमेरिकी उत्पादक लागत के मामले में संवेदनशील हैं। अगर तेल कीमतें लंबे समय तक 60-65 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बनी रहती हैं तो उनके लिए भी दिक्कतें हो सकती हैं। शायद यही कारण है कि सऊदी अरब ने कीमतों को नियंत्रित करने का प्रयास करने के बजाय उत्पादन बढ़ाने का निश्चय किया है। अमेरिकी नेतृत्व विकास को लेकर भरोसा बहाल करने के बजाय नीतिगत अनिश्चितता बढ़ाने पर ही जोर दे रहा है। ऐसे में तेल की कीमतें लंबे समय तक सीमित दायरें में रहेंगे और यही मौका है जब भारत को बच्चे तेल का रिजर्व बढ़ाने से लेकर लंबे समय तक कॉन्ट्रैक्ट कर अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना चाहिए। भारत जीवाश्म ईंधन का विशुद्ध आयातक है और उसके लिए कच्चे तेल की कम कीमतें लाभदायक साबित हो सकती हैं। निश्चित तौर पर इससे आयात बिल कम होगा लेकिन यह याद रखना भी आवश्यक है कि यहां भी जटिलताएं हैं। बीते सालों में ईंधन सब्सिडी में भारी कमी आने के बावजूद सार्वजनिक वित्त के साथ तेल कीमतों का रिश्ता जटिल है। आयात का मूल्य कम होगा लेकिन परिशोधित तेल का निर्यात मूल्य भी घटेगा। कुल मिलाकर वृहद आर्थिक अनिश्चितता जिसके चलते दुनिया भर में तेल की मांग में कमी आई है, वह अन्य निर्यात की मांग भी कम करेगा। तेल आयात का कम बिल चालू खाते पर अनुकूल असर डालेगा लेकिन वैश्विक अनिश्चितता के कारण वित्तीय चुनौतियां सामने आ सकती हैं। इसलिए यह मौका भी है और चुनौती भी। इसे सरकार किस तरह अपने हित में उपयोग करती है, यह उसकी कुशल और सुविचारित फैसलों पर निर्भर करेगा।

विचार

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

-स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

-आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

-महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

-सुभाष चन्द्र बोस.

पश्चिम बंगाल की सियासत का रक्त चरित्र



मनोज बाजपेयी



बंगाल में जो कुछ वक्फ कानून के विरोध में हुआ और हो रहा है, उसे कानून का राज तो नहीं कहा जा सकता है। बंगाल की सियासत में जो दशकों से रक्त चरित्र व्याप्त है, वह लगता है अब विरोध, धरना-प्रदर्शन और लोकतांत्रिक आंदोलनों में भी उतर आया है। तभी तो मुर्शिदाबाद, मालदा, 24 परगना जैसे जिलों में वक्फ संशोधन कानून का विरोध करने के लिए सड़क पर उतरी भीड़ ने चुन-चुनकर हिन्दुओं के घरों, दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। जिस बंगाल के भद्रलोक ने कभी देश में आजादी की चेतना जगायी, सामाजिक सुधार आंदोलनों को क्रांति का रूप दिया, शिक्षा की ज्योति जलायी, उस बंगाल में लोकतांत्रिक विरोध करने सड़क पर उतरी भीड़ के पास क्या इतनी भी चेतना नहीं थी कि वक्फ कानून बनाने या लागू करने में उन हिन्दुओं का कोई योगदान नहीं है जिनके घरों, दुकानों और वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। बिना किसी वजह के हिंसा, रक्तपात व हत्याएं की गयीं। आज हिंसा से पीड़ित सैकड़ों हिन्दू परिवार अपने घरों को छोड़कर दूसरे जिलों और दूसरे राज्यों में शारणार्थी बनने को विवश हैं।

यह भारत में कश्मीर के बाद दूसरी बार है जब हिन्दुओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया गया और उन्हें अपनी व परिवार की जान की सुरक्षा के लिए पलायन के लिए विवश होना पड़ता। यह दरअसल संविधान, कानून और कानून के राज का सीधे-सीधे अतिक्रमण है और एक ऐसी अराजक व्यवस्था कायम करने का प्रयास है जहां 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' वाली कहावत चरितार्थ हो। पश्चिम बंगाल में जिस तरह एक वर्ग को हिंसा, आगजनी और लूटपाट करने की छूट दी गयी और हिन्दुओं को पलायन करने के लिए विवश होना पड़ा उससे यह ज्वलंत सवाल फिर खड़ा हो गया है कि क्या इसीलिए हिन्दुस्तान बना था कि हिन्दुओं को पलायन के लिए विवश होना पड़े? वोट बैंक की सियासत इस देश को कहां ले जाना चाहती है? वोट बैंक की लालच में टीएमसी बार-बार दंगाइयों की बर्बरता को नजरअंदाज करती है। इसलिए केन्द्र सरकार को इस पर सियासत करने के बजाय मजबूती का परिचय देना चाहिए और हिन्दुओं और सभी शांतिप्रिय नागरिकों की जीवन रक्षा के लिए सांविधानिक प्रावधानों का उपयोग कर कानून के राज को कायम करना चाहिए। पं. बंगाल के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में हाईकोर्ट के आदेश पर अब केन्द्रीय बलों की तैनाती हो भी रही है। लेकिन सवाल यह है कि वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में ही इतनी हिंसा, आगजनी, रेलवे ट्रैक को बाधित करने और खून-खराबे वाला माहौल क्यों है? देश के अन्य राज्यों में ऐसी हिंसा क्यों नहीं है? क्या बंगाल में दंगाइयों और उपद्रवियों को सत्ता का संरक्षण मिल रहा है? क्या वोट बैंक की खातिर इन दंगाइयों को खुली छूट मिली हुई है? कानून के विरोध के नाम पर हिंदू पिता-पुत्र की हत्या करने का दुस्साहस आखिर दंगाइयों में आया कैसे? उपद्रवियों और एक खास जमात के दंगाइयों ने घरों, दुकानों, मंदिरों पर हमले करने का दुस्साहस कहां से हासिल किया? रेलगाड़ियां रोकने की छूट आखिर किसने दी।

ऐसे अराजक हालात के मद्देनजर कलकत्ता उच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि अदालत आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकती। उच्च न्यायालय को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देना पड़ा। फिलहाल बीएसएफ के साथ ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 5 कंपनियां भी तैनात की गई हैं। लेकिन यह नौबत ही क्यों आई? राज्यपाल सीवी आनंद बोस को कठोर बयान देने पड़े कि सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने और किसी की जिंदगी को खतरे में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बीजेपी को भी आरोपों की राजनीति से आगे बढ़कर बंगाल हिंसा के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को कानून के दायरे में लाकर सजा दिलाना चाहिए। यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि आगामी विधानसभा चुनावों तक किसी भी तरह की सियासी हिंसा न हो। राजनीति और चुनाव शांतिपूर्ण हों और कानून का राज ऐसा हो जहां सब सुरक्षित महसूस करें।

विमर्श

दरअसल ऐसे उग्र, नफरती और हिंसक माहौल का बुनियादी आधार क्या है? वक्फ संशोधन कानून दरअसल एक मुखौटा भर है। जो नेता, सांसद, मौलाना आदि सरेआम औसत मुसलमानों को भड़का-सुलगा रहे हैं, क्या उनके बयान किसी कानून के दायरे में नहीं आते? क्या लोगों को बरगलाना, उकसाना, हिंसा के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करना कानून के दायरे में आता है? क्या इसी को अभिव्यक्ति की आजादी कहते हैं?

कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है, लिहाजा अमन-चैन बरकरार रखना मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस का संवैधानिक दायित्व है। संविधान में केंद्र और राज्य की भूमिकाओं की स्पष्ट व्याख्या है। समवर्ती सूची का कानून केंद्र और राज्य दोनों ही बना सकते हैं। यदि ऐसे किसी कानून पर केंद्र बनाम राज्य की टकराव पूर्ण स्थिति पैदा होती है, तो संविधान के अनुच्छेद 254 के तहत केंद्र का बनाया कानून ही मान्य होगा। राज्य सरकार उसे खारिज नहीं कर सकती। वक्फ बिल इन्हीं अनुच्छेदों की परिधि में पारित कराया गया है। वह समवर्ती सूची का कानून है, लिहाजा संसद द्वारा पारित किए गये बिल को बंगाल कैसे नकार सकता है? यदि इस संबंध में भारत सरकार कोई कार्रवाई करती है, तो संघीय ढांचे के उल्लंघन का रोना रोया जायेगा और इसे लोकतंत्र की हत्या बताने में भी देर नहीं की जायेगी। यह विवाद फिलहाल सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। जहां दो दिनों तक सुनवाई हो चुकी है और आने वाले दिनों में इस पर आगे भी सुनवाई होगी। वक्फ कानून की आड़ में उपद्रव मचाने वालों को याद रखना चाहिए कि आखिर फैसला शीर्ष अदालत को ही करना है। तोड़-फोड़ करने या आंदोलन सुलगा कर कुछ भी हासिल नहीं होगा। यह भी कि वक्फ़ कानून के विरोध का किसान आंदोलन से तुलना करना छोड़ दें। सवाल यह भी है कि वक्फ का मामला प्रशासनिक है, इसे मजहबी किसने और क्यों बनाया है? आखिर प्रदर्शनकारियों को कानून के किस प्रावधान पर आपत्ति है? अगर आपत्ति है तो उसे अदालत के समक्ष उठा सकते हैं? लेकिन जब मामला अदालत के समक्ष है, तब विरोध प्रदर्शन और हिंसा का क्या मतलब है।

वक्फ कानून को खारिज करने के लिए बहुत सी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लगायी गयी हैं और कानून को अदालत से खारिज कराने के लिए देश के नामी वकील अपना तर्क अदालत के सामने पेश कर रहे हैं। ऐसे में सड़क पर इसका विरोध करने वालों को इतनी मर्यादा तो रखनी ही चाहिए कि जब मामला अदालत में है लड़ाई कानूनी तौर-तरीकों से हो रही है, तो सड़क हिंसा आगजनी करने से कुछ हासिल नहीं होगा? अदालत इस कानून संवैधानिकता की जांच कर रही है और अगर कहीं भी यह संविधान के विरूद्ध होगा, सांविधान के किसी प्रावधान का अतिक्रमण कर रहा होगा, तो इसे 'नल-वाइड' कर सकता है। जहां तक पं. बंगाल की हिंसा का सवाल है, तो इसके पीछे जरूर साजिश और षड़यंत्र होगा। अपने वोट बैंक की चिंता और सियासी विरोध में ममता बनर्जी भले बंगाल हिंसा के लिए बीजेपी या आरएसएस को जिम्मेदार ठहरायें लेकिन कानून-व्यवस्था राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। इससे बंगाल की सरकार बच नहीं सकती है। बीजेपी को भी आरोपों की राजनीति से आगे बढ़कर बंगाल हिंसा के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को कानून के दायरे में लाकर सजा दिलाना चाहिए और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि आगामी विधानसभा चुनावों तक किसी भी तरह की सियासी हिंसा न हो। राजनीति और चुनाव शांतिपूर्ण हों और कानून का राज ऐसा हो जहां सब सुरक्षित महसूस करें। कुल मिलाकर पं. बंगाल के सियासी रक्त चरित्र के लोकतांत्रिक परिष्कार की सख्त जरूरत है।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सोशल मीडिया



जैसाकि हम विश्व लीवर दिवस मनाते हैं, आइये एक स्वस्थ लीवर के महत्व व समग्र कल्याण में इसकी भूमिका के बारे में जन जागरुकता बढ़ाने के लिए हम एक साथ आयें। जेपी नड्डा.



देश में जो लड़ाई चल रही है ये राजनीतिक लड़ाई तो है, लेकिन विचारधरा की भी लड़ाई है। पूरा देश इस बात को जानता है कि सिर्फ कांग्रेस ही बीजेपी आएसएस को हरा सकती है। राहुल गांधी



महाराष्ट्र में एक पुलिस ऑफिसर द्वारा खुलासा किया जाना कि ईवीएम में धांधली करने के लिए उनके खाते में भाजपाइयों ने 10 लाख डलवाये, ये भाजपा महाभ्रष्टाचार का भंडाफोड़ है। अखिलेश यादव

आरक्षण नहीं, विकास से होगा गरीबी का समाधान



सामयिक

संविधान में आरक्षण सीमित समय के लिए और दलित वर्गों के लिए था। लेकिन आरक्षण की राजनीति ने इस सांविधानिक व्यवस्था का इतना अधिक दुरुपयोग किया है कि आज कई राज्यों में आरक्षण इतना अधिक हो गया है कि सामान्य वर्ग या फिर योग्य के लिए गुंजाइश ही नहीं बची है। नेता जब विकास के जरिए रोजगार नहीं दे पाते हैं तो जातीय, आरक्षण के नाम पर धोखा देने का काम करता है। आज आरक्षण का झुनझुना इतना अधिक चल गया है हर राज्या कोई न कोई आरक्षण के लिए आंदोलन कर रहा है। आखिर कहां तक आरक्षण जायेगा। कहीं न कहीं तो एक सीमा होगी जहां इसे खत्म कर सबको समान अवसर दिया जायेगा? बिहार में जिस तरह आनन फानन में आरक्षण 75 फीसद किया गया वह चिंताजनक है। नेता अब अन्य राज्यों में भी ऐसी ही हरकतें कर सकते हैं।

बिहार के नये आरक्षण कानून के मुताबिक अति पिछड़ा वर्ग को 25 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग को 18 प्रतिशत, एससी को 20 प्रतिशत और एसटी को 2 दो प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। आर्थिक आधार पर 10 आरक्षण की व्यवस्था पहले जैसी ही रहेगी। इस तरह राज्य में कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो जायेगा, जोकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक होने के नाते कानूनी विवाद में फंसेगा। इसके अतिरिक्त बिहार ने अपने लिए विशेष दर्जे की मांग की है ताकि गरीबी से लड़ने के लिए उसे केंद्र की अतिरिक्त मदद मिल सके। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि गरीबी उन्मूलन बिहार का बुनियादी लक्ष्य होना चाहिए और इस संदर्भ में उसे हर संभव मदद मिलनी चाहिए। लेकिन जाति आधारित आरक्षण गरीबी दूर करने का उचित मार्ग नहीं है। अगर इस प्रकार के आरक्षण से गरीबी दूर होती तो आजादी के साढ़े सात दशकों के बाद भी देश के तकरीबन 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन देने की योजना अगले पांच वर्ष तक बढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी वायदा किया है। दरअसल, नीतीश कुमार सहित हमारे देश के सभी नेताओं को मुख्यतः दो बातों को समझना जरूरी है। एक, जनसंख्या अधिक है, आर्थिक लड्डू छोटा है, मांग ज्यादा है, अवसर सीमित हैं। इसलिए आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने से समस्या का समाधान नहीं होने वाला, अर्थव्यवस्था को बेहतर करके रोजगार के अवसर बढ़ाने से मदद मिलेगी। दूसरा यह कि जाति की समस्या सामाजिक है और गरीबी की समस्या वर्गीय है कि वर्ग के हिसाब से कहीं कुछ कम है, कहीं कुछ ज्यादा है। वर्गों में आर्थिक असमानता कम होगी तो जाति की सामाजिक समस्या का भी समाधान होगा। अनुभव बताता है कि धनवान की जाति में लोगों की दिलचस्पी कम होती है। गरीबी वर्गीय समस्या है। यह बात तो बिहार के जाति सर्वे से भी स्पष्ट है। सभी धर्मों के सामान्य वर्ग समूहों में गरीबी लगभग 25 प्रतिशत है। गरीबी सपनों को साकार करने की क्षमता को कमजोर कर देती है। अब आप बिहार के कुलीन वर्गों की गरीबी की तुलना केरल के कुल बहुआयामी गरीबी दर से कीजिये जो 0.55 प्रतिशत है। पहचान के इतर, केरल के युवा के लिए अपने सपने साकार करने की संभावनाएं बिहार के युवाओं (चाहे वह किसी भी जाति के हों) की तुलना में अधिक है। यह केवल इसलिए कि केरल में आर्थिक मामलों में जाति की बजाय वर्ग को अधिक महत्व दिया गया है। इसलिए जाति आधारित आरक्षण में इजाफा करने से बिहार में जो आर्थिक असमानता है उसमें कमी नहीं आयेगी और न ही गरीबी दूर हो सकेगी। आंध्रप्रदेश का अनुभव बताता है कि विशेष दर्जा प्राप्त करने से भी कुछ खास हासिल होता नहीं है। लेकिन केंद्र सरकार बिहार में गरीबी उन्मूलन की गति को तेज कर सकती है, जल्द गठित होने वाले 16वें वित्त आयोग के संदर्भ की शर्तों के जरिये। वित्त आयोग के लिए यह संभव है कि वह ऐसा फार्मूला विकसित करे जिसमें भारत के गरीब राज्यों को इस प्रकार का सहयोग मिले। भारत सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं से जोड़ने पर उन्हें लागू करने में नियंत्रण व संतुलन लाये जा सकते हैं। युवाओं के सशक्तिकरण के लिए भारत को गरीबी कम करने के लिए ठोस व प्रभावी योजनाओं की जरूरत है। जाति आधारित आरक्षण का विस्तार करना समाधान नहीं है। बिहार आरक्षण कानून का देश की अर्थव्यवस्था, समाज व राजनीति पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। सभी जातियां अपनी संख्या के अनुपात में आरक्षण लेने के लिए आंदोलन करने लगेंगी।

ज्ञान प्रकाश.

आत्म संयम का महत्व

आत्म संयम हमेशा मनुष्य को संकटों से बचाता है। जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए महापुरुषों का मार्गदर्शन जरूरी होता है। महापुरुषों का मार्गदर्शन, साधना और ज्ञान हमेशा मनुष्य का पारिष्कार कर उनमें दैव प्रवृत्तियों एवं सद् चिंतन का विकास करते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्य क्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातावरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है। सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा। यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

अंतर्दृष्टि

झूठ बोलने की कला

व्यंग्यलोक

पन्नालाल जी की बातें से मैं ठगा सा रह गया। झूठ रोजी-रोटी बन गयी है तो फिर इसे रोकने के लिए प्रयास करना वाकई पाप है। वैसे भी जब यह एक उम्दा कला हो और इसमें रोजगार और आय की संभावनाएं हों, तो इसे प्रोत्साहन देना चाहिए। मैंने तत्काल पन्नालाल जी से माफी चाही- माफ करिये! मुझे पता नहीं था कि झूठ आपका जीवनाधार बन गया है। जहां तक मेरा सवाल है, झूठ तो मैं भी बोलता हूँ, परन्तु बहुत ही न्यून। जब आप हरिश्चन्द्र हैं या उसकी औलाद, तो न्यून भी क्यों बोलते हैं? हम अधिकतम बोलते हैं तो क्या हुआ? झूठ बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। झूठ बोलना भी मौलिक अधिकारों में शामिल है। पन्नालाल जी ने कहा। अब बताइये, झूठ पाप कहां हुआ? यह तो वाकई, बकौल पन्नालाल जी बड़ी तपस्या है, साधना है, जिसे मुश्किलों के बाद प्राप्त किया जाता है। एक बार तो इच्छा हुई कि अपने बच्चे को एक थप्पड़ मारकर कहूं कि उसे झूठ को पाप का फतवा देने को किसने कहा था? फिर यह सोचकर कि उसकी मां ने बताया होगा तो व्यर्थ में घर में अशान्ति हो जायेगी चुप रहा। फिर भी मन नहीं माना। मैंने पत्नी से कहा- अरे भागवान, जरा सुनो! अपने टिंकू को आजकल यह पहाड़ा किसने रटाया है? कौन सा पहाड़ा? वही, झूठ बोलना पाप होता है? आपने ही बताया होगा। मैं यह बेवकूफी करने वाली नहीं हूँ। पत्नी ने कहा। मैं घबराकर बोला- भगवान कसम, यह बात मैंने उससे कभी नहीं कही। उसका थोड़ा ध्यान रखो। वह सच बोलने लगा तो हमारा जीवन चौपट कर देगा। बाहर मैंने जानकारी की है। सब लोग झूठ बोल रहे हैं।



पूरन सरमा

मुझे नहीं चाहिए यह हरिश्चन्द्र की औलाद। घबराओ नहीं, औलाद हरिश्चन्द्र की नहीं, आपकी है। आप पचास प्रतिशत झूठ बोलते हैं, यह शत्-प्रतिशत झूठ बोलेगा। आज ही स्कूल से शिकायत आयी है कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं जाकर अपने हम उम्र दोस्तों के साथ इधर-उधर घूमकर घर आ जाता है। मैंने उससे पूछा तो पता है, क्या कहा उसने? क्या कहा? मैंने पूछा। पापा भी तो ऑफिस का नाम करके अकेले-अकेले सिनमा देख आते हैं? मैं चुप रह गया। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या करूं? परन्तु मुझे यह तसल्ली जरूर हो गयी कि उसके हरिश्चन्द्र बनने का अब कोई अंदेशा नहीं है। पन्नालाल जी की बात अब भी याद आ रही है- झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप सही है, झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। आज कल हर ऐरा-गैरा सत्य बोल रहा है तो आप -झूठ क्यों नहीं बोलें? जरूर बोलें।

आपकी बात

युद्ध रोकने में यूएनओ विफल

दुनिया में कई मोर्चे पर युद्ध चल रहा है। इजराइल कई आतंकी संगठनों से लड़ रहा है, ईरान से भी उसका टकराव चल रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है, लेकिन युद्ध रोकने के लिए अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र संघ तमाशबीन बना हुआ है। कहीं भी यूएनओ की कोई भूमिका नजर नहीं आती है। इसी तरह गरीबी, असमानता और क्लाइमेट चेंज को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ कोई गंभीर पहल करने में नाकाम रहा है। ऐसे में अब संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासांगिकता पर सवाल उठाये जा रहे हैं।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संयुक्त राष्ट्र संघ के मौजूदा स्वरूप को बदलने और इसमें भारत की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग रखी थी। उनका सवाल था कि आखिर भारत, संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए कब तक इंतजार करता रहेगा? पीएम मोदी का कहना है कि सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और संयुक्त राष्ट्र संघ के मूल चरित्र में सुधार वक्त की मांग है। यदि इस पर शीघ्र ही गौर नहीं किया गया तो संयुक्त राष्ट्र का अस्तित्व खतरे पड़ जायेगा। संयुक्त राष्ट्र दिवस प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन हुआ था। 24 अक्टूबर 1945 को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में 50 देशों ने मिलकर ऐसे देशों का समूह बनाया जिसका लक्ष्य वैश्विक शांति के लिए मिलकर काम करना था। इस संगठन को संयुक्त राष्ट्र संघ या संक्षेप में यूएनओ भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के चार उद्देश्य हैं- अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा का संरक्षण करना, विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का विकास करना, अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान में सहयोग एवं मानव अधिकारों के प्रति सम्मान का संवर्धन और देशों की कार्रवाइयों के बीच तालमेल के केन्द्र के रूप में काम करना। लेकिन इधर दो वर्षों से जारी रूस और यूक्रेन युद्ध एवं इजरायल एवं अरब राष्ट्रों के बीच सीमित युद्धों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जहां तक संयुक्त राष्ट्र संघ के विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन में भारत के योगदान एवं भागीदारी का सवाल है तो आज भी भारत विकास एवं गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, निशस्त्रीकरण, मानवाधिकार और विश्व शांति स्थापना के प्रयासों में संयुक्त राष्ट्र संघ का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहा है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्था की नीति निर्धारक सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता से भारत को वंचित तथा बाहर रखना अन्याय ही माना जाना चाहिए।

अमित कुमार सिंह, लखनऊ.

शहरों का आधुनिक विकास

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास को उसी तरह करना जरूरी है।

राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

67 वांछित वारंटी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एसआर,एनबीडब्ल्यू वांछित वारंटी अभियुक्तों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस ने अभियान चलाकर रविवार रात्रि 67 अभियुक्तों जिसमें 64 एनबीडब्ल्यू वांछित वारण्टी व 03 अन्य वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया।थानावार की गई कार्यवाही में थाना उत्तर4 थाना दक्षिण 6 थाना रामगढ़ 5 थाना रसूलपुर 2 थाना टूण्डला 1थाना पचोखरा 1 थाना रजावली 3 थाना नारखी 4 थाना नगला सिंघी 1थाना सिरसागंज 11 थाना नगला खंगर 2 थाना नसीरपुर 01 थाना शिकोहाबाद 5 थाना खैरगढ़4 थाना जसराना 5 थाना एका 1थाना फरिहा 1 थाना लाइनपार 5 थाना मटसेना 3 थाना बसई मौहम्मदपुर 2 इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में 64 एनबीडब्लू वारंटियों तथा 3 अन्य वांछित अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही कर कुल 67 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की गई है।

20 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर व सर्विलांस टीम द्वारा एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर कब्जे से अर्टिगा मारूती में ले जाई जा रही 20 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब 69 बोतल 22 हाफ,594 क्वाटर अनुमानित कीमत करीब 1.36 लाख रुपए बरामद की गई।थाना नसीरपुर पुलिस व सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा सोमवार को अभियुक्त संजीव कुमार पुत्र चरन सिंह निवासी दखनारा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद शराब तस्कर मारुती अर्टिगा से तस्करी हेतु अवैध शराब लेकर जा रहा था जिसको चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नसीरपुर पर अबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

दो शातिर बदमाशों को जीआरपी ने दबोचा

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत जीआरपी पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति वस्तु, गिरफ्तारी व बरामदगी चोरी लूटी गयी संपत्ति के क्रम में सीओ रेलवे के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुये दो शातिर बदमाशों को धर दबोचा है। जीआरपी में तैनात उ.नि. लाल बहादुर सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब 1.14 बजे ललितपुर रेलवे स्टेशन से दो शातिर बदमाशों में चण्डी मंदिर के पास नई बस्ती निवासी उदय पारशर पुत्र स्व.बालकिशन व लाल बिल्डिंग के पास नई बस्ती निवासी सात्विक सिंह उर्फ शिवा पुत्र रामपाल सिंह को धर दबोचा है। पकड़े गये दोनों बदमाशों के पास से जीआरपी पुलिस ने ट्रेनों में चोरी किये गये दो मोबाइल फोन बरामद किये हैं। बरामद हुये फोन जीआरपी थाने में दर्ज प्रकरण से सम्बन्धित हैं। दोनों शातिर चोरों को पकड? वाली जीआरपी पुलिस टीम में उ.नि. लालबहादुर सिंह, उ.नि. दिलीप कुमार, हे.का.राकेश कुमार, कां.साहब सिंह, कां. प्रभात कुमार, कां.हेमन्त कुमार शामिल रहे।

जनपद की गौशालाएं अनदेखी एवं अनियमितताओं की शिकार

ललितपुर। जनपद में बनी गौशालाओं में अनियमितताओं एवं अनदेखी के कारण आये दिन गौवंशों की मृत्यु होती रहती है, जो किसी से छिपा नहीं है।गौवंशों के लिए भूसा एवं चैकर आदि में भी भ्रष्टाचार के गम्भीर मामले पूर्व में आ चुके हैं, गायों के लिए सुविधाएं पर्याप्त नहीं है। आला अधिकारियों द्वारा सालों में कभी गौशालाओं का निरीक्षण किया जाता है, जिससे अव्यवस्थाओं एवं भ्रष्टाचारियों को बल मिलता है, घायल गौवंशों के इलाज के लिए न तो पर्याप्त संख्या में चिकित्सक हैं, और न ही दवाईयां।

ललितपुर में साप्ताहिक बंदी की उड़ रही धज्जियां

ललितपुर।जिलाधिकारी के सख्त आदेशों के बावजूद साप्ताहिक बंदी दिवस का पालन नहीं हो रहा है। रविवार को निर्धारित बाजार बंदी के दिन शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों जैसे घंटाघर, नझाई, कटरा बाजार, साड़ी वाली लाइन और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में दुकानें बेखौफ खुली रहीं। श्रम विभाग की निष्क्रियता और कथित संरक्षण के चलते बंदी नियमों का मखौल उड़ रहा है।

पत्रकारों के सम्मान में हुआ भव्य अभिनंदन समारोह



मथुरा। गोवर्धन तहसील प्रेस क्लब द्वारा दिल्ली सेवा सदन में रविवार एक भव्य पत्रकार अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गोवर्धन तहसील सहित आसपास के क्षेत्रों के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष चैधरी किशन सिंह ने दीप प्रज्वलन व राधा-कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।मुख्य अतिथि का स्वागत प्रेस क्लब अध्यक्ष पं. श्याम जोशी ने दुपट्टा ओढ़ाकर, माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।इस मौके पर ब्रज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए कलाकारों ने लठमार होली, फूलों की होली और मयूर नृत्य की मोहक प्रस्तुतियां दीं, जो कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहीं। समारोह में गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, अड़ींग, मगोर्रा, सहार, छाता, राधाकुंड, जतीपुरा सहित कई क्षेत्रों के वरिष्ठ एवं सक्रिय पत्रकार उपस्थित रहे। सभी पत्रकारों को तहसील प्रेस क्लब की ओर से दुपट्टा, माला एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिपं अध्यक्ष किशन चौधरी रहे मुख्य अतिथि

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित गोवर्धन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ पत्रकार मनीष लंबरदार को भी सभी पत्रकार साथियों ने माला, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मनीष लंबरदार ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण हैं और वे हर सुख-दुख में पत्रकारों के साथ खड़े हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पत्रकारों का सम्मान करना था, बल्कि उनके बीच समन्वय व सौहार्द को भी मजबूत करना रहा। प्रेस क्लब अध्यक्ष श्याम जोशी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन हर वर्ष और भी भव्य रूप से किया जाएगा।

बर्थडे स्पार्कल स्टिक से हुआ आगरा में धमाका

● उखड़ गये घर के दरवाजे आग में तीन झुलसे, मंजर देख कांप गये लोग

आगरा। थाना कमलानगर के बल्केश्वर में घर में बंद कमरे में बर्थडे स्पार्कल स्टिक बनाने के दौरान धमाका हो गया।इसके साथ ही आग की लपटों ने परिवार के सदस्यों को घेर लिया। चीख-पुकार मच गई। आग के बीच पहली मंजिल पर पूरा परिवार फंस गया।तीन लोग झुलस गए।पड़ोसियों ने फंसे लोगों को सीढ़ी लगाकर किसी तरह बाहर निकाला। बल्केश्वर स्थित भगवान नगर में शनिवार शाम को बर्थडे स्पार्कल स्टिक (केक के ऊपर लगने वाली छड़ी) के परीक्षण के दौरान धमाका होने से आग लग गई। कमरे में मौजूद गृहस्वामी, उसका पार्टनर और एक युवती झुलस गए। धमाका इतना जबरदस्त था कि कमरे का दरवाजा उखड़कर दूर जा गिरा। दूसरी मंजिल पर परिवार के अन्य सदस्य फंस गए। पड़ोसियों ने सीढ़ी लगाकर उन्हें निकाला।फायर ब्रिगेड ने लोगों की मदद से आग बुझाई।हादसा शाम करीब 6 बजे हुआ।भगवान नगर निवासी गौरव बंसल अपने दोस्त आशीष जैन के साथ मिलकर घर में ही बर्थडे स्पार्कल स्टिक बनाने का काम करते हैं। दोमंजिला मकान के भूतल पर एक कमरे में स्टिक बनाई जाती थी। पैकिंग के लिए मेघा और चिया नाम की दो युवतियों को रखा था। स्पार्कल स्टिक फुलझड़ी की तरह होती है।इसमें मामूली मात्रा में बारूद होता है। पर कमरे में बारूद अलग से भी रखा हुआ था।मौके पर लोगों ने पुलिस को बताया कि स्पार्कल स्टिक के परीक्षण के दौरान अचानक धमाका हुआ और आग लग गई।कमरे के गेट बंद थे।कमरे के दरवाजे उखड़कर दूर जा गिरे।हादसे के समय चिया कमरे के बाहर थी।वह बच गई।कमरे में मौजूद आशीष जैन, मेघा और गौरव बंसल झुलस गए। धमाका इतना तेज था कि आधा किलोमीटर तक उसकी गूंज रही। पड़ोसी घरों के बाहर निकल आए। घर से लपटें उठती देखकर अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने घर की दूसरी मंजिल पर फंसे गौरव की पत्नी नेहा, डेढ़ माह की बेटी, सौरभ की पत्नी मोहिनी और बेटी अराध्या को सीढ़ी लगाकर किसी तरह बाहर निकाला।सूचना पर कमला नगर के एसओ निशामक त्यागी भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों ने सबमर्सिबल पंप चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया।इसी बीच दमकल भी पहुंच गई। आग को दूसरी मंजिल पर फैलने से पहले ही काबू पा लिया गया।

एआरटीओ ने किये 5 ई-रिक्शा सीज, 6 चालान



बाराबंकी। मानकों का उल्लंघन कर सड़को पर बिना फिटनेस व ड्राइविंग लाइसेन्स के अपंजीकृत ई-रिक्शा व आटो के विरुद्ध परिवहन विभाग अंकुश लगाता दिखाई दे रहा है। इस दौरान बिना पंजीकरण, फिटनेस समेत जर्जर हालत के ई-रिक्शा को जब्त किया गया। आज रविवार को बाराबंकी-गोण्डा-बहराइच मार्ग पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला की टीम ने बिना पंजीकरण, फिटनेस समेत नाबालिग द्वारा संचालन करते मिलने पर 5 ई-रिक्शा को थाना मंड़ी मे बंद किया। तथा 6 ई-रिक्शा के पत्रावलियो की जांच करते हुये अन्य अभियोगो मे चालान किये।

धर्मसेवकों ने त्रिवेदीगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों में किया पानी और पेठा का वितरण

बाराबंकी। धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी के नेतृत्व मे रेलमेघ यज्ञ कार्यक्रम के अन्तर्गत धर्मसेवको ने त्रिवेदीगंज रेलवे स्टेशन पर गुजरने वाली टेज्नो पर यात्रियो मे पाठी पेठा का वितरण किया। इस मौके पर राम भीख त्रिवेदी, हरिश्चंद्र सिंह, रज्जन लाल मिश्र, पवन कुमार मिश्र, अजय सिंह, रामकिशोर, प्रदीप सिंह, राज किशोर शुक्ल, मयंक सिंह, जीत बहादुर, गंभीर सिंह, अवधेश कुमार, शिव प्रताप सिंह आचार्य, प्रेम शंकर अवस्थी, आनंद कुमार सिंह, चंद्रभान जायसवाल, अजय त्रिवेदी, प्रहलाद शरण जायसवाल आदि धर्मसेवक मौजूद रहे। इस दौरान अगला कार्यक्रम हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर किए जाने की घोषणा की।

अवैध होर्डिंग हटाने के विरुद्ध नगरपालिका और नगर पंचायतों में चला अभियान

बाराबंकी। नगरपालिका व नगर पंचायत प्रशासन द्वारा शहर व कस्बों के मुख्य मार्गों पर लगे स्ट्रीट लाइट के पोलो अवैध होर्डिंग बोर्ड पर कार्यवाही की गई। शहर के मुख्य मार्ग पर विभाग की अनुमति के बिना प्रचार-प्रसार हेतु अवैध होर्डिंग बोर्डो पर बुलडोजर द्वारा हटवाया गया। अभियान के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये नगरपालिका परिषद नवाबगंज अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया स्टेट हाईवे के अलावा मुख्य मार्गो पर लगी स्ट्रीट लाइट व बिजली के पोलो पर विभाग की अनुमति के बिना प्रचार-प्रसार लगी होर्डिंग बोर्ड की आम जनता द्वारा मिल रही शिकायत का संज्ञान लेते हुये नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिकारियों द्वारा आज रविवार को अभियान चलाकर अवैध होर्डिंगो को हटवाया गया।

बिजली कटौती से नाराज किसानों का प्रदर्शन

मथुरा। बलदेव में किसानों ने बिजली कटौती के विरोध में रविवार भाकियू (अराजनैतिक) के नेतृत्व में किसानों और कार्यकर्ताओं ने बलदेव, मढ़ौरा और बरौली के बिजलीघरों पर ताला जड़ दिया। मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने बताया कि मढ़ौरा बिजलीघर की क्षमता बढ़ाने की मांग पिछले 6 महीने से की जा रही है। लेकिन अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। कस्बा और देहात क्षेत्र में मनमाने तरीके से बिजली कटौती की जा रही है। आंधी आते ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। विरोध प्रदर्शन के बाद एसडीओ नीरज शर्मा ने सोमवार तक समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में लाल सिंह तोमर, उदयवीर सरपंच, मुकेश सिंह, योगेश सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

टॉप करने वाले सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी सम्मानित



वृन्दावन। गोविंद देव पब्लिक स्कूल में नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पिछले शिक्षण सत्र 2024- 25 में अपने-अपने विद्यालय में टॉप करने वाले सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मथुरा वृंदावन नगर निगम के पार्षद घनश्याम चैधरी ने कहा कि मेधावी छात्रों को सम्मानित करके हम उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर सकते हैं। मेधावी बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। विशिष्ट अतिथि आशीष शर्मा ने कहा कि राष्ट्र और समाज उत्थान तब ही संभव है। जब हम अपने समाज को पूर्ण शिक्षित कर पाएंगे। सम्मानित अतिथि गोपाल चैधरी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। जब हम बच्चों के वर्तमान को मजबूत करने का कार्य करेंगे। तभी हमारे देश का भविष्य उज्जवल होगा। अध्यक्षता करते हुए परिषद चेयरमैन नवीन चैधरी एडवोकेट ने कहा कि शिक्षित समाज की परिकल्पना से ही उन्नत राष्ट्र की परिकल्पना साकार रूप ले सकती है। इससे पूर्व परिषद पदाधिकारियों और रोनव चैधरी ने संयुक्त रूप से स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड से 45 बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ सचिन अग्रवाल, अनंत शर्मा,आकाश शर्मा, चन्द्रनारायण शर्मा, पवन ठाकुर, लव सक्सेना, दुष्यंत दीक्षित, मुकेश कृष्ण शर्मा, जितेंद्र कुमार गौतम, चैतन्य कृष्ण शर्मा, आशीष चैहान, शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे। संचालन विष्णु गोला ने किया।

विद्यालय के पास अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान से परेशानी

ललितपुर। ब्लाक जखौरा के ग्राम पंचायत दैलवारा में सरकारी विद्यालय के पास खोली गयी अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान का स्थान परिवर्तित कराये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार को सौंपा है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि दैलवारा गांव में अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकान को स्थापित किया गया है। उक्त स्थान के पास कन्या प्राथमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित हो रहा है।

इसके अलावा उक्त शराब की दुकान के बगल से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी रास्ता गुजरता है, जिससे विद्यार्थियों को आवागमन में भारी परेशानियां हो रहीं हैं। बताया कि गांव के मध्य घनी आबादी के बीच खोली गयी उक्त दुकान के कारण आये दिन शराबियों का जमघट लगा रहता है, जिससे विवाद की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा पूर्व माध्यमिक विद्यालय और सचिवालय जिला सहकारी समिति तथा नवीन इण्टर कॉलेज भी यहां प्रस्तावित है। इसके अलावा कई वर्षों से यहां हाईस्कूल संचालित हैं और दुकान के ठीक सामने दलित बस्ती है।

दुकान के सामने पढ? वाले बच्चों व ग्रामीणों पर इन दुकानों के खोले जाने से भारी परेशानियां हो रहीं हैं। बताया कि उक्त शराब की दुकान पर कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। ऐसी स्थिति में मौके पर जांच करायी जाकर दुकान को अन्यत्र गांव के बाहर स्थापित कराये जाने की मांग ग्रामीणों ने उठायी है। ज्ञापन देते समय सुनील, बेदीबाई, हीरेन्द्र, बी.पी.सिंह, प्यारेलाल, लक्ष्मी लाल, दुर्जन सहरिया, बहादुरसिंह, जगदीश ठेकेदार, लल्लूराम अहिरवार, बिहारीलाल के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

लूटपाट मामले में बाइस साल बाद हुई सजा

मथुरा। जीटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रियों से लूटपाट करने वाले दो लुटेरों को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे सूर्यभान कुमार वर्मा की अदालत ने चार-चार वर्ष के कारावास और 5-5 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। लूट की वारदात को लुटेरों ने कोसी और छात स्टेशन के बीच 9 मार्च 2003 को अंजाम दिया था। सेक्टर 16 फरीदाबाद हरियाणा निवासी अरुण कुमार कनौजिया 9 मार्च 2023 को जीटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे। ट्रेन जब कोसीकलां रेलवे स्टेशन से निकली तभी चार बदमाशों ने जनरल कोच में सवार यात्रियों से असलाह के बल पर लूटपाट शुरू कर दी। लुटरों ने यात्रियों से सोने के जैवरात व अन्य सामान लूट लिया था। ट्रेन जब छाता रेलवे स्टेशन के निकट पहुंची तो बदमाशों ने चेनपुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया और कूद कर जंगल में फरार हो गए थे। अरुण कुमार कनौजिया ने इस मामले की रिपोर्ट जीआरपी थाने में चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दर्ज कराई थी। जीआरपी ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए राजू उर्फ संजय पुत्र भगवत स्वरूप निवासी श्याम कालोनी थाना होडल जिला पलवल हरियाणा, पप्पू पुत्र गोपीराम निवासी मौहल्ला मीना नगर कस्बा व थाना कोसीकलां मथुरा के अलावा विजेन्द्र व विक्रम को गिरफ्तार किया था। जीआरपी ने सभी चार लुटेरों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे सूर्यभान कुमार वर्मा की अदालत में हुई। सहायक अभियोजन अधिकारी रेलवे कोर्ट ने बताया कि अदालत ने राजू उर्फ संजय व पप्पू को ट्रेन में यात्रियों के साथ लूटपाट करने का दोषी करार देते हुए चार चार वर्ष के कारवास और 5-5 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। एपीओ ने बताया कि लूट में शामिल विजेन्द्र ने पूर्व में अदालत में अपने जुर्म का इकबाल कर लिया था। तब अदालत ने उसे दो वर्ष के करावास से दण्डित किया था। वहीं लूट में शामिल रहे विक्रम की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी। राजू व पप्पू जमानत पर थे। निर्णय सुनाए जाने के बाद अदालत ने दोनों का सजाई वारंट बना उन्हें सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया।

निगम ने 400 वर्ग मीटर जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त



मथुरा। महानगर के ध्रुव घाट जनरल गंज क्षेत्र में मथुरा वृंदावन नगर निगम की टीम ने निगम की 400 वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेसीबी से पक्के निर्माण को ध्वस्त किया है। अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन की बाजारी कीमत लगभग दो करोड रुपए आंकी गई है। बताया जाता है इस जमीन पर बार.बार नामजद लोगों द्वारा कब्जा किया जाता है और निगम की टीम भी कई बार कार्रवाई कर चुकी है। क्षेत्रीय लोगों ने निगम की इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए मांग की है कि इस भूमि पर निगम द्वारा टॉयलेट बना दिए जाएं क्योंकि यह परिक्रमा मार्ग में पड़ता है। नगर आयुक्त शशांक चैधरी के निर्देश पर नगर निगम मथुरा वृन्दावन की टीम द्वारा ध्रुव घाट श्रीजी गैस एजेंसी के समीप स्थित नगर निगम की भूमि सर्वे पैमाइश भाग सं. 61 के मौहल्ला. कम्पू घाट जनरल गंज के खसरा सं. 113 114, 115, 116, 117, 118, 131, 132 व 133 की भूमि बतौर रास्ता मिल्कियत नजूल सरकार पर अवैध रूप से बनाये गये निर्माण बाउन्ड्रीवॉल कमरा आदि को धवस्त कर खाली कराया गया। सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी एवं जिलाधिकारी द्वारा तैनात मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रीती जैन डिप्टी कलेक्टर एवं श्रीविष्णु अग्रवाल कानुनगो व वेद प्रकाश तिवारी लेखपाल के साथ निगम की प्रवर्तन दल की टीम एवं भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी द्वारा अवैध निर्माण हटवाया गया। अवैध कब्जेदार ललित यादव श्यामु यादव पुत्र गण बृजमोहन यादव द्वारा रास्ते की भूमि पर अपने मकान को आगे बढ़ाकर पक्का निर्माण कर लिया गया था। जिन्हें नगर निगम द्वारा नोटिस भी दिया गया किन्तु इनके द्वारा अवैध निर्माण बाउन्ड्रीवॉल कमरा शौचालय आदि बना लिया गया था। नगर निगम इस खाली कराये गये रास्ते को पक्का करायेगी। खाली कराई गई भूमि लगभग 400 वर्ग मी. है जो काफी मूल्यवान भूमि है जिसका बाजारी मूल्य लगभग 2 करोड़ रु. है।

विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक की टीम ने की कड़ी कार्रवाई

दर्जनों गांव में दी दबिश, 40 लीटर कच्ची शराब बरामद, 2 को भेजा जेल



बाराबंकी। कच्ची शराब माफियाओ के खिलाफ जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे आपरेशन क्लीन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक ने अभियान चलाकर दर्जनो गांवो मे दंबिश दी है। आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मी चन्द्र पाल की टीम ने थाना टिकैतनगर अन्तर्गत ग्राम खेतासराय, अकबरपुर, आल्हनमऊ समेत 12 संदिग्ध स्थानो पर दंबिश दी। मौके से 40 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। 450 किलोग्राम तैयार लहन को तत्काल नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 2 आरोपियों को जेल भेजा गया। दबिश देने वाली टीम में प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायण वर्मा, आबकारी सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा, महिला आबकारी सिपाही माधुरी तिवारी आदि शामिल रहे।

हिरासत में राजू की मौत के मामले में सीआईडी ने 17 पुलिसकर्मी दोषी पाये

आगरा। सिकंदरा थाना क्षेत्र के गैलाना निवासी राजू गुप्ता की पुलिस हिरासत में मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट में कुल 17 पुलिसकर्मियों को दोषी पाया गया है, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। घटना को लेकर पहले से सवाल उठ रहे थे और अब जांच रिपोर्ट ने विभागीय लापरवाही और मानवाधिकारों के उल्लंघन की पुष्टि कर दी है। नरेंद्र एन्क्लेव (गैलाना) निवासी राजू गुप्ता को वर्ष 2018 के नवंबर महीने में कालोनी के ही अंशुल के घर चोरी के मामले में पूछताछ के लिए सिकंदरा थाना पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने अपनी हिरासत में ही मां रेनू गुप्ता के सामने राजू को बुरी तरह पीटा था, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। बाद में पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। इसके बाद थाने के सारे पुलिसकर्मी थाना छोड़कर भाग गये थे। मृतक की मां रेनू गुप्ता ने ने पुलिस पर पिटाई और टॉर्चर का आरोप लगाते हुए सीधी कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों ने मामले की जांच सीआईडी को सौंप दी थी। छह साल बाद आई सीआईडी की जांच रिपोर्ट में राजू गुप्ता की मौत को पुलिस हिरासत में हुई लापरवाही और अनुचित व्यवहार का परिणाम माना गया है। जांच में जिन 17 पुलिसकर्मियों को दोषी पाया गया है, उनमें थाने के वरिष्ठ अधिकारी से लेकर ड्यूटी पर तैनात जवान तक शामिल हैं। इनमें से कुछ पर प्रत्यक्ष हिंसा में शामिल होने का आरोप है, जबकि कुछ पर घटना को छिपाने और रिपोर्टिंग में गड़बड़ी करने का संदेह जताया गया है। सूत्रों के अनुसार, दोषी कर्मियों में कुछ के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि शेष के खिलाफ जांच और आपराधिक केस की प्रक्रिया जारी है। सीआईडी ने चार्जशीट तैयार कर केस की स्वीकृति के लिए शासन से अनुमति मांगी है। छह साल पुरानी इस घटना की जांच रिपोर्ट ने एक बार फिर पुलिस की कार्यप्रणाली और हिरासत में पूछताछ के तरीकों पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

भाजपा की बाबा साहब आम्बेडकर विचार गोष्ठी आयोजित

फिरोजाबाद। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला फिरोजाबाद की बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर के जीवन पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन सिरसागंज स्थित उमंग रिजॉर्ट कौरारा रोड में संपन्न हुआ। जिला की विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ठा.जयवीर सिंह व उत्तर प्रदेश सरकार में एम एल सी गोपाल अंजान रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने की,गोष्ठी में सर्वप्रथम उपस्थित मुख्य अतिथियों ने बाबासाहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की, तत्पश्चात मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत समक्ष उपस्थित भाजपा अनुसूचित मोर्चा एवं जिला के मंडल अध्यक्षों ने किया। वक्ताओं की श्रृंखला में सर्वप्रथम हरिओम यादव ने बाबासाहेब के जीवन पर अपना वक्तव्य रखा। इसी श्रृंखला में मंच पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि एम एल सी गोपाल अंजान ने बाबासाहेब द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों व देशहित के कार्यों पर उद्बोधन दिया। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ठा.जयवीर सिंह ने सम्मुख उपस्थित कार्यकताओं व जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि बाबासाहेब डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर ने एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर देश विदेश में शिक्षा प्राप्त कर दलित समाज के उत्थान में विशेष भूमिका निभाई व संविधान निर्माण की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष के नाते संविधान निर्माण में मुख्य भूमिका निभाई। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने गोष्ठी का समापन करते हुए आए हुए



भाजपा जिला फिरोजाबाद के सभी कार्यकर्ताओं एवं सम्मुख उपस्थित जनमानस का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बाबा साहब के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की। विचार गोष्ठी में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय प्रताप यादव छोटू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद बाबू आरव ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत, मदनपुर ब्लॉक प्रमुख जोगेंद्र सिंह यादव, शिकोहाबाद का प्रमुख विजय यादव, सिरसागंज नगर पालिका अध्यक्ष रंजन गुरुदत्त सिंह, जिपं सदस्य राजीव लोधी जिपं सदस्य हरीश धनगर, जिला महामंत्री शशि कला यादव जिला उपाध्यक्ष नीलम दिवाकर अभियान के संयोजक शिव शंकर शर्मा सह संयोजक सुरेंद्र सावन झा जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सेवला जिला उपाध्यक्ष राजेश चौहान, जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल जिला मीडिया संयोजक अमित गुप्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजयुमो योगेंद्र सिंह भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन ठा.प्रदीप सिंह,मंडल अध्यक्ष ज्योति गुप्ता शिवजीत सिंह वीरू धाकरे, मंजेश शर्मा,यशपाल यादव,राजवीर सिंह अतुल शुक्ला देश दीपक चौहान शीलू सविता पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद राघव,पंकज राजपूत, अजीत राजपूत जोहरी सिंह जीतू यादव, सतेंद्र यादव सेटी, सागर गुप्ता मोनू कुशवाहा, रिंकू राणा, उमेश बघेल, अखिलेश गौतम अभिषेक कठेरिया, अभिषेक जूली देशपाल सिंह, नीलेश, इंद्रेश चक राजकुमार, दुर्गेश यादव लव यादव संजू यादव शिवा वाल्मीकि सोनू, कुलदीप दीपक जितेश, राजेश राज, किशन प्रधान, योगेश गुलशन, आकाश, अभिषेक, भूपेंद्र, रितेश आदि उपस्थित रहे एवं संचालन एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक कठेरिया ने किया।

10 कंपनियों की पूंजी 3.84 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 3,84,004.73 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में शेयर बाजार में तेजी के बीच एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा लाभ हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3,395.94 अंक या 4.51 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1,023.1 अंक या 4.48 प्रतिशत के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा कि छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बाजारों में मजबूत सुधार देखा गया और यह 4.5 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। उन्होंने ने कहा कि मुख्य रूप से शुल्क को टाले जाने और चुनिंदा उत्पादों पर हाल ही में दी गई छूट से बाजार में उछाल आया। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 76,483.95 करोड़ रुपये बढ़कर 14,58,934.32 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सबसे ज्यादा लाभ एचडीएफसी बैंक को ही हुआ। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 75,210.77 करोड़ रुपये बढ़कर 10,77,241.74 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 74,766.36 करोड़ रुपये बढ़कर 17,24,768.59 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 67,597 करोड़ रुपये बढ़कर 10,01,948.86 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 38,420.49 करोड़ रुपये बढ़कर 7,11,381.46 करोड़ रुपये रहा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 24,114.55 करोड़ रुपये बढ़कर 11,93,588.98 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 14,712.85 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,68,061.13 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 6,820.2 करोड़ रुपये बढ़कर 5,34,665.77 करोड़ रुपये रही। इन्फोसिस का मूल्यांकन 3,987.14 करोड़ रुपये बढ़कर 5,89,846.48 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 1,891.42 करोड़ रुपये बढ़कर 5,57,945.69 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

एफपीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में 8,500 करोड़ डाले



नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में करीब 8,500 करोड़ रुपये डाले हैं। इस माह की शुरुआत में एफपीआई ने घरेलू बाजार में बिकवाली की थी। इसके बाद वैश्विक व्यापार मोर्चे पर कुछ राहत की उम्मीद और मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, कम कारोबारी सत्रों वाले18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 8,472 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसमें 15 अप्रैल को 2,352 करोड़ रुपये की निकासी भी शामिल है।

हालांकि, इसके अगले दो सत्रों में उन्होंने 10,824 करोड़ रुपये का निवेश किया। एफपीआई गतिविधियों में हालिया तेजी से धारणा में संभावित बदलाव का संकेत मिलता है, लेकिन इस प्रवाह की स्थिरता वैश्विक वृहद आर्थिक स्थिति, अमेरिकी व्यापार नीति में स्थिरता और भारत की घरेलू वृद्धि के परिदृश्य पर निर्भर करेगी। सप्ताह के दौरान, 15 से 17 अप्रैल तक सिर्फ तीन दिन - मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को कारोबार हुआ। आंबेडकर जयंती और गुड फ्राइडे के कारण सोमवार और शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहे। कुल मिलाकर, एफपीआई ने अप्रैल में अबतक शेयरों से 23,103 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे 2025 की शुरुआत से उनकी कुल निकासी 1.4 लाख करोड़ रुपये हो गई है। महीने के शुरुआती हिस्से में एफपीआई ने आक्रामक तरीके से बिकवाली की थी। यह मुख्य रूप से अमेरिका द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए जवाबी शुल्क की वजह से थी। भारत की मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था, वैश्विक व्यापार व्यवधानों से कुछ राहत और भारतीय शेयर बाजारों में हालिया करेक्शन की वजह से आकर्षक मूल्यांकन के चलते एफपीआई की धारणा में सुधार हुआ है। सबसे पहले डॉलर इंडेक्स में 100 के स्तर तक की गिरावट और डॉलर में और कमजोरी की वजह से एफपीआई अमेरिका से हटकर भारत जैसे उभरते बाजारों का रुख कर रहे हैं। इसके अलावा अमेरिका और चीन दोनों देशों में इस साल धीमी वृद्धि दर्ज होने की संभावना है।

संक्षेप

नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित दुनिया का पहला शहर होगा अमरावती

अमरावती। आंध्र प्रदेश की नई बनने वाली राजधानी अमरावती इतिहास रचने के लिए तैयार है, क्योंकि इसका लक्ष्य पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा से चलने वाला दुनिया का पहला शहर बनने का है। शहर के योजनाकार एक अत्याधुनिक लेकिन पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल जनता की राजधानी बनाने की योजना बना रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि 2,700 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का दोहन करने की महत्वाकांक्षी योजना के साथ, शहर का लक्ष्य सौर, पवन और पनबिजली जैसे पर्यावरण अनुकूल (टिकाऊ) स्रोतों के माध्यम से अपनी सभी बिजली की जरूरतों को पूरा करना है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की पसंदीदा नई राजधानी शहर परियोजना भारत की नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु कार्वाई के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता के साथ मजबूती से जुड़ी हुई है। कृष्णा नदी के तट पर नई राजधानी शहर की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसी महीने रखी जाने की उम्मीद है।

भारतीय वैज्ञानिकों ने दूनिया के सबसे छोटे चिप विकसित करने का प्रस्ताव दिया

नयी दिल्ली। भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के 30 वैज्ञानिकों के एक दल ने सरकार को एंग्स्ट्रॉम-स्केल चिप विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। ये इस समय तैयार हो रहे सबसे छोटे चिप से भी छोटे हैं। इस दल ने सरकार को 2डी मटेरियल नामक सेमीकंडक्टर सामग्रियों के एक नए वर्ग का इस्तेमाल करके प्रौद्योगिकी विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। इसके जरिये इस समय वैश्विक उत्पादन में सबसे छोटे चिप के 10वें हिस्से जितना छोटा चिप बनाया जा सकता है। इस तरह सेमीकंडक्टर में भारत का नेतृत्व विकसित हो सकता है। इस समय सेमीकंडक्टर विनिर्माण में सिलिकॉन-आधारित प्रौद्योगिकियों का प्रभुत्व है। इसका नेतृत्व अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देश कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया, आईआईएससी के वैज्ञानिकों के एक दल ने अप्रैल, 2022 में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) को एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सौंपी, जिसे संशोधित करके अक्टूबर, 2024 में फिर से पेश किया गया। बाद में रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के साथ साझा किया गया। इस परियोजना में एंग्स्ट्रॉम-स्केल चिप विकसित करने की बात कही गई है, जो आज तैयार हो रहे सबसे छोटे चिप्स से भी छोटे हैं।

प्रेपइंस्टा ने बेहतर शिक्षा की ओर बढ़ाया कदम



नई दिल्ली। प्लेसमेंट की तैयारी कराने वाली भारत की सबसे प्रमुख वेबसाइट प्रेपइंस्टा अब अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की नेशनल एजुकेशनल अलायंस फॉर टेक्नोलॉजी पहल का हिस्सा बन गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय छात्रों को इंडस्ट्री में काम आने वाली जरूरी स्किल्स सिखाना है, ताकि वे ग्लोबल जॉब मार्केट में आसानी से मुकाबला कर सकें। अब प्रेपइंस्टा के कोर्सेस नेशनल एजुकेशनल अलायंस फॉर टेक्नोलॉजी पोर्टल पर उपलब्ध हैं, जिससे देश के तकनीकी शिक्षा में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। आसान शब्दों में कहें तो अब स्टूडेंट्स को नौकरी की तैयारी और जरूरी कोर्सेस एक सरकारी पोर्टल पर आसानी से मिल जाएंगे।

एईएसएल ने की छात्रों की उपलब्धियों की घोषणा

लखनऊ। एईएसएल ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन2) में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की। संस्थान की अटूट शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाते हुए, दो छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप 10 रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया। श्रेयस लोहीया (लखनऊ) ने एआईआर 6, कुशाग्र बैंगा ने एआईआर 7 और कृष्णा अग्रवाल ने एआईआर 45 हासिल की, जो इस वर्ष एईएसएल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जेईई मेन्स भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है ! कई छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम से तैयारी करते हैं ताकि वे आईआईटी जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल कर सकें।

एनएसई ने 84 लाख नये डीमैट खाते जोड़े

नयी दिल्ली। भारत के पूंजी बाजारों में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान खुदरा निवेशकों की उल्लेखनीय भागीदारी हुई।

इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में 84 लाख से अधिक नए सक्रिय डीमैट खाते जोड़े गए। यह आंकड़ा सालाना आधार पर 20.5 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही एनएसई पर कुल सक्रिय डीमैट खाते बढ़कर 4.92 करोड़ हो गए। इस वृद्धि में सबसे आगे दो डिजिटल ब्रोकरेज कंपनियां- ग्रो और एंजल वन हैं। इनकी कुल शुद्ध वृद्धि में 57 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रही। ग्रो सबसे अधिक योगदानकर्ता बनकर उभरी, जिसने 34 लाख नए खाते जोड़े। इसकी एनएसई की वृद्धि में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। इसका सक्रिय ग्राहक आधार मार्च, 2024 के 95 लाख से बढ़कर मार्च, 2025 में 1.29 करोड़ हो गया। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान ग्रो की बाजार हिस्सेदारी 23.28 प्रतिशत से बढ़कर 26.26 प्रतिशत हो गई। एंजल वन ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 14.6 लाख खाते जोड़े, और इसके एनएसई की कुल वृद्धि में 17.38 प्रतिशत का योगदान दिया। इसकी बाजार हिस्सेदारी 15.38 प्रतिशत है। इनके अलावा, जीरोधा ने वित्त वर्ष 2024-25 में 5.8 लाख नए खाते जोड़े।

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी, 23 को शुरू होगी तीन दिन की वार्ता

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी आ रही है। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों के बीच पहली आमने-सामने की तीन दिवसीय वार्ता 23 अप्रैल को वाशिंगटन में शुरू होने वाली है।

अमेरिका ने भारत को जवाबी शुल्क से 90 दिन की राहत दी है और उम्मीद जताई जा रही है कि इस दौरान दोनों देश किसी सहमति पर पहुंच जाएंगे। दोनों पक्षों ने व्यापार समझौते के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को भी अंतिम रूप दिया है। अमेरिका और भारत की कोशिश है कि इस साल सितंबर-अक्टूबर तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा कर लिया जाए। इसके तहत, दोनों पक्ष सीमित संख्या में वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने जैसे मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। इससे बाद के चरणों में अधिक जटिल वार्ता (जैसे सरकारी खरीद और डिजिटल व्यापार जैसे मुद्दे) के लिए मंच तैयार हो सकता है। भारत ने पहले भी ऑस्ट्रेलिया के साथ इस तरह चरणों में समझौता किया है। भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता 29 दिसंबर, 2022 को लागू हुआ था। अब दोनों देश इसके दायरे को बढ़ाकर एक व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए टीओआर में लगभग 19 अध्याय हैं। इनमें शुल्क, सामान, गैर-शुल्क बाधाएं और सीमा शुल्क सुविधा जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है।

वार्ता को और गति देने के लिए भारत का एक आधिकारिक दल अगले सप्ताह अमेरिका जा रहा है। भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल, दोनों देशों के बीच आमने-सामने की पहली वार्ता के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे। अग्रवाल को 18 अप्रैल को अगले वाणिज्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था।

वाहन निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 53.63 लाख इकाई पर

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में यात्री, दोपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के कारण बीते वित्त वर्ष (2024-25) में भारत का कुल वाहन निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 53 लाख इकाई से अधिक रहा है।

बीते वित्त वर्ष में कुल वाहन निर्यात 53.63 लाख (53,63,089) इकाई रहा, जबकि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष यह 45 लाख (45,00,494) इकाई था। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने यह जानकारी दी है। पिछले वित्त वर्ष में यात्री वाहनों का निर्यात 15 प्रतिशत बढ़कर 7,70,364 इकाई हो गया, जबकि 2023-24 में यह 6,72,105 इकाई था। उद्योग निकाय सियाम ने कहा कि भारत में बनने वाले वैश्विक मॉडल की मांग के कारण इस खंड ने पिछले वित्त वर्ष में अपना सर्वश्रेष्ठ वार्षिक प्रदर्शन दर्ज किया। सियाम ने कहा कि विनिर्माण गुणवत्ता में सुधार के साथ, कुछ कंपनियों ने विकसित बाजारों में निर्यात भी शुरू कर दिया है। यूटिलिटी वाहनों के निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई और यह 3,62,160 इकाई रहा। वित्त वर्ष 2023-24 के 2,34,720 इकाई की तुलना में यह 54 प्रतिशत की वृद्धि है। पिछले वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों का निर्यात 21 प्रतिशत बढ़कर 41,98,403 इकाई रहा।

एफपीआई की गतिविधियों से तय होगी बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह घरेलू कंपनियों के तिमाही नतीजों, अमेरिकी शुल्क के मोर्चे पर घटनाक्रमों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा निवेशक आगे के संकेतों के लिए वैश्विक बाजार के रुझान, बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निगाह रखेंगे। इस सप्ताह, सभी की निगाहें एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और मारुति जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर शुल्क के मोर्चे पर किसी घटनाक्रम और दुनिया पर उसका क्या प्रभाव रहता है, इसपर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। देश की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस के शेयर पर सोमवार को सभी की निगाह रहेगी। मार्च तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 11.7 प्रतिशत घटकर 7,033 करोड़ रुपये रहा है। इस सप्ताह हमें भारतीय बाजार में तेजी जारी रहने की उम्मीद है, जो एफआईआई की खरीदारी में रुचि, घरेलू मुद्रास्फीति में कमी और मौसम विभाग के सामान्य से बेहतर मानसून की भविष्यवाणी जैसे सहायक कारकों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इस बीच, यदि अमेरिकी शुल्क के मोर्चे पर तनाव बढ़ता है, तो बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। वहीं कंपनियों के बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजों की वजह से बाजार में शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को मार्च तिमाही का नतीजा घोषित किया है। तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 18,835 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, बैंक ने आवास और कॉरपोरेट कर्ज में मूल्य को लेकर चिंता जताई है जिससे उसकी ऋण वृद्धि प्रभावित हो रही है। आईसीआईसीआई बैंक ने शनिवार को मार्च तिमाही में 15.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13,502 करोड़ रुपये के एकीकृत शुद्ध लाभ की घोषणा की है। छुट्टियों की वजह से कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3,395.94 अंक या 4.51 प्रतिशत चढ़ा, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1,023.1 अंक या 4.48 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि 17 अप्रैल को समाप्त पिछले तीन कारोबारी दिनों के दौरान एफआईआई गतिविधियों में स्पष्ट बदलाव देखने को मिला है। तीन कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने नकद बाजार में 14,670 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। उन्होंने कहा कि एफआईआई के रुख में यह बदलाव डॉलर इंडेक्स के 100 से नीचे आने और आगे अमेरिकी मुद्रा में और कमजोरी आने की संभावना की वजह से हुआ है।

बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के भाव टूटे



नयी दिल्ली। सहकारी संस्था नेफेड द्वारा 21 अप्रैल से सोयाबीन की बिक्री करने की अफवाहों तथा गुजरात में मूंगफली की सरकारी बिक्री होने के कारण कारोबारी धारणा प्रभावित होने से बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट के साथ बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि गुजरात में सरकार की ओर से मूंगफली की बिक्री चल रही है। इसके अलावा सोयाबीन की ताजा बिजाई के मौसम से 10-15 दिन पहले नेफेड की ओर से सोयाबीन की बिक्री प्रक्रिया शुरू किये जाने की अफवाह है। इस कदम से कारोबारी धारणा गंभीर रूप से प्रभावित हुई है और सारे तेल-तिलहनों के भाव दबाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मूंगफली पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से 17-18 प्रतिशत नीचे दाम पर बिक रही थी और अब सहकारी संस्था नेफेड की ओर से सोयाबीन की भी बिक्री किये जाने की अफवाह है। इससे बाजार में घबराहट का माहौल है जो तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण है। सूत्रों ने कहा कि इससे पिछले सप्ताह में जिस कच्चे पामतेल का दाम 1,125-1,130 डॉलर प्रति टन था, वह समीक्षाधीन सप्ताह में घटकर 1,100-1,105 डॉलर प्रति टन रह गया है। विदेशों में दाम टूटने और नेफेड की बिकवाली पहल के बीच घबराहटपूर्ण माहौल के कारण पाम-पामोलीन तेल में गिरावट दर्ज हुई। दूसरी ओर, सोयाबीन डीगम का दाम जो पहले 1,105-1,110 डॉलर प्रति टन था वह समीक्षाधीन सप्ताह में बढ़कर 1,115-1,120 डॉलर प्रति टन हो गया है। इसके अलावा सरकार ने सोयाबीन डीगम का आयात शुल्क मूल्य भी 81 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया है। इससे सोयाबीन तेल में और मजबूती की उम्मीद की जा रही थी लेकिन नेफेड की सोयाबीन बिकवाली संबंधी अफवाहों के बीच दाम टूटते दिखे। उन्होंने कहा कि देश के आयातकों की पैसों के मामले में हालत इतनी खराब है कि वे सोयाबीन डीगम तेल को आयात की लागत से भी कम दाम पर बेचने को मजबूर हो चले हैं। इससे सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों में तो गिरावट आई ही, वहीं बाजार में घबराहटपूर्ण माहौल के बीच अन्य सभी तेल-तिलहनों के दाम भी दबाव में आ गये।

पेज एक का शेष

सूर्य किरण

सलाम करता हूं। उन्होंने कहा कि यह एयर शो एक मील का पत्थर है। सेठ ने कहा कि उम्मीद है कि हमें सितंबर में ऐसा ही एक और अद्भुत शो देखने का मौका मिलेगा। यह दो दिवसीय एयर शो शनिवार को रांची में शुरू हुआ और इसका उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में ऊंची उड़ान भरने का जुनून पैदा करना है। बड़ी संख्या में स्कूली छात्र, पर्यटक एवं अन्य लोग एयर शो का आनंद लेने के लिए रविवार को सुबह से ही यहां नामकुम आर्मी ग्राउंड में एकत्र हो गए। अधिकारियों ने बताया कि एयर शो के पहले चरण में सभी नौ विमानों ने करीबी संरचना में उड़ान भरी, जबकि दूसरे चरण में इन विमानों ने जमीन से मात्र 100 फुट की ऊंचाई पर करतब दिखाए। शनिवार को एयर शो में केवल छह विमानों ने भाग लिया था क्योंकि शुक्रवार दोपहर रांची में बारिश और ओलावृष्टि के कारण तीन विमान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि 1996 में गठित एसकेएटी ने भारत और श्रीलंका, म्यांमा, चीन, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात सहित दुनिया भर में 500 से अधिक ऐसे शो किए हैं। उन्होंने कहा कि अपने आदर्श वाक्य सदैव सर्वोत्तम के लिए जानी जाने वाली इस टीम का एयर शो युवाओं को प्रेरित करने और सशस्त्र बलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के भारतीय वायुसेना के कार्यक्रम के तहत किया गया। इस प्रकार का आयोजन 22 और 23 अप्रैल को पटना में भी होगा।

पीएम के

ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसभा में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं। मुख्यमंत्री ने 3 गुणा 660 मेगावाट क्षमता वाली नेवेली, घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना का निरीक्षण किया। इस परियोजना की कुल लागत 21,780.94 करोड़ रुपये है, जिसमें प्रथम यूनिट (660 मेगावाट) की लागत 9,337.68 करोड़ रुपये है। यह परियोजना कोयला मंत्रालय, भारत सरकार और ऊर्जा विभागए उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में संचालित हो रही है। परियोजना का कार्यान्वयन नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड और का संयुक्त उपक्रम द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सीएम ने परियोजना की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने 1 गुणा 660 मेगावाट क्षमता वाली पनकी तापीय विस्तार परियोजना का भी दौरा किया।

फोरलेन सड़क

और इसके बाद राप्ती नदी गोरखपुर के पश्चिम की ओर से बहती है। राप्ती नदी की बाढ़ से बचाव के लिए हावर्ट बांध बना हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में यदि कहीं बाढ़ आ जाती है, तो गोरखपुर महानगर ही महत्वपूर्ण केंद्र होता है जहां से बचाव के कार्य सुगमता से सम्पन्न होते हैं। बाढ़ से शहर के बचाव के लिए दशकों से मांग हो रही थी। वर्ष 2017-18 में इसी क्षेत्र में जब हावर्ट बांध पर राप्ती नदी का लेवल उठ रहा था, तब बाढ़ से बचाव के लिए अत्यन्त संवेदनशील स्थिति बन गई थी। काफी मशक्कत के बाद तटबंध को बचाया जा सकता था। इसे देखते हुए और यातायात की समस्या से भी निजात दिलाने के लिए एक नई व्यवस्था बनाई गई है। इसमें राजघाट से डोमिनगढ़ तक फोरलेन की सड़क बन रही है। डोमिनगढ़ में एक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है।

भारत बनेगा

पक्का गहरा नाला बन रहा है। हार्डिंग ब्रिज के बगल में नया पुल, फैजुल्लागंज को पुराना लखनऊ से जोड़ने वाले पाण्टून सेतु के स्थान पर पक्का पुल बनाने का काम शुरू हो रहा है। ग्रीन कारीडोर बन रहा है। दाऊदनगर में कल्याण मण्डप बन रहा है। जानकीपुरम के सेक्टर एफ मे सिनीयर सिटीजन डे केयर तथा जानकीपुरम विस्तार में बड़ा पुस्तकालय बन रहा है। इंजीनियरिंग कालेज पर ओवर ब्रिज, सहारा स्टेट हेतु अण्डरपास का प्रावधान हम लोगों के लिए बड़ी सौगात है। विधायक डा. बोरा ने रक्षामंत्री को लखनऊ के चतुमुर्खी विकास के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पहले फैजुल्लागंज संक्रामक बीमारियों की चपेट में रहता था। प्रदेश सरकार ने संचारी रोग अभियान की शुरूआत लखनऊ उत्तर क्षेत्र से की और आज यह कह सकते हैं कि संचारी रोगों को कम करने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह के आशीर्वाद से लखनऊ में आज वह सारी सुविधायें मुहैया हो रही हैं जो दुनिया के बड़े शहरों में होती हैं। जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचन्द्र प्रधान, दिवाकर त्रिपाठी, पुष्कर शुक्ला, त्रिलोक अधिकारी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, घनश्याम अग्रवाल, शैलेन्द्र शर्मा अटल, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य, पार्षद रश्मि सिंह, प्रदीप शुक्ला, प्रियंका बाजपेयी, रामूदास कनौजिया सहित उत्तर मण्डल चार के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। संचालन महानगर उपाध्यक्ष डा. विवेक सिंह तोमर ने किया।

गाजा में संघर्ष

हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने सप्ताहांत में 40 से अधिक चरमपंथियों को मार गिराया है।

प्रवेशोत्सव का

विद्यालय प्रमुख तथा अध्यापक विद्यालयों में शासकीय व सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी देंगे। प्रत्येक कक्षा अध्यापक अभिभावकों के साथ उनके पाल्यों के विगत कक्षा के परीक्षाफल को साझा करते हुये उनके द्वारा 'मिशन कोशिश' के अन्तर्गत कम सम्प्राप्ति के सम्बोधों पर किये जा रहे सुधारात्मक शिक्षण क्रिया कलापों को भी साझा करेंगे। विगत कक्षा में सर्वोत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले कक्षाध्यापक, विषयाध्यापक व कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, क्रीडा, एनएसएस, एनसीसी, स्काउटिंग तथा अन्य शिक्षणेतर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं द्वारा विगत वर्ष में प्रतिभादिवस/बस्तामुक्त दिवस या अन्य किसी दिवस/प्रतियोगिता पर तैयार की गई विशिष्ट शैक्षिक सामग्री की प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। इसके साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

रामबन में भारी

को सहायता प्रदान की जा सके। इस समय हमारी प्राथमिकता लोगों की जान बचाना है। यातायात विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि नाशरी और बनिहाल के बीच कई स्थानों पर भूस्खलन, मिट्टी धंसने और पत्थर गिरने की घटनाओं के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। उन्होंने बताया कि राजमार्ग पर बारिश जारी है और लोगों को मौसम में सुधार होने तथा सड़क साफ होने तक मुख्य सड़क पर यात्रा न करने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि 250 किलोमीटर लंबे राजमार्ग के बंद होने के कारण इस पर सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। यह कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला एकमात्र सड़क मार्ग है। अधिकारियों ने बताया कि पंथियाल के पास भी सड़क का एक हिस्सा बह गया है। उन्होंने बताया कि फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्थिति का आकलन करने के लिए बाद में एक बैठक बुलाई है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने त्वरित कार्वाई कर लोगों की जान बचाने के लिए उपायुक्त बसीर उल हक चौधरी के नेतृत्व वाले जिला प्रशासन की सराहना की।

अक्षरधाम मंदिर

साथ-साथ दोनों देशों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के तरीके पर चर्चा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाले भारतीय दल का संभवतः हिस्सा होंगे। मोदी वार्ता के बाद वेंस और उनके साथ आए अमेरिकी अधिकारियों के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनका परिवार दिल्ली में आईटीसी मौर्य शेरेटन होटल में ठहरेगा। अधिकारियों ने बताया कि वेंस और उनका परिवार सोमवार रात जयपुर रवाना होगा। वेंस 22 अप्रैल को आमेर किले सहित कई ऐतिहासिक स्थलों पर जाएंगे। यह किला यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) विश्व धरोहर स्थल है। वेंस दोपहर में जयपुर स्थित राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र में एक सभा को संबोधित करेंगे। वेंस अपने भाषण में अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के शासनकाल में भारत-अमेरिका संबंधों के व्यापक पहलुओं पर बात कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में राजनयिकों, विदेश नीति विशेषज्ञों, भारत सरकार के अधिकारियों और शिक्षाविदों के भाग लेने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनका परिवार संभवतः 23 अप्रैल की सुबह आगरा जाएगा। वे वहां ताजमहल और शिल्पग्राम जाएंगे। शिल्पग्राम विभिन्न भारतीय कलाकृतियों को दर्शाने वाला एक खुला एम्पोरियम है। आगरा की यात्रा के बाद वेंस 23 अप्रैल को जयपुर लौटेंगे। अधिकारियो ने बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनका परिवार 24 अप्रैल को जयपुर से अमेरिका रवाना होंगे। जयपुर में, वेंस भव्य रामबाग पैलेस में ठहरेंगे, जो एक आलीशान होटल है और कभी शाही लोगों का अतिथि गृह हुआ करता था।

अवैध संबंधों

कॉलेज में भर्ती कर दिया। घटना के समय रामगुनी का बेटा आशु अपने दोस्त के यहां ठहरा हुआ था। शनिवार शाम को घायल के बेटे आशु ने रामगोपाल (पिता) एवं गुड्डू (मामा) के विरुद्ध तेजाब डाले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने ईस्टर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईस्टर पर लोगों को बधाई देते हुए रविवार को कामना की कि यह पवित्र अवसर सभी को आशा, नवीनीकरण और करुणा की प्रेरणा दे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सभी को ईस्टर की हार्दिक शुभकामनाएं। यह ईस्टर विशेष है, क्योंकि दुनिया भर में जुबली वर्ष को बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र अवसर प्रत्येक व्यक्ति में आशा, नवीनीकरण और करुणा की प्रेरणा दे। चारों ओर आनंद और सद्भाव हो। जुबली वर्ष 25 वर्षों की अवधि है जिसे पोप द्वारा अनुग्रह, क्षमा और आध्यात्मिक नवीनीकरण के विशेष समय के रूप में घोषित किया जाता है। गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया था लेकिन रविवार के दिन वह फिर से जीवित हो गए थे। इस दिन को ईस्टर के नाम से जाना जाता है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com



आरसीबी ने पंजाब किंग्स को सात विकेट से हराया

आईपीएल 2025 : कोहली और पडिक्कल के अर्धशतक, आरसीबी दस अंक वाली पांच टीम में शामिल

एजेंसी



मुल्लांपुर। कृणाल पंड्या और सुयश शर्मा की उम्दा गेंदबाजी के बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से हरा दिया। पंजाब के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली (नाबाद 73 रन, 54 गेंद, सात चौके, एक छक्का) और देवदत्त पडिक्कल (61 रन, 35 गेंद, चार छक्के, पांच चौके) के बीच दूसरे विकेट की 103 रन की साझेदारी से सात गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 159 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आरसीबी की टीम पंजाब किंग्स सहित उन पांच टीम में शामिल हो गई जिन्होंने अब तक सर्वाधिक 10 अंक जुटाए हैं। पंजाब किंग्स ने इससे पहले छह विकेट पर 157 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनर कृणाल (25 रन पर दो विकेट) और लेग स्पिनर सुयश (26 रन पर दो विकेट) की फिरकी के सामने पंजाब की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और उसका कोई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाया।

सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 33 रन बनाकर पंजाब के शीर्ष स्कोरर रहे जबकि शशांक सिंह ने नाबाद 31 रन बनाए। जोश इंग्लिस (29), मार्को यानसेन (नाबाद 25) और प्रियांश आर्य (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरे आरसीबी ने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (01) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने अर्शदीप की गेंद पर विकेटकीपर इंग्लिस को कैच थमाया। सलामी बल्लेबाज कोहली और पडिक्कल ने इसके बाद पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 54 रन तक पहुंचाया। कोहली ने जेवियर बार्टलेट पर चौका जड़ा जबकि पडिक्कल ने इस तेज गेंदबाज पर छक्का मारा। कोहली ने हरप्रीत बरार का स्वागत दो चौकों के साथ किया और फिर यानसेन के पहले ओवर में भी दो चौके मारे। पडिक्कल ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए युजवेंद्र चहल और बार्टलेट पर छक्के जड़े। उन्होंने चहल की गेंद पर एक रन के साथ 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पडिक्कल ने मार्कस स्टोइनिस की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ 12वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया।

पडिक्कल हालांकि अगले ओवर में हरप्रीत की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर निहाल वढेरा के हाथों लपके गए। कोहली ने यानसेन की गेंद पर एक रन के साथ 43 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। आरसीबी को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 36 रन की दरकार थी। कोहली ने अर्शदीप पर चौका जड़ने के बाद चहल की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ आरसीबी को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। चहल ने हालांकि आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार (12) को यानसेन के हाथों कैच करा दिया। आरसीबी को अंतिम तीन ओवर में 14 रन की जरूरत थी और जितेश शर्मा (नाबाद 11) ने वढेरा पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले पाटीदार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। प्रभसिमरन और प्रियांश ने पंजाब को तेज शुरुआत दिलाई। प्रभसिमरन ने यश दयाल का स्वागत चौके से किया जबकि प्रियांश ने इसी ओवर में छक्का और चौका मारा। प्रभसिमरन ने भुवनेश्वर पर भी तीन चौके मारे। प्रियांश ने जोश हेजलवुड पर दो चौके मारे लेकिन कृणाल की गेंद पर तेज प्रहार करने की कोशिश में गेंद को हवा में लहरा गए और टिम डेविड ने आसान कैच लपका।

प्रभसिमरन ने हेजलवुड पर छक्के के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 62 रन तक पहुंचाया लेकिन कृणाल की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑन पर डेविड को कैच दे बैठे। उन्होंने 17 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा। कप्तान श्रेयस अय्यर भी सिर्फ छह रन बनाने के बाद रोमारियो शेफर्ड पर गेंद पर कृणाल के हाथों लपके गए। निहाल वढेरा (05) भी इसके बाद जोश इंग्लिस के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए जिससे पंजाब का स्कोर चार विकेट पर 76 रन हो गया। इंग्लिस और शशांक ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। इंग्लिस ने शेफर्ड पर दो चौकों के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। इंग्लिस ने कृणाल पर छक्का भी मारा लेकिन सुयश की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हो गए। सुयश ने इसी ओवर में मार्कस स्टोइनिस (01) को भी बोल्ड करके पंजाब को दोहरा झटका दिया। पंजाब ने 15 ओवर में छह विकेट पर 119 रन बनाए। मार्को यानसेन ने सुयश और हेजलवुड पर छक्के मारे लेकिन भुवनेश्वर के दो ओवरों में क्रमशः पांच और सात रन बने जिससे पंजाब की टीम अंतिम पांच ओवर में 38 रन ही बना सकी।

अर्जुन बाबुता 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण से चूके



लीमा (पेरू)। पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे। भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाज्ञ से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा। फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरुआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार भाज्ञ उनके साथ नहीं था और उन्हें फाइनल के शुरू बाहर होना पड़ा। पाटिल के बाहर हो जाने के बावजूद बाबुता शांत रहे और उन्होंने 14वें शॉट के बाद पहली बार बढ़त ले ली। शेंग ने इसके बाद अच्छी वापसी की।

बाबुता को एक समय 0.3 अंक की मामूली बढ़त हासिल थी लेकिन चीन के निशानेबाज में 10.9 अंक का निशाना साधकर बढ़त बना दी। बाबुता का अंतिम स्कोर 10.5 फिर से बढ़त हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था, क्योंकि शेंग ने 10.3 के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम पक्का कर दिया। इससे पहले क्वालीफिकेशन में बाबुता ने पहली रिले में 631.9 का मजबूत स्कोर बनाया, जबकि शेंग ने 635.0 के साथ सहजता से शीर्ष स्थान हासिल किया। पाटिल ने दूसरी रिले में 632.0 का स्कोर बनाकर ग्रुप का नेतृत्व किया और कुल मिलाकर तीसरा स्थान हासिल किया।

संक्षेप

चैंपियनशिप : मुक्केबाजी में भारत की शानदार शुरुआत

अम्मान (जॉर्डन)। भारत ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हार्दिक दहिया और रुद्राक्ष सिंह की जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में हार्दिक (43 किग्रा) ने शनिवार को किर्गिस्तान के कुबनिचबेक बोलुशोव को 5-0 से हराया। रुद्राक्ष (46 किग्रा) ने इसके बाद मंगोलिया के इब्राहिम मराल को 5-0 से आसानी से हराया। यह पहली प्रतियोगिता है जिसका आयोजन एशियाई मुक्केबाजी कर रहा है। इसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन हासिल है। भारत ने टूर्नामेंट में 56 सदस्यीय टीम उतारी है।

ओस्टापेंको व सबालेंका सेमीफाइनल में

स्टटगार्ट। जेलेना ओस्टापेंको ने दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक पर अपना दबदबा जारी रखकर पोर्श ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओस्टापेंको ने क्ले-कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में 6-3, 3-6, 6-2 से जीत हासिल की और चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन स्वियातेक के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को 6-0 तक पहुंचा दिया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 6-0, 6-4 से हराया। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने आखिरकार स्टटगार्ट में अपना पहला मैच खेला और अपनी पूर्व युगल जोड़ीदार एलिस मर्टेंस को 6-4, 6-। से हराया। सबालेंका को पहले राउंड में बाई और दूसरे राउंड में वॉकओवर मिला था। उनका अगला मुकाबला जैस्मीन पाओलिनी से होगा, जिन्होंने अपने करियर में पहली बार कोको गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया।

ओडिशा के सभी जिलों में खेलो इंडिया केंद्र का उद्घाटन

भुवनेश्वर। ओडिशा के खेल और युवा मामलों के मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने रविवार को राज्य के सभी 30 जिलों में खेलो इंडिया केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये केंद्र खेल मंत्रालय और राज्य के खेल और युवा मामले विभाग के बीच सहयोग से स्थापित किए गए हैं। मंत्री ने कहा खेलो इंडिया केंद्र जमीनी स्तर पर खेल बुनियादी ढांचे और प्रतिभाओं को विकसित करने के उद्देश्य से खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग देने के अलावा इन केंद्र में फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, खो-खो और कबड्डी जैसे खेलों के खिलाड़ियों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

गुजरात व कोलकाता आज आमने-सामने

एजेंसी



कोलकाता। मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में अपने बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। कोलकाता की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 112 रन के लक्ष्य काफी अच्छा करते हुए 95 रन पर आउट हो गई थी। उसका टीम प्रबंधन बल्लेबाजों की इस खराब प्रदर्शन से निश्चित रूप से चिंता में होगा। कोलकाता ने हालांकि अपने पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को फिर से अपने टीम प्रबंधन से जोड़ा है।

नायर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल में राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच पद से हटा दिया था। कोलकाता ने इसके तुरंत बाद उन्हें अपनी टीम से जोड़ दिया था। केकेआर के पूर्व सहायक कोच नायर की घर वापसी से निश्चित रूप से टीम को प्रोत्साहन मिलेगा, जिसके वर्तमान में सात मैचों में छह अंक हैं और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम पांच मैच जीतने की जरूरत है। नायर ने पहले ही उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर और रमनदीप सिंह जैसे बल्लेबाजों के साथ काम करना शुरू कर दिया है जो इस सत्र की दो कमजोर कड़ी हैं। इस सत्र में 23.75 करोड़ रुपये के साथ टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी अय्यर ने 24.20 की औसत से केवल 121 रन बनाए हैं, जबकि रमनदीप छह पारियों में सिर्फ 29 रन ही बना पाए हैं। आंद्रे रसेल के नाम पांच पारियों में सिर्फ 34 रन दर्ज हैं, जबकि रिंकू सिंह ने 38.66 की औसत से 116 रन बनाए हैं। बल्लेबाजों में केवल कप्तान अजिंक्य रहाणे (221 रन, 2 अर्द्धशतक) और युवा अंगकृष रघुवंशी (170 रन) ने ही अच्छा प्रदर्शन किया है।

शीर्ष क्रम में क्विंटन डी कॉक और सुनील नारायण ने कुछ मैच में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है लेकिन उनके प्रदर्शन में ही निरंतरता का अभाव है। इस मैच के लिए दो पिचें तैयार की गई हैं और एक में घास की अतिरिक्त परत है जिसे काटा नहीं गया है। पिच को लेकर फैसला टीम की रणनीति पर आधारित होगा। कोलकाता का टीम प्रबंधन पहले भी पिच को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुका है क्योंकि टीम को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिल रहा है। शुभमन गिल की अगवाई वाले गुजरात टाइटंस ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इस सत्र में उसे अभी तक केवल दो मैच में हार का सामना करना पड़ा है। उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है जिनमें तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (14 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर (11 विकेट) ने उसकी जीत में अहम भूमिका निभाई है। बल्लेबाजी विभाग में सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन (365 रन) और्रेंज कैप धारक निकोलस पूरन से सिर्फ तीन रन पीछे हैं, जबकि जोस बटलर (315 रन, औसत 63.00) नंबर तीन पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर

लीमा (पेरू)। पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि आर्या बोरसे महिलाओं की स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे। भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाज्ञ से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा। फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरुआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था।

उत्कर्ष सिन्हा बने यूपी टेनपिन बॉलिंग लीग चैंपियन

खेल संवाददाता



लखनऊ। मुरादाबाद के उत्कर्ष सिन्हा ने उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग लीग की विजेता ट्रॉफी रोमांचक फाइनल में कानपुर के पदम वर्धन को 78 पिनफॉल से हराते हुए अपने नाम कर ली। उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन (यूपीटीबीए) के तत्वावधान में

रोमांचक फाइनल में पदम वर्धन को 78 पिनफॉल से दी शिकस्त

लखनऊ के लुलू मॉल स्थित फंटुरा बॉलिंग सेंटर में आयोजित लीग में चार सप्ताह में 24 लीग मैच यानि हर हफ्ते 6-6 गेम खेले गए। उत्कर्ष सिन्हा ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कानपुर के पदम वर्धन को 402-324 से हराया। पहले गेम में उत्कर्ष ने संघर्षपुर्ण मुकाबले के बाद 23 पिन के अंतर के साथ 201-178 से जीत दर्ज की। उत्कर्ष ने दूसरे गेम में दबदबा दिखाते हुए विपक्षी पर दबाव बनाये रखा और 201-146 के स्कोर से जीत के साथ लीग की विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। उत्कर्ष ने मैच में दबाव में संयम, निरंतरता और उत्कृष्टता का परिचय दिया। उन्होंने खिताबी जीत तक के अपने सफर में चौथे स्थान से स्टेपलैडर में प्रवेश करने के बाद शीर्ष तीन खिलाड़ियों को शिकस्त दी। इससे पहले स्टैपलैडर फाइनल्स खेला गया जिसमें लीग राउंड में चौथे स्थान पर रहे उत्कर्ष सिन्हा ने पहले एलिमिनेटर मैच में लखनऊ के सुमित वैश्य को दो गेम में 341-318 से हराया। वहीं दूसरे एलिमिनेटर में उत्कर्ष ने अंतिम फ्रेम में 4 पिनफॉल की बढ़त बनाकर संदीप के खिलाफ 382-378 की जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया था।

इसके अलावा शीर्ष स्थान पर रहते हुए पदम वर्धन ने सीधे फाइनल का टिकट हासिल किया था। दूसरी ओर लीग राउंड के 24 मैचों के बाद कानपुर के पदम वर्धन (4408 पिनफॉल) ने पहले, कानपुर के ही संदीप मारवाह (4322 पिनफॉल) ने दूसरे, लखनऊ के सुमित वैश्य (4315 पिनफॉल) ने तीसरे व मुरादाबाद के उत्कर्ष सिन्हा (4161 पिनफॉल) ने चौथे स्थान पर रहते हुए स्टैपलैडर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया था। यूपीटीबीए के सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि अगले साल इस लीग का और भी भव्य संस्करण आयोजित किया जाएगा।

मुंबई ने चेन्नई को नौ विकेट से हराया



एजेंसी


मुंबई। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 38वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 9 विकेट से हरा दिया। टक ने 18वें सीजन में लगातार तीसरा मैच जीता। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने बॉलिंग चुनी। चेन्नई ने 5 विकेट खोकर 176 रन बनाए। मुंबई ने 15.4 ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। मुंबई से रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव दोनों ने फिफ्टी लगाई।

जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए। चेन्नई से शिवम दुबे ने 50 और रवींद्र जडेजा ने 53 रन बनाए। जडेजा ने 1 विकेट भी लिया। चेन्नई ने सीजन में छठा मैच गंवाया, टीम 2 ही मैच जीत सकी है। दिन के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में 7 विकेट से हरा दिया। आईपीएल के 38वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को

दुबे और जडेजा ने फिफ्टी लगाई बुमराह ने 2 विकेट लिए


177 रन का टारगेट दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने बॉलिंग चुनी। चेन्नई ने 5 विकेट खोकर 176 रन बनाए। शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा दोनों ने फिफ्टी लगाई। मुंबई से जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए। दिन के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में 7 विकेट से हरा दिया। रवींद्र जडेजा और जैमी ओवर्टन ने पारी के 20वें ओवर में ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ 16 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने टीम का स्कोर 176 रन तक पहुंचा दिया। शिवम दुबे ने 50 और रवींद्र जडेजा ने 53 रन बनाए। मुंबई से जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा ने 20वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने ट्रेंट बोल्ट के ओवर की चौथी गेंद पर चौका लगाया और 34 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। चेन्नई ने 19वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। जसप्रीत बुमराह ने ओवर की चौथी गेंद फुल टॉस फेंकी। एमएस धोनी 6 गेंद पर 4 रन बना सके। 17वें ओवर में चेन्नई ने चौथा विकेट गंवाया। ओवर की दूसरी बॉल जसप्रीत बुमराह ने स्लोअर फेंकी। शिवम दुबे बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन डीप मिड विकेट पर कैच हो गए। उन्होंने 32 गेंद पर 50 रन बनाए। शिवम दुबे ने पारी के 16वें ओवर में अपनी फिफ्टी पूरी की। उन्होंने ओवर की पांचवीं गेंद पर सिंगल लिया और 30 गेंद पर हाफ सेंचुरी लगा दी। अश्वनी कुमार के इस ओवर में उन्होंने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर 24 रन बनाए। शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने 15वें ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ ओवर की दूसरी बॉल पर शिवम दुबे ने छक्का लगाया और जडेजा के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। टीम का तीसरा विकेट 63 रन के स्कोर पर गिरा था।


चेन्नई ने 8वें ओवर में तीसरा विकेट भी गंवा दिया। मिचेल सैंटनर ने ओवर की आखिरी बॉल गुड लेंथ पर फ्लाइटेड फेंकी। शेख रशीद सिंगल लेने गए, लेकिन गेंद मिस कर गए। रशीद का पैर आगे निकला, इतने में विकेटकीपर रायन रिकेलटन ने उन्हें स्टंपिंग कर दिया। रशीद ने 20 गेंद पर 19 रन बनाए। आयुष म्हात्रे ने 17 साल की उम्र में डेब्यू किया। वे चेन्नई से डेब्यू करने वाले सबसे युवा प्लेयर बने। आयुष म्हात्रे ने 17 साल की उम्र में डेब्यू किया। वे चेन्नई से डेब्यू करने वाले सबसे युवा प्लेयर बने। चेन्नई ने 7वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की पांचवीं बॉल दीपक चाहर ने बाउंसर फेंकी, आयुष म्हात्रे ने बड़ा शॉट खेला, लेकिन लॉन्ग ऑन पर मिचेल सैंटनर के हाथों कैच हो गए।



उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि रजत उत्सव


देवभूमि उत्तराखण्ड


श्री यमुनोत्री
30 अप्रैल, 2025


श्री गंगोत्री
30 अप्रैल, 2025


श्री केदारनाथ
2 मई, 2025


श्री बदरीनाथ
4 मई, 2025


श्री हेमकुंट साहिब
25 मई, 2025

हरित
चारधाम यात्रा



आप सभी का
हार्दिक स्वागत एवं
अभिनंदन



पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

सुगम एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा

चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न

यमुनोत्री के पास: जानकी चट्टी, हनुमान चट्टी, खरसाली गांव, सप्तऋषि कुंड, पांडव गुफा, लाखा मण्डल, केदारकांठा ट्रैक, राणा चट्टी

गंगोत्री के पास: गौमुख ट्रैक, भोजबासा, तपोवन, सूर्यकुंड व गौरीकुंड, हर्षिल वैली, मुखीमठ (मुखबा), दयारा बुग्याल ट्रैक, गरतांग गली, काशी विश्वनाथ मन्दिर, नचिकेताताल, डौडीताल

केदारनाथ के पास: भैरवनाथ मन्दिर, वासुकीताल, गौरीकुंड, त्रियुगीनारायण मन्दिर, चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला, गुप्तकाशी, देवरियाताल

बदरीनाथ के पास: माणा गांव, व्यास गुफा और गणेश गुफा, भीमशिला, औली, फूलों की घाटी, वसुधारा जलप्रपात, चरणपादुका, तप्तकुंड, नारदकुंड, ज्योतिर्मठ (जोशीमठ), सतोपंथ झील, पाण्डुकेश्वर, आदिबदरी मन्दिर, हेमकुंट साहिब

यात्रा के लिए जरूरी सामान

रेनकोट	सनग्लासेस	पानी की बोतल
मास्क	ग्लूकोस बिस्कुट	लाठी
कोल्ड क्रीम	टार्च	मंकी कैप
मफलर	कैनवास जूते	कैश
मोज़े	सैनिटाइज़र	स्वेटर
छाता	पहचान पत्र	दस्ताने

पंजीकरण के लिए

registrationandtouristcare.uk.gov.in

Toll Free number 0135 1364

Download the App:
touristcareuttarakhand

Google play | Download on the App Store

हेलीकॉप्टर/अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं

www.heliyatra.irctc.co.in

आईआरसीटीसी हेल्पलाइन नं 1800110139
080-44647998/080-35734998

उत्तराखण्ड पर्यटन टोल फ्री नंबर:
1364/0135 3520100

महत्वपूर्ण सूचना

- यात्रा से पूर्व पंजीकरण अवश्य करायें।
- रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज करें।
- धामों पर "दर्शन टोकन" अवश्य प्राप्त करें।
- यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों पर विश्राम करते हुए प्रस्थान करें।
- यात्रा मार्गों पर गंदगी न फैलायें एवं मार्ग को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
- कृपया वाहनों की गति नियंत्रित रखें एवं वाहनों को निर्धारित स्थलों पर ही पार्क करें।
- greencard.uk.gov.in पर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाएं।
- यात्रा के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

स्वास्थ्य का रखें खास ख्याल

- यात्रा आरंभ करने से पहले निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच अवश्य करायें।
- जिन्हें हृदय संबंधी दिक्कतें तथा हाइपरटेंशन है, वे अतिरिक्त सावधान रहें।
- रास्ते में कहीं भी लगे कि आपकी तबीयत ठीक नहीं है तो आगे यात्रा न करें और नजदीकी चिकित्सा केंद्र से संपर्क करें।
- जरुरी दवाइयां, फर्स्ट ऐड किट एवं मेडिकल हिस्ट्री सम्बन्धी रिपोर्ट साथ लेकर चलें।

आपकी यात्रा मंगलमय हो

त्रियुगी नारायण मन्दिर | गरतांग गली | फूलों की घाटी | हर्षिल वैली | देवप्रयाग | ऋषिकेश | औली



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK